mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

राष्ट्रीय मुख्यधारा

RNI : JHAHIN/2014/54374

बोकारो, मंगलवार
16.4.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 74

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

जनता के पैसों की खुलेआम हो रही लूट

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल के दौरे पर हैं। इस दौरान पीएम मोदी पलक्कड़ पहुंचे जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया है। यहां उन्होंने कहा, कि केरल में जनता के पैसों की खुलेआम लूट हो रही है। पीएम मोदी ने केरल के पलक्कड़ में अयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केरल में जनता के पैसों की खुलेआम लूट हो रही है। ये लोग लूटने के लिए भ्रष्टाचार के नए-नए मॉडल लेकर आते हैं। उन्होंने सीपीएम को निशाने पर लिया और कहा कि जिस बैंक में गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अपनी मेहनत के सैकड़ों-करोड़ों रुपये जमा किए, उस बैंक को सीपीएम के लोगों ने लूटकर कंगाल कर दिया। इन लोगों ने तो गरीब की बेटी की शादी को भी संकट में डाल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यहां सीपीएम के मुख्यमंत्री तीन साल से लगातार झूठ बोल रहे हैं कि इस कॉपरेटिव स्कैम पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिल जाएगा। वो तो यह भी झूठ बोल रहे हैं कि दोषियों पर कार्रवाई होगी। पीएम मोदी ने खुद का जिक्र करते हुए कहा कि आपका सेवक ये मोदी है जिसने इस मामले की जांच करवाई। अब तक स्कैम करने वालों की करीब 90 करोड़ की संपत्ति भारत सरकार के

पीएम मोदी ने विपक्ष को लिया निशाने पर

ईडी ने अटैच कर ली है। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले में कानूनी सलाह ले रहा हूं कि जिनके पैसे डूब गए हैं, ऐसे गरीबों को कैसे उनका पैसा वापस करूं? उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार पहले भी देश में 17 हजार करोड़ रुपये ऐसे स्कैम पीड़ितों को वापस दिलवा चुकी है। उन्होंने केरलवासियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मैं कॉपरेटिव स्कैम के पीड़ितों को यह भरोसा दिलाता हूं कि उनका पैसा वापस दिलाने में भाजपा और मेरी सरकार कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। पलक्कड़ में जनसभा को संबोधित कर रहे पीएम मोदी ने कहा, केरल के लोगों ने बीते 10 सालों में देख लिया कि कैसे एनडीए सरकार दुनिया भर में भारत की साख बढ़ाई है। कांग्रेस सरकार ने तो भारत की छवि कमजोर देश की बना दी थी। अब भाजपा सरकार ने भारत को मजबूत देश बनाया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि आज जब कोई भारतीय विदेश जाता है तो उसे सम्मान से देखा जाता है। आज का भारत युद्ध में फंसे अपने नागरिकों को बाहर निकालने की ताकत रखता है। आज का भारत कोरोना जैसी महामारी में भी दूसरे देशों की ओर नहीं देखता है। हम स्वदेशी वैक्सीन बना लेते हैं। अपने देश के साथ-साथ दूसरे देशों की भी सहायता करते हैं। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में जो हुआ, आपको लगता है बहुत कुछ हुआ है, लेकिन मोदी क्या कहता है? मोदी कहता है कि यह ट्रेलर है ट्रेलर। पीएम मोदी ने कहा, कि विकसित होते भारत की पहचान आधुनिक संरचना से भी होगी।

पीएम ने विश्व में पढ़ाया भारत का गौरव, किया देश का ऐतिहासिक विकास : योगी

नवादा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवादा में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में महान देश के रूप में भारत का गौरव बढ़ाया है। देश में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अप्रतिम विकास भी किया ।इस कारण 400 सांसदों के साथ वे तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे । सोमवार को नवादा जिले के अकबरपुर में नवादा लोकसभा के राजग उम्मीदवार विवेक ठाकुर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सांसदों के साथ तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने ,इसके लिए जरूरी है कि विवेक ठाकुर को नवादा से भारी बहुमत के साथ विजय बनाएं ।उन्होंने कहा कि नवादा सप्त ऋषियों की साधना भूमि ,बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ कृष्णा सिंह की जन्मभूमि ,लोकनायक जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि रही है। जिसके लिए यहां के लोग सच्चाई पर भरोसा कर विकसित भारत का सपना पूरा करने में विवेक ठाकुर को भारी बहुमत से जिताएंगे । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों में गरीबी दूर करने के लिए व्यापक कार्य किए हैं । देश की सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज ,60 करोड़ गरीबों को मुफ्त शौचालय, करोड़ों गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्ती इलाज की व्यवस्था,40 करोड़ गरीबों को गैस का मुफ्त कनेक्शन देकर एक बड़ा जन कल्याणकारी कार्य किया है।उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भारत का संविधान लागू नहीं होता था ।

उप्र के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया, अब बिहार की बारी : योगी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पटना/औरंगाबाद

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिहार के औरंगाबाद पहुंचे। उन्होंने यहां औरंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुशील सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया, अब बिहार के लोगों की बारी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण को दौरान राजद एवं सपा पर एक साथ हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट और फैमिली फर्स्ट के बीच होने जा रही है। अच्छा हुआ कि एनडीए को बिहार में और सशक्त बनाने में हमें सफलता प्राप्त हुई। बिहार में लालू यादव के परिवार के लिए ही सीट कम पड़ रही थी। यह परिवार तक ही सीमित हो गए।

परिवार के बाहर सोच है ही नहीं। विकास भी परिवार का, सीट भी परिवार को, योजनाओं का लाभ भी परिवार को ही मिलना है। योगी ने कहा कि एक परिवार बिहार और एक परिवार उत्तर प्रदेश में है। उप्र की जनता उन्हें जवाब दे चुकी है, अब बिहार के लोगों को जवाब देने के लिए तैयार होना है। जातिवादी ताकतों को नकार दें। उप्र मुख्यमंत्री योगी ने केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 50 करोड़ लोगों के जनधन अकाउंट मोदी सरकार में खोल दिए गए हैं। इससे दिल्ली से सरकार कोई पैसा भेजती है तो सीधे अकाउंट में जाए। बीच में कोई दलाल डकैती न डालने पाए। पीएम आवास योजना में चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है।

बचा-खुचा नक्सलवाद भी पांच वर्ष में स्वाहा हो जाएगा

उप्र मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 लगाकर कांग्रेस ने शेष भारत के नागरिकों के कश्मीर जाने को प्रतिबंधित कर दिया था। भारतीय जनसंघ और भाजपा हमेशा नारा लगाती थी कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है। उस सपने को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साकार किया है। अनुच्छेद 370 समाप्त कर कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ा गया। काफी हद तक नक्सलवाद समाप्त हो गया, जो बचा-खुचा है, पांच वर्ष में उसका भी स्वाहा हो जाएगा।

बिहार में स्थानीय भाषा बोल योगी ने किया अभिवादन

इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औरंगाबाद में स्थानीय भाषा में लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर, अंबेश्वरी माता और देवकुंड के पवित्र भूमि के हम नमन करित हईं। आप सबके सादर अभिवादन करित हईं। भगवान भास्कर के किरपा हम सबन पर बनल रहे।

ख़ास ख़बर

दिल्ली शराब घोटाला मामले में के. कविता को बड़ा झटका, कोर्ट ने 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई की हिरासत समाप्त होने के बाद कविता को राउज़ एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। जज कावेरी बावेजा ने उन्हें सीबीआई के मामले में 23 अप्रैल तक जेल भेज दिया। ईडी के मामले में भी उनकी हिरासत 23 अप्रैल तक है। राउज़ एवेन्यू कोर्ट में कविता ने कहा, यह सीबीआई हिरासत नहीं, बल्कि बीजेपी हिरासत है। वे दो साल से बार-बार पूछ रहे हैं, नया कुछ भी नहीं है। सीबीआई ने 11 अप्रैल को कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। उन्हें अगले दिन कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने गवाहों के बयान, व्हाट्सऐप चैट और एक जमीन से संबंधित वित्तीय लेनदेन दस्तावेजों के आधार पर पांच दिन की हिरासत मांगी थी। उन्हें शराब नीति में आरोपी विजय नायर और अन्य के माध्यम से आप को 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने में एक प्रमुख साजिशकर्ता के रूप में माना गया है। अदालत ने कहा था, जांच एजेंसी रिकॉर्ड से यह दिखाने में सक्षम रही है कि मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए अब तक एकत्र किए गए सबूतों और गवाहों से उनका सामना कराने के लिए हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।

चैती छठ पर सूरज को अर्घ्य देने जा रहीं तीन महिलाओं की मौत

रांची। झारखंड के रांची जिले में सोमवार की सुबह सड़क पर बने डिवाइडर से टकराने के बाद एक पिकअप वैन की ट्रैक्टर से टक्कर हो गयी, जिससे उसमें (वैन में) सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा रातुचट्टी इलाके में हुआ। रातु पुलिस थाने के निरीक्षक शशिभूषण चौधरी ने बताया कि ये महिलाएं चैती छठ के मौके पर पूजा के लिए एक जलाशय की ओर जा रही थीं। उन्होंने बताया, तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

इंडोनेशिया में भूस्खलन से 14 ग्रामीणों की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से लगभग 14 लोगों की मौत हो गई और एक अन्य लापता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में चार घर भूस्खलन में दब गए। आधी रात से लगातार हुई भारी बारिश ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। उन्होंने कहा कि बचावकर्मी अभी भी पहाड़ी दक्षिण मकाले गांव में एक लापता ग्रामीण की तलाश कर रहे हैं। हालांकि बिजली की कमी, क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश और भूस्खलन के कारण ताना तोराजा के ऊंचे इलाकों में सड़कें अवरुद्ध होने से बचाव कार्य में बाधा आ रही है।

आम चुनाव में अबतक 4650 करोड़ रुपये की जब्ती

राष्ट्रीय मुख्यधारा।नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने आम चुनावों के दौरान देश में अबतक 4650 करोड़ रुपये की जब्ती की है। यह 75 साल के चुनावी इतिहास में अबतक की सबसे बड़ी जब्ती है। आयोग का कहना है कि आगे भी ऐसी ही तेज गति से कार्रवाई जारी रहेगी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार अबतक 395.39 करोड़ रुपये नकद, 489.31 करोड़ रुपये की शराब, 2068.85 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 562.10 करोड़ रुपये का सोना, 1142.49 करोड़ • की मुफ्त सामग्री जब्त की है। पिछले आम चुनाव के मुकाबले इस बार ड्रग्स और मुफ्त सामग्री में अधिक जब्ती हुई है। आयोग की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल के

खिलाफ ईसीआई की दृढ़ लड़ाई में 4650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है। पूरे 2019 के चुनावों के दौरान 3475 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी। 45 प्रतिशत जब्ती ड्रग्स और नशीले पदार्थों की है, जिन पर आयोग का विशेष ध्यान है।

सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी उज्बेकिस्तान रवाना

- दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा
- सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 18 अप्रैल को देखेंगे सैन्य अभ्यास

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

भारतीय सेना उज्बेकिस्तान गणराज्य के टर्मेज में होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को रवाना हो गई। उज्बेकिस्तानी सेना के साथ 28 अप्रैल तक होने वाला अभ्यास का 5वां संस्करण वार्षिक कार्यक्रम है, जो वैकल्पिक रूप से भारत और उज्बेकिस्तान में हर साल किया जाता है। इसका अंतिम संस्करण पिछले

साल फरवरी में पिथौरागढ़ (भारत) में आयोजित किया गया था। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे भी आज ही उज्बेकिस्तान गणराज्य के लिए चार दिनों की यात्रा पर रवाना हुए हैं। कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' में भारतीय सशस्त्र बल के 60 कर्मी हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व जाट रेजिमेंट की एक बटालियन करेगी, जिसमें 45 जवान होंगे। भारतीय टुकड़ी में वायु सेना के भी 15 कर्मी शामिल होंगे। इसी तरह उज्बेकिस्तानी सेना और वायु सेना की टुकड़ी में 100 कर्मी होंगे। उज्बेकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व दक्षिण-पश्चिम सैन्य जिले के हिस्से और दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के कर्मी करेंगे। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का 18 अप्रैल को टर्मेज में संयुक्त अभ्यास 'डस्टलिक' देखने का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि 'डस्टलिक' अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना, पहाड़ी और अर्ध शहरी इलाकों में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस सामरिक अभ्यास में संयुक्त कमांड पोस्ट का निर्माण, खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, लैंडिंग साइट की सुरक्षा, विशेष हेलीबोर्न संचालन, घेरा और खोज संचालन और अवैध संरचनाओं के विध्वंस शामिल होंगे। एक्सरसाइज डस्टलिक के इस संस्करण की जटिलता को मल्टी डोमेन ऑपरेशन के संचालन के साथ बढ़ाया गया है।

कांग्रेस-वामपंथियों के पास उपलब्धियों के रूप में गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है : मोदी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केरल में एक चुनावी रैली में यूडीएफ और एलडीएफ पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वामपंथियों की विश्वसनीयता ऐसी है कि दशकों के शासन के बाद भी उनके पास अपनी उपलब्धियों के रूप में गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है। मोदी अपने केरल प्रवास के दौरान अलाथुर के बाद आट्टिंगल में दूसरी चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथियों की विश्वसनीयता ऐसी है कि दशकों के शासन के बाद भी उनके पास अपनी उपलब्धियों के रूप में गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है। जब वे लोगों के बीच जाते हैं तो झूठ बोलकर केंद्र सरकार की योजनाओं का श्रेय लेने का प्रयास करते हैं। मोदी ने सवाल किया, "आज केरल के कई हिस्सों में जल संकट पैदा हो गया है। लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इसका श्रेय किसे लेना चाहिए? आज केरल का कॉयर उद्योग बंद होने के कगार पर है। कॉयर उद्योग के श्रमिकों की आजीविका दांव पर है। इसका श्रेय कौन लेगा? उन्होंने भाजपा के हाल में जारी घोषणा पत्र को लेकर कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि हम वैश्विक पर्यटकों को अपनी विरासत से जोड़ेंगे और अपनी विरासत को विश्व विरासत का दर्जा देंगे। केरल में ऐसा होने की बहुत संभावना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की योजना प्रमुख पर्यटन स्थलों का समग्र विकास है। भाजपा केरल में इको-पर्यटन के लिए नए केंद्र भी स्थापित करेगी। इससे हमारे आदिवासी परिवारों को होमस्टे के लिए वित्तीय मदद भी मिलेगी।

मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा : मौसम विभाग

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने सोमवार को बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। मौसम विभाग (IMD) 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। IMD ने बताया कि 2024 में 106% यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज (LPA) 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है। यानी मानसून सीजन में कुल इतनी बारिश होनी चाहिए।

आगामी रामनवमी पर्व 2024 को मद्देनज़र रखते हुए पुलिस अधीक्षक, बोकारो के आदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी चास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास, पुलिस उपाधीक्षक नगर एवं सम्बंधित थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में क्षेत्र भ्रमण एवं फ्लैग मार्च निकाला गया।

बोकारो पुलिस

बोकारो पुलिस सभी जिला वासियों से अपील करती है कि :-

➢ आगामी रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं साथ ही सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ विधि-व्यवस्था बनाए रखने में बोकारो पुलिस का सहयोग करें।

➢ जुलूस प्रदर्शन के दौरान घातक अस्त्रों का प्रयोग न करें साथ ही किसी धर्म को ठेस पहुँचाने वाला संगीत/नारेबाजी का प्रयोग न करें।

➢ किसी भी प्रकार की तथ्यहीन, भ्रामक गलत सूचना/फोटो/विडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया(Facebook/ Twitter (X)/ WhatsApp/ Instagram/ YouTube etc.) पर पर शेयर करने से बचें एवं किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर बनाये गये ग्रुप एडमिन अपने ग्रुप में इस तरह के पोस्ट न होने दें।

➢ बोकारो पुलिस द्वारा ऐसे तथ्यहीन, भ्रामक, गलत सूचना/फोटा/विडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर करनें वाले के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

➢ आप सभी से यह अनुरोध है कि किसी भी अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना हमारे पुलिस कन्ट्रोल रूम के मोबाईल न0-8986660333, 8987860654 पर दें अथवा 100/112 पर कॉल करें।

➢ आप सभी बोकारो वासियों से समाज में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए बोकारो पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है।

!!! बोकारो पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर !!!

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, बोकारो

संक्षिप्त समाचार

रांची में चैती छठ पर सड़क हादसा, सूर्य भगवान को अर्घ्य देने जा रहे तीन लोगों की मौत

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में लोक आस्था के पर्व चैत छठ पर हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा रातू थाना क्षेत्र के काठीटांड़ के शिव मंदिर के पास हुआ। यह लोग भगवान भास्कर को सोमवार सुबह का अर्घ्य देने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्घ्य देने जा रहे लोगों को तालाब लेकर जा रहे एक वाहन ने सड़क की दूसरी ओर जा रहे बालू लदे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। कई लोगों की हालत गंभीर है। रातू पुलिस थाने के निरीक्षक शशिभूषण चौधरी ने हादसे की पुष्टि की है।

हाई कोर्ट ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगायी रोक

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में सिमडेगा थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया पर बाबूलाल मरांडी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिये गये साक्षात्कार को अपलोड किया गया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकर्ताओं ने छह थाना सिमडेगा, रामगढ़, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले को लेकर 25 अगस्त 2023 को सिमडेगा थाना में कांड संख्या 104/ 2023 दर्ज की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से सिमडेगा थाना में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया गया है।

विस अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने झारखंड हाई कोर्ट में दर्ज कराई गवाही

रांची। विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबीन्द्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रतिवादी रबीन्द्र नाथ महतो ने कोर्ट में उपस्थित होकर अपनी गवाही दर्ज कराई। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वे वर्ष 2005, 2014 और 2019 में नाला विधानसभा से चुनाव जीते थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी ओर से स्वच्छ भागीदारी निभाई गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पैम्फलेट छपवाकर दुष्प्रचार करने का जो आरोप लगाया गया है वह गलत है। उन्होंने इस तरह का कोई पैम्फलेट नहीं छपवाया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मुकेश कुमार दुबे ने रबीन्द्रनाथ महतो का प्रतिपरीक्षण किया। वहीं प्रतिवादी रबीन्द्रनाथ महतो के अधिवक्ता अरविंद लाल एवं अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। प्रतिवादी रबीन्द्रनाथ महतो की ओर से यह 9वीं गवाही थी। अगली गवाही अब 18 अप्रैल को होगी। याचिकाकर्ता ने चुनाव याचिका में कहा है कि रबीन्द्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव के दौरान एक पैम्फलेट छपवाया था, जिसमें उनके खिलाफ चुनाव में दुष्प्रचार किया गया, जिससे उनका जनाधार खत्म हुआ है इसलिए रबीन्द्रनाथ महतो का निर्वाचन रद्द किया जाए।

गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की कैद, एक लाख का जुर्माना

रांची। एनडीपीएस मामले के स्पेशल जज दिवाकर पांडेय की अदालत ने सोमवार को गांजा तस्करी मामले के आरोपित सन्नी वर्मा को दोषी पाते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सन्नी वर्मा को सुखदेवनगर थाने की पुलिस टीम ने 14 जून 2018 को गांजा की तस्करी करते पकड़ा था। पुलिस ने उसके पास से एक किलो 75 ग्राम गांजा बरामद किया था। मामले में सुखदेव नगर थाना में सन्नी के खिलाफ खुफिया अधिकारी राहुल कुमार त्रिपाठी ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले की सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक बशिष्ट प्रसाद ने अदालत से कहा कि आरोपित के अपराध की गंभीरता और समाज पर इसके पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस मामले में जांच अधिकारी सहित आठ गवाहों की गवाही दर्ज कराई गई थी।

झारखंड हाई कोर्ट ने लेक्चरर नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार और जेपीएससी से मांगा विस्तृत जवाब

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 2008 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में 600 से अधिक लेक्चरर नियुक्ति को चुनौती देने वाली डॉ मीना कुमारी और अन्य की याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से लेक्चर नियुक्ति से संबंधित विषय पर विस्तृत जवाब मांगा है। जेपीएससी से अधिवक्ता संजय पिपरववाल एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। इससे पहले कोर्ट ने जेपीएससी से जानना चाहा कि इस मामले की सीबीआई जांच कैसे दी गई? इस पर जेपीएससी की ओर से बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के आलोक में इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की ओर से बताया गया कि मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, निचली अदालत में यह मामला आरोपितों की उपस्थिति पर चल रहा है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका अभी भी अस्तित्व में है, इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में अभी भी चल रही है। जेपीएससी एवं सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के निष्पादन के बाद करने का निर्देश दिया। वर्ष 2008-2009 में जेपीएससी की ओर से व्याख्याता पद पर नियुक्ति के लिए रिजल्ट निकाला गया था। इस मामले में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गयी।

उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

रांची। रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोला गया और आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव सहित अन्य मानकों का जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के रख-रखाव के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया।

रांची में रामनवमी को लेकर 16 से 18 अप्रैल तक बदली ट्रैफिक व्यवस्था

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रामनवमी को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसे लेकर रांची ट्रैफिक एसपी ने रविवार रात सूचना जारी की है, जिसमें 16 अप्रैल को रामनवमी को लेकर अखाड़ों से संध्या में झांकी निकलने, 17 अप्रैल को रामनवमी की मुख्य शोभा यात्रा जुलूस और 18 अप्रैल को चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन कार्यक्रम भी निर्धारित है। इसे लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

16 अप्रैल की ट्रैफिक व्यवस्था- मंगलवार को शाम चार बजे से 17 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। वहीं किशोरी यादव चौक से अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार, महाबीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

17 अप्रैल के लिए ट्रैफिक व्यवस्था- 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 18 अप्रैल के सुबह चार बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गों में दोपहर एक बजे से जुलूस समाप्ति तक बदले गए हैं। किशोरी यादव चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक के तरफ से अपर बाजार महाबीर मंदिर चौक एवं सुभाष चौक से अपर बाजार महावीर मंदिर चौक की तरफ सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेंगे एवं उसी जगह से अन्य मार्गों पर परिचालित होंगे। जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पुरुलिया रोड से सर्जना चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। एसएन गांगुली रोड,विष्णु गली, बुधिया गली एवं राधेश्याम गली से मेन रोड आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। उल हाउस के पास मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। कर्बला चौक से रतन पीपी आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक की तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। चुटिया बाजार रोड में दोनों तरफ से वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। राजेन्द्र चौक से ओवरब्रिज, सुजाता चौक की ओर सभी प्रकार के सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। पिस्का मोड़ से रातू रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

18 अप्रैल के लिए ट्रैफिक व्यवस्था- 18 अप्रैल को सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। सभी प्रकार के भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक परिचालित होंगे। साथ ही चैती दुर्गा विसर्जन के दौरान विसर्जन वाले रूट पर आवश्यकतानुसार रूट को डायवर्ट किया जाएगा। रांची शहर के अन्य मार्गों में रामनवमी शोभा यात्रा,जुलूस के आधार पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाएगा।

कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा की जमानत याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज की

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग गैंगरेप मामले में सजायाफ्ता जुनास मुंडा को झारखंड हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने मुंडा की क्रिमिनल अपील पर सोमवार को सुनवाई की। कोर्ट ने जुनास मुंडा की जमानत याचिका खारिज कर दी। खूंटी के सिविल कोर्ट ने 17 मई 2019 को मुंडा को गैंगरेप मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। गैंगरेप का यह मामला जून 2018 का है। आदिवासियों का पत्थलगड़ी आंदोलन चल रहा था। उस समय एक एनजीओ से जुड़ी पांच महिलाएं कोचांग गांव में जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक करने गई थीं। उस दौरान उन्हें अगवा कर गैंगरेप किया गया था। निचली अदालत ने फादर अल्फांसो को घटना का साजिशकर्ता माना था। इस मामले में फादर अल्फांसो के अतिरिक्त जॉन जोनस टुडू, बलराम समद, बाजी समद उर्फ टकला, जोनास मुंडा, अजूब सांडी पूर्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने वापस लेने का निर्देश दिया

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

ईडी की गिरफ्तारी के पहले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद करीब 40 घंटे से अधिक समय तक ट्रेसलेस रहने को लेकर दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में याचिकाकर्ता के आग्रह को देखते हुए जस्टिस रोंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने याचिका वापस लेने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि ईडी ने हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वह अभी बिरसा मुंडा जेल में ईडी की न्यायिक हिरासत में हैं, इसलिए अब इस याचिका की सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के बाद ट्रेसलेस रहने को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार ने हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर सोरेन को ढूंढ कर सामने लाने का अदालत से आग्रह किया था। जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए ईडी ने 10वां समन जारी कर 29 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए समय निर्धारित करने का आदेश दिया था। इसके पहले हेमंत सोरेन 27 जनवरी की शाम रांची से दिल्ली के लिए रवाना हो गये थे। 29 जनवरी को हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर ईडी ने तलाशी ली थी, उस समय हेमंत सोरेन वहां मौजूद नहीं थे। 30 जनवरी को हेमंत सोरेन रांची में नजर आये थे और 31 जनवरी को पूछताछ के क्रम में ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

महागठबंधन के अंदर डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं कल्पना सोरेन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में कल्पना मुर्मू सोरेन की एंट्री झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव है। राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बना है कि वह हेमन्त सोरेन से कम नहीं हैं। कल्पना सोरेन की राजनीतिक सोच और दृष्टि बहुत कुछ बयां करती है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के अंदर भी कल्पना सोरेन डिसीजन मेकर के रूप में जानी जा रही हैं। चाहे सीट बंटवारे का फार्मूला तय करना हो या अन्य हरेक राजनीतिक गतिविधियों पर कल्पना सोरेन की निगाहें रहती हैं। कुछ दिन पहले ही कल्पना सोरेन की महागठबंधन में शामिल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद और अन्य दलों के शीर्षस्थ नेताओं के साथ बैठक हुई थी। इसमें कल्पना सोरेन खुद लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे और अन्य मुद्दों पर वार्ता करती दिखीं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि कल्पना सोरेन कुछ दिन पहले ही दिल्ली जाकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें ढांढस देते दिखी थीं। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे झारखंड के साथ-साथ बाहर दूसरे राज्यों में भी महागठबंधन के साथ मंच साझा करेंगी। शायद यही वजह भी रही होगी कि कल्पना सोरेन महागठबंधन झारखंड में स्टार प्रचारक के रूप में हर जिले का दौरा भी कर रही हैं। बहरहाल लोकसभा चुनाव 2024 का आगामी परिणाम निर्णायक होगा। राज्यवासियों को यही चुनावी परिणाम बताएगा कि राजनीति में वाकई कल्पना सोरेन का बड़ा कद है या फिर कल्पना सोरेन सिर्फ राजनीतिक कल्पनाओं में फीट बैठती हैं। इधर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव कहते हैं कि जिस पार्टी के सरदार ही जेल के अंदर हैं। वे कल्पना के सहारे ही राजनीतिक वापसी का ख्वाब देखेंगे। अब भ्रष्टाचार की आड़ में जेल के अंदर से मिला मार्गदर्शन कितना कारगर साबित होगा, समझ सकते हैं। वैसे जल, जंगल और जमीन की वकालत करने वाले लोगों पर करोड़ों की जमीन घोटाला करने का बड़ा आरोप लगा है। दूसरी ओर झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी में कोई भी नया सदस्य जुड़ता है तो इसका व्यापक लाभ मिलता है। कल्पना सोरेन के आने के बाद निश्चित तौर पर महागठबंधन को संगठनात्मक रूप से लाभ मिल रहा है। वैसे भी उनके पति (पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) के साथ जो अन्याय हुआ है, राज्यवासियों की उनसे भरपूर सहानुभूति है। किसी भी देश या परिवार के साथ हुए अन्याय पर सहानुभूति मिलती ही है।

रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में, ड्रोन से मकानों की छत का किया गया निरीक्षण

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राजधानी रांची में रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में नजर आ रही है। इसी क्रम में रामनवमी पर निकलने वाले जुलूस के मार्ग में स्थित शहर के सभी मकानों की छतों का सोमवार को ड्रोन से निरीक्षण किया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में हिंदपीढ़ी और डेली मार्केट थाना क्षेत्र में ड्रोन से छत का निरीक्षण किया गया। जुलूस में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन की ओर से सभी सावधानी बरती जा रही है। जुलूस के दौरान पत्थरबाजी न हो, इसे लेकर जुलूस मार्ग के सभी मकानों की जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से जांच की जा रही है। जांच के दौरान आठ मकानों की छत पर ईंट और पत्थर मिला, जिसे हटाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उनसे बॉन्ड भी भरवाया गया है। इसके अलावा जुलूस मार्ग और विभिन्न चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए स्थानों का चयन किया गया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि रामनवमी जुलूस पर निगरानी रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से अस्थायी सीसीटीवी कैमरा लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। सभी कैमरों की मॉनिटरिंग कचहरी स्थित कंट्रोल रूम से की जायेगी। सीसीटीवी के जरिये जुलूस पर कड़ी नजर रखी जायेगी। किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जायेगा। सीसीटीवी के जरिये चिह्नित कर उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

लोकसभा चुनाव को लेकर रांची में खुला भाजपा का मीडिया सेंटर

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने किया सेंटर का उद्घाटन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

प्रदेश भाजपा द्वारा सोमवार को रांची के हरमू रोड स्थित मारू टावर में लोकसभा चुनाव के निमित मीडिया सेंटर का शुभारम्भ किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश प्रभारी सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने संयुक्त रूप से फीता काट एवं नारियल फोड़ उद्धघाटन किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है और उन पर विश्वास भी करती है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव में एनडीए प्रदेश की 14 की 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में यह चुनाव 4 चरणों में है इस कारण करीब दो महीने चलेगा। पत्रकारों को परेशानी नहीं हो इसके लिए मीडिया सेंटर का शुभारम्भ किया गया है।

वहीं प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पत्रकार अब मीडिया सेंटर से ही पार्टी की गतिविधियों,नेताओं का प्रवास सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी ले सकेंगे।

चुनाव तक संवादाता सम्मेलन का आयोजन भी इसी सेंटर में किया जाएगा तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार बाइट भी यहां आकर ले सकेंगे।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज सिंह, प्रतुल शाहदेव, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, प्रदीप सिन्हा, तारिक इमरान, अजय राय, संदीप वर्मा, मुकेश सिंह, पुरुषोत्तम राय, मृत्युंजय कुमार, प्रिंस कुमार, राजीव राज सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चैती दुर्गा मंदिर से निकला शोभायात्रा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बरहेट

प्रखंड में सोमवार को गुप्ता टोला बरहेट बाजार से चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा मां दुर्गा के सातवें रूप कालरात्रि की पूजा अर्चना के लिए जल भरने हेतु शोभायात्रा निकल गया। कहीं शोभायात्रा गुप्ता टोला के चैती दुर्गा मंदिर से निकलने के बाद बरहेट बाजार के सभी प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर के समीप गुमानी नदी पहुंचकर विधि विधान के साथ कलश में जल लेकर वापस चैती दुर्गा मंदिर पहुंची ,बता दें कि आज मां दुर्गा के सातवें रूप की पूजा अर्चना होगी।

सुबह का अर्घ्य देने चानन घाट पर गया युवक नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब गया

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंज

जिले में सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन सुबह का अर्घ्य देने चानन घाट पर गया युवक नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब गया. गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है.युवक कुछ दोस्तो के साथ छठ घाट पर पहुंचा था.इसी दौरान सभी दोस्तो ने मिलकर गंगा में नहाने का प्लान बनाया इसके बाद सभी गंगा नदी नदी में उतरे . घटना सोमवार को अहले सुबह 6 बजे की है. युवक के गंगा में डूबने की खबर जैसे ही वहां फैली मौके पर मौजूद लोगो ने स्थानीय थाने को इसकी खबर दी.जैसे ही इसकी सूचना मिलते ही साहिबगंज मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनिश पांडे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए. स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को पानी में खोजने का प्रयास लगातार किया जा रहा है. जैसे ही इस बात की खबर एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार को मिली, वह फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और वाटर मोटर बोट की व्यवस्था कराकर युवक को खोजने का प्रयास किया. बताया गया कि जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी राजू कुमार का पुत्र सागर कुमार उम्र 18 वर्ष छठ पर्व के लिए चानन घाट गया था.तभी नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में चला गया और डूब गया. वह कॉलेज का छात्र बताया जाता है.जैसे ही मालूम हुआ कि गंगा नदी में एक युवक डूब गया है.आसपास के इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया.लोगो की भीड़ ने गंगा नदी के किनारे उमड़ पड़ी.परिवार वालो का रो रोकर बुरा हाल है.युवक के धर के लोग साहिबगंज से बाहर रहकर काम करते है.

द्यालय में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में लगी आग, बड़ी हादसा होने से बाल-बाल बचे

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बरहेट

बाजार स्थित उत्क्रमित राजकीय आदर्श कन्या उच्च विद्यालय में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई, जिससे विधालय परिसर में अफरा तफरी मच गया वहीं बाल बाल बची रसोईया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को प्रतिदिन की तरह रसोईया मध्याह्न भोजन बनाने में जुटी हुई थी। इस दौरान गैस सिलेंडर धूं धूं कर जलने लगा ,यह देख रसोईया किचन छोड़कर बाहर भाग आई। रसोईया मुन्नी देवी, अल्पना देवी, ममता देवी, उषा देवी ने बताया कि हम लोग प्रतिदिन के तरह खाना बनाने में जुटे हुए थे। इस दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। जिस कारण सबसे पहले बच्चों को क्लास रूम से बाहर जाने को कहा गया और विद्यालय परिसर को पूर्ण रूप से खाली करा दिया गया। समय रहते ही शिक्षकों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया । प्रधानाध्यापक सुमित्रानंदन भारत कुमार ने बताया रसोईया किचन में खाना बना रही थी कि अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गया, आग देख कर सबसे पहले सभी क्लास में पढ़ रहे बच्चों को विद्यालय परिसर से खाली कराया गया और नाइट्रोजन गैस मंगा कर आग पर काबू पाया जा सका।

संक्षिप्त समाचार

डुमरी पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रक पकड़ा

डुमरी। एसपी गिरिडीह को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला परिवहन के रोकथाम हेतु निर्देशानुसार चलाये जा रहे चेकिंग के दौरान रविवार की सुबह जीटी रोड कुलगो टॉल प्लॉजा के निकट में कोयला लदा एक ट्रक संख्या जेएच 10बीएच 3273 को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डुमरी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में डुमरी थाना के द्वारा पकड़ा गया; उक्त ट्रक में लोड कोयला के संबंध में जिला खनन कार्यालय, गिरिडीह से विधिवत जांच कराया तो पाया गया कि उक्त ट्रक में अवैध कोयला है।इस संबंध में खान निरीक्षक जिला खनन कार्यालय, गिरिडीह के द्वारा अवैध कोयला परिवहन से संबंधित दिये गये आवेदन पर ट्रक के चालक सर्फउद्दीन अंसारी पिता सिराजउद्दीन अंसारी ग्राम परासी थाना गोविन्दपुर जिला धनबाद,मालिक तथा अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार चालक को जेल भेज दिया गया।ट्रक में करीब 25 टन स्टीम कच्चा कोयला लोड है।छापामारी टीम में डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन पुअनि पितरूश केरकेट्टा एवं डुमरी थाना के सशस्त्र बल शामिल था।

भारतीय जन जागरण गांधीवादी पार्टी में कई सदस्य पदाधिकारी प्रतिनियुक्त

लोहरदगा। रविवार को भारतीय जन जागरण गांधीवादी पार्टी में देवेन्द्र साहू की अगुवाई में लोहरदगा में महिला मोर्चा अध्यक्ष कृष्णि देवी, उपाध्यक्ष कमला देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सनोज प्रजापति, सचिव प्रमोद साही,एवं मूल मोर्चा में अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष राजू प्रजापती एवम अजय साहू , एवम प्रदेश सचिव का पदभार किनेश साहू को चयन कर पदाधिकारी नियुक्त किया गया। इस सदस्यता ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मदन प्रजापति रहे।

चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी, टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार

चतरा। चतरा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों और कोयला व्यवसायियों से लेवी वसूलते थे।इनके पास से मेड इन यूएसए लिखे दो पिस्टल, टीएसपीसी पर्चा सहित अन्य समान बरामद किया है। चतरा एसपी विकास पांडेय ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि पिपरवार एवं टण्डवा थाना क्षेत्र में कोयला व्यवसाय तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी। साथ ही कोयलांचल क्षेत्र में कोल परिचालन में लगे हाइवा वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिस कारण कोल-व्यवसायियों तथा आमजन में भय व्याप्त था। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए टण्डवा एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। एसआईटी की टीम ने लगातार छापामारी कर टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मसी तिग्गा, विफा उरांव, विकास उरांव और किरण नगरवाल के रूप में हुई है। सभी टंडवा और पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा जिला के टण्डवा, पिपरवार, रांची जिला के खलारी, मैक्लुस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में खनन एवं विकास कार्यों से जुड़े व्यवसायियों से लेवी वसूली की घटनाओं में शामिल थे। हाल ही में पिपरवार थाना क्षेत्र के सेंगाबिलारी गांव में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाइवा में आगजनी और जामडीह गांव स्थित श्री इन्टरप्राइजेज कम्पनी के हाइवा वाहन में आगजनी की घटना को भी अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि पूछताछ में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों की पहचान की गयी है। साथ ही ये भी पता चला है कि नये लड़कों को संगठन में शामिल किया जा रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

साहिबंगज में गंगा में नहाने गया युवक डूबा

साहिबगंज। जिले में सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन सोमवार की सुबह का अर्घ्य देने चानन घाट पर गया एक युवक नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब गया। गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है। पता चला है कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर निवासी राजू कुमार का पुत्र सागर कुमार (18) अपने कुछ दोस्तों के साथ छठ घाट पर पहुंचा था। इसी दौरान सभी दोस्तों ने मिलकर गंगा में नहाने का प्लान बनाया। इसके बाद सभी गंगा नदी में उतरे। नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। युवक के गंगा में डूबने की सूचना जैसे ही मिली, मौके पर मौजूद लोगों ने स्थानीय थाने को इसकी सूचना दी। उसके बाद साहिबगंज के मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह व जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनिश पांडे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को पानी में खोजने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार भी घटनास्थल पर पहुंचे। वाटर मोटर बोट के जरिये भी युवक को खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

जेएफटीए में तीन दिवसीय 'पूर्णकालिक ड्रामा फेस्टिवल के तीसरे और आखिर दिन नाटक "हाल बेहाल, घोड़े की नाल" का सफल मंचन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

विजय विजन...चिरंजीत... के एम मिश्र... जैसे नाट्यकारों को शायद ही कोई जानता हो या नाम भी सुना हो...पर इनकी लेखनी में किरदारों को अपने अभिनय का लोहा मनवाने का स्कोप दिखता है....

कडरू स्थित झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ड्रामा फेस्टिवल के दौरान इन तीनों गुमनाम नाट्यकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जेएफटीए के 37 स्टूडेंट्स की टीम ने इनके द्वारा जन्म दिए किरदारों को बीते तीन दिनों में ...तीन अलग अलग नाटकों के माध्यम से मंच पर जीवंत कर दिया...

गौरतलब है कि कडरू स्थित "झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी" के प्रांगण में स्थित जेएफटीए स्टूडियो थिएटर में आयोजित तीन दिवसीय पूर्णकालिक ड्रामा फेस्टिवल के तीसरे दिन नाटक "हाल बेहाल, घोड़े की नाल" का सफल मंचन किया गया।

के एम मिश्र के लेखन व राजीव सिन्हा के निर्देशन में इस नाटक में अभिनय करने वाले कलाकारों में शामिल थे अपराजिता रॉय, अंशु अग्रवाल, मुस्कान मेधा, सोमकांत, शोभित अमन, दीपेंद्र कुमार, निकेश तिग्गा, रौशन अगराल, शिवेंद्र कुमार, चंदन कुमार, सौरभ मंडल, अमित कुमार राज, सोनू रुद्र, प्रशांत ऋषभ, मुकेश प्रमाणिक और नीतीश कुमार गुप्ता

कथासार: नाटक समाज में व्याप्त अंधविश्वास पर सीधा कटाक्ष करता है। जीत लाल नाम के एक बंगाली मानुस एक अंगूठीवाले के झांसे में आ जाता है और अपने पूरे परिवार के लिए काले घोड़े की नाल की बनी अंगूठी खरीद लेता है। अंगूठी धारण के बाद से जीत लाल और उसके भाई के जीवन में भूचाल आ जाता है। जीतलाल पर जहां ऑफिस में काम का बोझ बढ़ जाता है, वहीं भाई नंदू को जेल की हवा खानी पड़ जाती है। आखरी में जाकर उसे अंधविश्वास का एहसास होता है।

जेएफटीए स्टूडियो थिएटर के इस सभागार में प्रत्येक दिन 60 से 70 ऐसे दर्शक जुटे जो वास्तविक तौर पर रंगमंच के पुराने प्रेमी थ, और में होने वाले रंगमंचब्से अवगत नहीं थे...कई दर्शक तो अखबारों में पढ़कर आए...और खुशी खुशी टिकट भी लिया..

स्पॉन्सर शो होने के बावजूद हमने प्रत्येक दिन 1000 - 1200 रुपए की ऑन द स्पॉट टिकट बेची।

प्रत्येक दिन ऑनस्टेज और बैकस्टेज कलाकारों को खालसा फ़ूड कोर्ट की तरफ से रात्रि भोजन भी प्राप्त हुआ, जएस मिनरल वाटर की तरफ से दर्शकों को पानी का बॉटल भी प्राप्त हुआ...और आखरी में मोती महल डीलक्स रेस्टोरेंट की तरफ से सभी 37 प्रतिभागी कलाकारों को मोमेंटो से भी सम्मानित किया गया...

मौके पर डॉक्टर आशुतोष प्रसाद सर, मोनिता सिन्हा मैम, रंजीत बिहारी, मेहुल प्रसाद, डॉक्टर डीके श्रीवास्तव संजय नारायण ने अपनी मौजूदगी से सभी कलाकारों का मनोबल बढ़ाया

रामनवमी को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। डुमरी

रामनवमी में विधि व्यवस्था के संधारण एवं पर्व को शांति एवं सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न कराने के दिशा में आवश्यक विचार विमर्श हेतु सोमवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता डुमरी एसडीएम शहजाद परवेज ने किया जबकि बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ सुमित प्रसाद बीडीओ अन्वेषा ओना सीओ शशि भूषण वर्मा बीडीओ सह सीओ पीरटांड़ मनोज मरांडी इंस्पेक्टर डुमरी मनोज कुमार डुमरी थाना प्रभारी प्रिनन निमियांघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह पीरटांड़,मधुबन,खुखरा थाना प्रभारी सहित प्रमुख उषा देवी भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल,जिवाधन महतो आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी पीरटांड़ उप प्रमुख महेन्द्र महतो जिप सदस्य धनंजय प्रसाद झामुमो नेता बरकत अली,राजकुमार पांडेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक रामनवमी को सौहार्द एवं शांति के वातावरण में संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपेक्षा एवं समाज में अपनी सक्रियता निभाने की अपील की गई साथ ही उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा रामनवमी को लेकर दी गई दिशानिर्देश तथा लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता की जानकारी दी गई। वहीं रामनवमी अखाड़ा जुलूस पूर्व के रूट के अनुसार ही निकालने,आग से जुड़ी कला का प्रदर्शन नही करने,अश्लील व भड़काऊ गीत एवं नारा नहीं लगाने,डीजे नहीं बजाने,जुलूस का वीडियो रिकॉर्डिंग करने,शराब का सेवन नहीं करने,अखाड़ा समिति के सदस्यों का थाना से परिचय पत्र बना लेने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि अनुमंडल स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी जिसपर कोई भी जानकारी साझा किया जा सकता है। बैठक में डुमरी मुखिया शोभा जायसवाल जामतारा मुखिया खेमलाल महतो कल्हाबार मुखिया नूरउद्दीन अंसारी बेरहा सूईयाडीह मुखिया सुबोध यादव,विवेक कुमार, डालोराम महतो,अजीत कुमार युवा कांग्रेस के गंगाधर महतो,सरफराज अहमद गुड्डू उपप्रमुख उपेन्द्र महतो बबलू मुखिया परमेश्वर तुरी,सीताराम तुरी,जगरनाथ ठाकुर,डालेश्वर गोप,राजकमल महतो,डुमरचंद महतो सहित क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि तथा अखाड़ा समिति के सदस्य व प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

बड़कागांव निर्वाचन अधिकारी ने 10 चार पहिया वाहन को थमाई सीजरलिस्ट

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

2024 लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम के नेतृत्व में सोमवार को वाहन कोषांग टीम गठित करके बड़कागांव विधानसभा 22 क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न जगहों से 10 चार पहिया वाहन को सीजर लिस्ट थमाई गई है।

वहीं अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर 150 चार पहिया वाहन कि आवश्यकता है और अभी तक 70 के आसपास ही गाड़ियों का सीजर लिस्ट थमाई गई है। वहीं सीजर लिस्ट गाड़ियों में पिकअप वैन,सवारी गाड़ी, स्कॉर्पियो बोलोरो गाडियां शामिल है।

वाहन कोषांग टीम में मुख्य रूप से बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम , लिपिक रणधीर कुमार के अलावे बड़कागांव अंचलाधिकारी के कर्मचारी शामिल थें।

सौर आधारित सिंचाई प्रणाली का भ्रमण

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की इकाई झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाईटी के जिला परियोजना प्रबंधक एवं सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा जिले के तीन प्रखंडों के सात गांव का भ्रमण किया गया. इस क्रम में,सभी सौर आधारित सिंचाई प्रणाली के लाभुको से बातचीत कर वर्तमान में लगी फसलों तथा भावी फसल के उत्पादन की योजना के बारे में बताया. क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने किसानों से कहा कि सौर प्रणाली का अधिक से अधिक उपयोग कर वर्तमान और अगले फसल मौसम मे वे कृषि उत्पादन में वृद्धि कर अपनी आवश्यकताओं के अलावा आर्थिक रूप से लाभ भी ले पाएंगे. दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण में सहयोगी संस्था शशांका एग्रोटेक के विक्रम प्रधान ने प्रणाली के रख रखाव के बारे में किसानों को बताया. यह कार्यक्रम विशेष केंद्रीय सहायता से जनजातीय उप योजना अंतर्गत जिले के तीन प्रखंडों बुंडू, तमाड व अनगडा में क्रमशः तीन-तीन और एक इकाई अधिष्ठापित की गई है. जिससे गत वर्ष से ही किसान सिंचाई कर कृषि उत्पादन कर रहे हैं.

दो गुटों में मारपीट में एक दर्जन से अधिक लोग घायल, महुंगाईकलां पुलिस छावनी में तब्दील

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

पबजी खेल रहे युवकों द्वारा लड़की को सिटी मारकर इशारा करने को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद दो गुटों में जमकर मारपीट एवं पत्थर बाजी में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, एसआई इंद्रजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण किया गया। घटना बड़कागांव थाना 8 किलोमीटर की दुरी पर स्थित ग्राम महुंगाईकला की है। एक गुट आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरी बहन कूड़ा फेंकने के लिए बाहर निकली तो कुछ मनचले लोग सिटी बजाकर इशारा कर रहे थे। जब मैं अपने आंखों से देखा तो उन लोग से जानकारी लेने का प्रयास किया। लेकिन उल्टा ही वे लोग उग्र होकर मेरे साथ मारपीट करने लगे। वहीं दुसरा गुट का कहना है कि अंबा पोखर भीड़ पर पेड़ के नीचे हमलोग पबजी खेल रहे थे। इसी बीच लड़की के भाई ने आकर हम लोग को यहां बैठने के लिए मना करने के साथ मारपीट करने लगा। इससे पूर्व भी कई जगहों पर बैठने से हम लोग को रोका गया है। देखते ही देखते दोनों ओर से मारपीट होते हुए पथराव शुरू हो गई देखते ही देखते घटनास्थल रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। घटनास्थल पर अप्रत्यारी का माहौल बन गया। इस पथराव में लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर इलाज कराया। समाचार लिखे जाने तक घायलों से पूरी घटना क्रम की जानकारी ली जा रही है। साथ ही साथ रामनवमी महापर्व एवं चुनाव आचार संहिता को देखते हुए घटना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर बनाई गई है। इस पथराव में एक और से अमर कुमार, त्रिवेणी राम, मदन कुमार रवि, अवधेश राम सहित दो महिलाएं घायल हुए हैं। जबकि दूसरे ओर से मोहम्मद तौफीक गुड्डा, मोहम्मद तमीम, मोहम्मद मोसदिक, मोहम्मद रहमतुल्लाह, मोहम्मद मुसद्दीक एवं मोहम्मद आर्यन शामिल है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

डीजे वाले बाबू रामनवमी में तेरा गाना है बैन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रामगढ़

जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत दिग्वार पोचरा गांव में शांति व्यवस्था भंग करने की कोई कोशिश के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार ने संयुक्त रूप से जिला शांति सह निगरानी समिति की बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने रामनवमी जुलूस में डीजे को पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया है। डीसी ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र के सभी पूजा समितियों और अखाड़ों के पदाधिकारी से संपर्क कर उन्हें इसकी सूचना दें। जुलूस में कोई डीजे पकड़ा गया तो आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक उसे छोड़ नहीं जाएगा।

पर्याप्त मात्रा में है पुलिस फोर्स, तीसरी नजर से बचना मुश्किल- डीसी चंदन कुमार ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करेगा तो उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी। जिले में फोर्स और मजिस्ट्रेट की कमी नहीं है। सबसे बड़ी बात की तीसरी आंख सब पर नजर रखेगी। पूजा समितियां के द्वारा कैमरामैन तो रखा गया है, लेकिन हर थाना को एक ड्रोन उपलब्ध कराया गया है। ड्रोन से घरों और छतों का मुआयना होगा। जिस रास्ते से जुलूस निकालने वाला है उस पूरे रास्ते पर कहीं भी ऐसा नहीं होगा जिस पर प्रशासन की नजर नहीं होगी। शांति समिति की बैठक में एसपी डॉ बिमल कुमार ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए पूरा गाइडलाइन जारी किया गया है। पूजा कमेटी को एसडीओ कार्यालय से निर्देश दिए जा चुके हैं। सबसे अहम है कि जुलूस का रास्ता पूरी तरीके से साफ होना चाहिए। रास्ते पर अगर भवन निर्माण से संबंधित कोई सामग्री रखी गई है तो उसे तत्काल हटा लें। जिला पुलिस बल के अलावा सीआरपीएफ के बटालियन भी रामगढ़ में मौजूद है। जुलूस में सुरक्षा के लिए उनका भी प्रयोग किया जाएगा। एसपी ने कहा की पूजा समिति अपने क्षेत्र में रोशनी के पुख्ता इंतजाम करें। जुलूस के समय विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर डाला की कोई भी भ्रामक सूचना न फैलाएं।अगर कहीं कोई घटना घटती है तो उसकी सही सूचना प्रशासन को दें। बैठक में एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में कमेटी के पदाधिकारी से संपर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए हर समिति और अखाड़े के 10 लोगों का नंबर थाना प्रभारी अपने पास रखें। अगर किसी को कोई सूचना देनी हो या कहीं कुछ वारदात हो तो समिति के पदाधिकारी से सबसे पहले संपर्क हो सके और समस्या के निवारण के लिए प्रयास किया जा सके। एसडीओ ने कहा कि जुलूस में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का काम नहीं करना है। अगर जुलूस किसी धार्मिक स्थल से होकर गुजरती है तो वहां भी मर्यादा में ही रहे। आदर्श आचार संहिता लागू है और अगर इस दौरान किसी कानून का उल्लंघन होता है तो कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी। शांति समिति की बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन महालक्ष्मी प्रसाद, सभी थानों के प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिले के प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

कलशयात्रा के साथ हनुमान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा शुरू

तालगड़िया (बोकारो)। चंदनकियारी प्रखंड के नयावन पंचायत अंतर्गत पर्वतपुर गांव में आयोजित श्री श्री हनुमान मंदिर का पुनःप्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। कलश यात्रा में शामिल भक्त विभिन्न गांवों से होते दामोदर नदी के तट पहुंचे, जहां पंडित नारायण पांडेय व ठाकुर लाल पांडेय ने विधि-विधान के साथ संकल्प पाठ, देव-देवी आह्वान आदि संपन्न कराया। इसके उपरांत युवतियां कलश में जल भरकर मंदिर पहुंचे व कलश का स्थापना कराई गई। इसके साथ ही तीनदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। पूजन हवन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अनुष्ठान का समापन 17 अप्रैल को होगा। मंगलवार को अखंड रामायण पाठ तथा 17 अप्रैल रात्रि में भक्ति जागरण होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्रामीण जुटे हुए हैं।

चंद्रपुरा में उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

चंद्रपुरा (बोकारो) : विद्युत नगरी चंद्रपुरा में लोक आस्था के महापर्व चैती छठ सोमवार को दूसरे दिन उगते हुए सूर्य का अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। यहां दामोदर नदी इंटेकवेल के समीप और दामोदर नदी राजाबेड़ा में खास भीड़ रही। सुबह पांच बजे ही छठ घाटों में छठ व्रती श्रद्धालुओं भीड़ जुटने लगी। इस दौरान छठ के गीत सुनाई दे रहे थे। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। छठ व्रतियों स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने उगते हुए सूर्य का अर्घ्य दिया। इसके साथ पारण किया गया और पूजा पाठ कर घाट में ही छठ का प्रसाद का वितरण किया गया।

केंद्रीय विद्यालय में विजेताओं को सम्मानित किया गया

बोकारो थर्मल। बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में सोमवार को डीवीसी द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल एवं विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय को द्वितीय स्थान,भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12 विज्ञान की छात्रा अपूर्वा पाठक को द्वितीय स्थान, पेंटिंग प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य डॉ बीआर डे ने मंच पर प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से व्यक्तित्व का विकास होता है, साथ ही प्रतिभा को उचित मंच उपलब्ध होता है।

नवपत्रिका आगमन के साथ तुपकाडीह में माहौल हुआ भक्तिमय

बोकारो। तुपकाडीह वासंती दुर्गा मंदिर में नवपत्रिका आगमन के साथ ही तथा प्रतिमा का पट खुलते ही माता का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया है। सोमवार को मां कालरात्रि की पूजा हुई। पूजा के कारण पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। मंत्रोच्चारण और ढोल ढाक से इलाका गुंजायमान हो रहा है। कमेटी के सदस्यों ने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की है। इधर रघुवीर दल अखाडा के कलाकार कई खेल दिखाने और झांकी की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि तुपकाडीह का रामनवमी जुलुस देखने के लिए दूर दूर के लोग आते हैं। पूजा कमेटी के अध्यक्ष अनिल दिगार ने बताया कि झंडा जुलुस और अखाड़ा में शांति बनाये रखने के लिए नौजवान स्वयंसेवक रखे गए हैं। सभी पंचायतों के मुखिया, पंसस आमंत्रित किये गए हैं।

23 को चिन्मय मिशन में धूमधाम से मनेगी हनुमान जयंती

बोकारो। बोकारो सहित देश भर में 23 अप्रैल को भगवान हनुमान की जयंती को लेकर आयोजन की तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में चिन्मय मिशन की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में आगामी 23 अप्रैल को शाम 06 से 08 बजे के बीच बोकारो में श्री हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर चिन्मय मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती पवनपुत्र हनुमान लला की पूजा-अर्चना कराएंगी। तत्पश्चात स्वामिनीजी के मार्गदर्शन में सभी श्रद्धालु 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। साथ ही श्रीराम भक्त हनुमानजी के 108 नामों का उच्चारण भी किया जाएगा। कहा जाता है कि हनुमानजी की साधना-आराधना का अर्थ है प्रभु श्रीराम की भी आराधना। हनुमानजी की आराधना से, बल, बुद्धि, विद्या और विनम्रता बढ़ती है।चिन्मय मिशन के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, सचिव हरिहर राउत, कोषाध्यक्ष नरेंद्र के साथ-साथ चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार आदि ने अधिकाधिक नगरवासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

साहिबगंज की अंडर-16 क्रिकेट टीम गोड्डा रवाना

साहिबगंज। जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 टूर्नामेंट के लिए साहिबगंज ज़िला की 16 सदस्यीय टीम सोमवार को बस से गोड्डा रवाना हो गई। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने बताया कि साहिबगंज की टीम का गोड्डा में गोड्डा के साथ जबकि देवघर में गिरिडीह, बोकारो, चतरा व देवघर के साथ मैच होंगे। चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा व जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामना देकर बस स्टैंड से रवाना किया। मौके पर ज़िला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, मो अशफाक आलम, अमित तिवारी, राकेश गुप्ता, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, सुमन सौरभ सहित अन्य मौजूद थे।

सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों की निगहबानी में निकलेगा जुलूस

आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाए बोकारो जिलावासी : उपायुक्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बैठक कर विचार-विमर्श किया। जिले में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिला दंडाधिकारी सह- उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट अशोक कुमार, उपाधीक्षक बोकारो सदर अस्पताल अरविंद कुमार, सहायक आयुक्त उत्पाद उमाशंकर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय उपस्थित थे। बैठक में जिला

दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने सभी लाइसेंसधारी एवं गैर लाइसेंसधारी अखाड़ों की जानकारी दोनों अनुमंडलाधिकारियों से ली। साथ ही निकलने वाले जुलूसों की रूट चार्ट एवं रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों की भी जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसपर दोनों अनुमण्डल पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पूर्व में मनाये गए त्योहारों एवं पूर्व घटित घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त श्रीमती जाधव ने समीक्षा के दौरान जुलूसों की रूट की बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही रूटों की देखरेख हेतु ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमन की व्यवस्था एवं समुचित लाइट की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करें एवं जुलूस रुट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रखें, ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घटे।

सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने पर होगी कड़ी कार्रवाई- डीसी ने जिलावासियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाए जाने की अपील की। डीसी ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का भड़काऊ पोस्ट से बचें। उन्होंने वाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर नियमित रूप से सतत निगरानी करने हेतु निर्देशित किया तथा वाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें से संबंधित आमजनों से अपील की। कहा कि रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए जिले में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किया गया हैं। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए इस सबमें सावधानी बरतें।

जुलूस वाली स्थानों पर मुस्तैद रहेगी एंबुलेंस- डीसी के द्वारा सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार को निर्देश दिया कि जुलूस जहां घूम-घूमकर एकत्रित होगी। उक्त स्थान पर मेडिकल का टीम एवं एंबुलेंस मौजूद रखें। उन्होंने अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिव एवं वॉलंटियर्स के नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने, जुलूस के दौरान उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई करने, लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

जिला प्रशासन ने किया हेल्पलाइन नंबर-

जिला नियंत्रण कक्ष बोकारो - 06542-223475/247891

पुलिस नियंत्रण कक्ष - 100 (टोल फ्री नंबर), 06542-224789

विधि व्यवस्था सूचना - 242266, 222701

अग्निशमन तेनुघाट - 9304953400

अग्निशमन तेनुघाट प्रभारी - 9471338524

अग्निशमन चास प्रभारी - 9304953428, 9973014724

अग्निशमन बोकारो - 9304953427

चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में जीते कई अंतरराष्ट्रीय पदक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

चिन्मय विद्यालय बोकारो के मेधावी छात्र श्रीवत्स चटर्जी, सौम्य साकेत, ओम दिव्यदर्शी, निशांत राज, आदित्य नारायण सिंह ,आयुष तिवारी एवं शिवांश कुमार ने विभिन्न विषयों के ओलंपियाड में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए मेडलों की झड़ी लगा दी है। शिव चटर्जी कक्षा 9वी के छात्र हैं। उसने अंतरराष्ट्रीय फाउंडेशन ऑफ कंप्यूटर ओलिंपियाड में रैंक वन, इंटरनेशनल फाउंडेशन मैथ ओलंपियाड में जोनल रैंक वन, इंटरनेशनल फाउंडेशन साइंस ओलंपियाड में सिल्वर मेडल, इंटरनेशनल फाउंडेशन हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल एवं इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ संस्कृत ओलंपियाड में गोल्ड मेडल लाकर अपनी अनोखी प्रतिभा का परिचय दिया है। वहीं, सौम्य साकेत कक्षा 9वी के छात्र ने इंटरनेशनल फाउंडेशन साइंस ओलंपियाड में रैंक वन, इंटरनेशनल फाउंडेशन

रीजनिंग एंड एप्टीट्यूड ओलंपियाड में जोनल रैंक वन, इंटरनेशनल फाउंडेशन स्पेल टैलेंट ओलंपियाड में गोल्ड मेडल, इंटरनेशनल फाउंडेशन हिंदी ओलंपियाड में सिल्वर मेडल, इंटरनेशनल फाउंडेशन इंग्लिश ओलिंपियाड में ब्रांज एवं इंटरनेशनल फाउंडेशन मैथ ओलंपियाड में सिल्वर मेडल लाकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देकर विद्यालय, शहर, राज्य का नाम रोशन किया। साथ में नौवीं कक्षा के छात्र ओम दिव्यदर्शी ने सिल्वर और ब्रांड मेजर जीते। निशांत राज नवमी के छात्र ने भी दो सिल्वर मेडल जीते, आदित्य नारायण सिंह ने एक सिल्वर दो ब्रॉन्ज मेडल, आयुष तिवारी सिल्वर मेडल एवं शिवांश कुमार ने स्वर्ण पदक जीते।

वहीं, प्राचार्य सूरज शर्मा को भी उनके विशिष्ट योगदान के लिये फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया गया। सभी मेधावी छात्रों को विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने प्रातः विशेष प्रार्थना सभागार में इन सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्वस्थ मस्तिष्क के लिए खेलकूद को अपनाएं बच्चे : बैद

चास रोटरी ने स्कूली बच्चों में खेल सामग्री का किया वितरण

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

रोटरी क्लब चास की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच सोमवार को खेलकूद की सामग्री वितरित की गई। खेल सामग्री पाकर बच्चे काफी प्रफुल्लित हो गए। मौके पर रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि बच्चों को खेल भावना के प्रति जागरूक करने एवं निरंतर खेलकूद का अभ्यास करने के लिए आवश्यक खेलकूद सामग्री उनको उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। कार्यक्रम के संयोजक विनोद चोपड़ा ने कहा कि बच्चों में खेल भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। हम अब खेल में भी अच्छा करियर बना सकते हैं। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है। खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ

मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में ही वास करता है।

रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी चास सदैव सेवा कार्यों में तत्पर रहती है। इसके अंतर्गत आज बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डिंपल ने बताया बच्चों के बीच क्रिकेट बैट, विकेट सेट, कैरेम बोर्ड, शटल, बैडमिंटन रैकेट, कार्क, फुटबॉल, चेस बोर्ड, लूडो, फ्लाइंग डिस्क, स्किपिंग रोप उपलब्ध कराए गए। डिंपल ने कहा कि रोटरी चास आगे भी बच्चों के लिए इस तरह के आयोजन करती रहेगी। खेलकूद का सामान पाकर बच्चे बेहद खुश हुए। स्कूल के वार्डन भागीरथ महतो एवं विद्यालय परिवार ने रोटरी द्वारा किए गए कार्यक्रम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीप, उषा कुमार, कमल तनेजा, अमन मल्लिक, विपिन अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, माधुरी सिंह, किरण कुमार, मुकेश केजरीवाल, रितू केजरीवाल, शैल रस्तोगी आदि की अहम भूमिका रही।

महावीर जयंती पर मांसाहार की बिक्री पर रोक की मांग

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

जैन समाज ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में मांस-मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए एक पत्र उपायुक्त, बोकारो एवं अपर नगर आयुक्त, चास नगर निगम को लिखा है। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद एवं सचिव आलोक कुमार जैन ने संयुक्त रूप से कहा कि महावीर जयंती को पूरे देश में अहिंसा दिवस के रूप में मनाई जाती है। बैद ने कहा कि कई राज्यों में अहिंसा दिवस को देखते हुए मांस मीट पर पूर्णतया प्रतिबंध रहता है। झारखंड जैन तीर्थंकरों की धरती है, इसलिए अहिंसा दिवस को सही मायनों में मनाना उचित रहेगा। जैन समाज के श्यामसुंदर जैन, डॉक्टर महेंद्र जैन, बजरंग लाल चौड़रिया, माणक छल्लानी, सुभाष जैन, विकास जैन, डॉ आकाश जैन, अंकित जैन, चंदन बांठिया, विमल जैन, सुरेंद्र जैन, प्रकाश कोठारी, पीयूष वोरा, अजय जैन, विपुल मेहता, केतन मेहता, तेजस ध्रुव, दीपक जैन आदि ने भी संयुक्त रूप से अहिंसा दिवस पर मांस मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

वासंती दुर्गा पूजोत्सव का पंडाल खुला, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो थर्मल

बोकारो थर्मल में स्थानीय संकट मोचन मंदिर प्रांगण में वासंती दुर्गा पूजोत्सव का आयोजन किया गया है। पूजा को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्र के सप्तमी दिन सोमवार को वासंती दुर्गा पूजा पंडाल का पट कमेटी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला.पूजा पंडाल का पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने कालरात्रि माता दुर्गा की पूजा आराधना की। कालरात्रि की पूजा आराधना आचार्य भागीरथ दूबे तथा पुजारी अजीत मिश्रा के द्वारा करवायी गयी। पूजा पंडाल खुलते ही पंडाल में माता दुर्गा के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी.मौके पर थाना के अवर निरीक्षक बिरेंद्र हांसदा, धनंजय सिंह, अजीत कुमार, कमिटी के प्राण गोपाल सेन, प्रदीप प्रसाद, आनंद यादव, ए गणपति, जसपाल सिंह, ए कार्तिक सहित काफी संख्या में लोग थे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ नर्सिंग की छात्राओं का शपथ-ग्रहण

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

बोकारो जनरल हॉस्पिटल में सोमवार को जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी (जीएनएम) के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ बी.बी. करुणामय, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल के द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ शुरू किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद नीलिमा कुमारी, प्रिंसिपल, स्कूल ऑफ नर्सिंग और नर्सिंग अधीक्षक लिज़ी वर्गीस द्वारा जीएनएम की प्रथम वर्ष की छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. इंद्रनील चौधरी, डॉ. वर्षा घाणेकर और डॉ. सोफिया अहमद, स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं के साथ अन्य वरिष्ठ डॉक्टर और स्टाफ नर्स भी उपस्थित थे।

बोकारो के गंगेश, लव और ब्रह्मानंद को मिला साहित्य भूषण पुरस्कार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

अखिल भारतीय साहित्य परिषद झारखंड प्रदेश सह सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य परिषद के तत्वावधान में तुलसी भवन, बिस्टुपुर, जमशेदपुर में सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इसमें अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जिला शाखा बोकारो के कवि एवं साहित्यकार ब्रह्मानंद गोस्वामी, लव कुमार एवं गंगेश कुमार पाठक को साहित्य भूषण सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य वन संरक्षक, रांची के कुमार मनीष अरविंद ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का आईना होता है और यह आइना दिखाने की क्षमता केवल साहित्यकारों में होती है।

खलील अंसारी कर पाएंगे मतदान एपिक नंबर हुआ जेनरेट-उपायुक्त

सोशल मीडिया में प्रसारित भ्रामक खबरों से बचे- उपायुक्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंज

सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी,सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में सामहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोकसभा चुनाव- 2024,रामनवमी पूजा एवं रामनवमी जुलूस को शांति सौहार्द वातावरण मनाने को लेकर अपील की गई।ज्ञात हो कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मंडरो प्रखंड में मतदान बूथ निरीक्षण के क्रम में खलील अंसारी ऐसे दिव्यांग व्यक्ति पाए गए जो 92 वर्ष के हैं और एक बार भी अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किए हैं। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि उनका फॉर्म 6 भरकर एपिक नंबर जेनरेट किया जा चुका है। एपिक नंबर इस प्रकार हैं MNR79×××37। उपायुक्त ने बताया कि खलील अंसारी पूर्व में बिहार के पूर्णिया जिला में निवास करते थे एवं हाल के दिनों से वह साहेबगंज में रह रहे हैं।उन्होंने बताया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि मतदान बूथ पर मूलभूत सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए।साथ ही यह भी अपील किया गया है की जिनका अभी तक मतदाता सूची में नाम अंकित नहीं है वह फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम डलवा लें। फार्म 6 आवेदन की अंतिम तिथि 4 मई तक निर्धारित की गई है।

रामनवमी पूजा एवं उनके जुलूस पर जगह- जगह बैरिकेड , ड्रोन कैमरा से निगरानी, एसएसबी एवं पुलिस बलों द्वारा मार्गों का निरीक्षण एवं तैनाती, व जिले में लगे सीसीटीवी कैमरा से कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी पत्रकारों से जिले भर की मुख्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली और इसे बेहतर करने के उपाय के बारे मे पत्रकारों से सुझाव लिए।इस मौके पर जिले के सभी पत्रकारों ने जिले के महत्वपूर्ण समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार, मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त होते है। जिनका निराकरण विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है।इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

पंचायती राज पदधिकारी ने किया पंचायत भवन का औचक निरक्षण, रोजगार सेवक को लगाई फटकार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बरहरवा

जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार ने रविवार को बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के पश्चिम बंगाल की सीमा से लगते कई पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया।मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान वह जब अचानक मिर्जापुर पंचायत भवन पहुंचे तो पाया कि, पंचायत के फंड में एनसीईआरटी की जो किताबें पढ़ने के लिए दी गई थी वह किताबें नहीं था। और जो भी थोड़ी बहुत किताबें थी वह कभी पढ़ाया ही नहीं गया। जिस कारण से पंचायती राज पदाधिकारी भी एल डब्लू एवं पंचायत सेवक पर जमकर बरसे साथ ही मुखिया के बैठने की भवन में आवश्यक सामग्रियां भी नहीं थी । इसके अलावे पंचायत भवन में निरीक्षण के दौरान बहुत सारी त्रुटियां पाई गई हैं। उस राशि से मुखिया के भवन की सजावट पंचायत की रंग रौगन के अलावे बहुत सारे सामान नहीं खरीदा गया है।

संक्षिप्त समाचार

चुनाव प्रशिक्षण के तीसरे दिन 1100 कर्मियों को मिला तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण

पलामू। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशि रंजन के आदेश व प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद के निर्देश पर गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में दो पालियों में 1100 कर्मियों को तृतीय मतदान पदाधिकारी का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तृतीय मतदान पदाधिकारी के कार्य व दायित्वों के साथ मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम व सहायक सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन करते हुए कहा कि तृतीय मतदान पदाधिकारी सीयू का बैलेट बटन दबाकर मतदाता को वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में वोट के लिए भेजते हैं। इसलिए उन्हें बहुत सजग व सावधान होकर कार्य करना है। ऐसे में यह प्रशिक्षण उपयोगी व अनिवार्य है। सदर एलआरडीसी श्री प्यारे लाल व छतरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा ने अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। वहीं गौतम कुमार,खिरोधर रविदास, जितेन्द्र कुमार सिंह, विकास सिंह, सत्येन्द्र कुमार, दिनेशचंद्र पासवान,अनिश कुमार सिंह, आशीष रंजन, नितेश कुमार, यमुना पंडा, संजय राम,कुंदन कुमार रंजन,अमर नोनिया,गौरव कुमार, मनोज कुमार अंबेडकर, सुमंत सिंह, बिजेंद्र कुमार, अमरकांत कुमार,भरत सिंह,अजय सिंह, दीपक प्रकाश पाण्डेय, दूधनाथ साहू, निखिल कुमार सिंह,निशिकांत नीरव, निक्सन कुमार, सुनील कुमार सिंह, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, रणविजय ठाकुर, धर्मराज मिश्र,छठी राम,रामदेव विश्वकर्मा, अर्जुन राम , विजय कुमार, निरंजन कुमार दूबे,रवि कुमार,महताब खान, सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय,क्यूम अंसारी, अशोक कुमार, लालकृष्ण भारद्वाज, विष्णुदेव महतो,देवेश पाण्डेय व आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षकों ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया।

कंटेनर और ट्रक में हुई टक्कर, टैंकर का केबिन जलकर खाक

रामगढ़ । रामगढ़ शहर के कोठार फ्लाईओवर के पास कंटेनर और गैस लगे ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में कंटेनर के केबिन में भीषण आग लग गई । जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती कब तक कंटेनर का कैपेसिटर कर खाक हो गया। इस घटना पर टापू पानी में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को घंटा लग गए इस दौरान कई घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर आवागमन बाधित रहा। इस संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कोठार पुल के पास गैस लदे ट्रक में एक कंटेनर ने टक्कर मारी है। इसके बाद कंटेनर के केबिन में आग लग गई। कंटेनर के केबिन में रूक-रूक कर धमाके भी हो रहे थे। इस दौरान ट्रक ड्राइवर ने समझदारी दिखाई और किसी तरह अपनी गाड़ी वहां से हटा ली। तब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी वहां पहुंच गई और कंटेनर के केबिन में लगी भीषण आग को बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, इस घटना में कंटेनर का केबिन जलकर पूरी तरह खाक हो गया। कंटेनर का चालक घायल हो गया जिसका इलाज रामगढ़ सदर अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद कुजू नया मोड़ और कांकेबार बाइपास पर दोनों तरफ ट्रैफिक रूट डायवर्ट कर दिया गया था, ताकि किसी भी तरह की कोई अन्य घटना न हो सके। सबसे राहत की बात यह रही कि गैस लदे गाड़ी को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया।

छापेमरी में 15 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

पाकुड़। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के घाघरजानी में उत्पाद विभाग ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से सोमवार को छापेमारी कर 15 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सन्नी तिर्की को गुप्त सूचना मिली थी कि घाघरजानी में अवैध महुआ शराब बनाकर बेचे जा रहे हैं। इसी सूचना पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से अवर निरीक्षक ने घाघरजानी निवासी बीरेन मंडल के घर में छापेमारी की। जहां पाया गया कि अवैध महुआ शराब बनाए जा रहे थे। मौके से टीम ने 15 लीटर महुआ शराब को जब्त किया है। वहीं बीरेन मंडल को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दस सालों में भाजपा ने महिलाओं का किया है विकासःमिस्फीका

पाकुड़। भाजपा ने 10 साल में महिलाओं के कल्याण व सम्मान के लिए काम किया है। अब आगे उनकी भागीदारी हेतु कार्य करेगी। उक्त बातें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री मिसफीका हसन ने पत्रकारों से प्रेस कांफ्रेंस कर कही। भाजपा के द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु जारी किए गए अपने संकल्प पत्र 2024 के बारे में जानकारी दी। भाजपा नेत्री मिसफिका हसन ने पार्टी के गत 10 वर्षों के सफलतम कार्यों की रूपरेखा खींची दूसरी तरफ चुनाव पश्चात सरकार बनने की स्थिति में पार्टी की भावी योजनाओं के बाबत भी खुलकर जानकारी दी। आज भाजपा ने चुनाव के मद्देनजर अपना संकल्प पत्र 2024 जारी किया है एवं इस संकल्प पत्र की आत्मा सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास के आधार पर कार्य किया जाएगा । उन्होंने कहा कि भाजपा ने गत दस वर्षों में समाज के हर वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर कार्य किया है। जिसमें महिला, युवा, किसान व गरीब वर्ग मुख्य हैं । अपने संबोधन में भाजपा नेत्री ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता हेतु अब तक 10 करोड़ स्वंय सहायता समूह बनाकर उसमे महिलाओं को जोड़ा गया है । इन स्वयं सहायता समूहों को आइ टी सैक्टर, टुरिज्म सैक्टर से जोड़ा जाएगा, वही अब तक एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी योजना के तहत आत्मनिर्भर बनाने का काम किया गया है जिसे बढाकर 3 करोड़ किया जाएगा । किसानो के बाबत कहा गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ किसानो को आगे भी मिलता रहेगा । रेहड़ी पटरी वालों को स्वनिधि योजना से जोड़कर उनको बगैर किसी गारंटी के बैंकों से लोन मुहैया कराया गया है । भाजपा नेत्री ने कहा कि इस बार भी अगर जनता अपना आशीर्वाद देती है तो भाजपा निश्चित रूप से भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को बरकरार रखेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, धर्मेंद्र त्रिवेदी सहित अन्य मौजूद थे।

एसएसजेएस नामधारी कॉलेज में स्वीप के तहत कार्यशाला का आयोजन

कार्यशाला के जरिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गढ़वा

एसएसजेएस नामधारी कॉलेज, गढ़वा में स्वीप कोषांग के द्वारा नैतिक मतदान एवं EVM VVPAT के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहां ईवीएम वीवीपीएटी की पारदर्शिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों ने बारी-बारी कर उक्त विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर द्वारा डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से इसके कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई और बताया गया कि कोई भी मतदाता ईवीएम के माध्यम से मतदान करते समय वीवीपीएटी मशीन पर रियल टाइम में दबाए गए बटन के सामने छपे चुनाव चिन्ह का मिलान कर सकता है। मतदान का यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर मतदाता ध्यान ना दें। स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा एथिकल वोटिंग यानी नैतिक मतदान को लेकर बताया गया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल देश के विकास के लिए अवश्य करना चाहिए। हर एक वोट कीमती है, इसलिए मतदान दिवस के दिन अपने घरों से बाहर आयें और अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। अमीर हो चाहे गरीब सभी वर्ग के पास मतदान करने का अधिकार है, हर एक वोट कीमती है, इसे व्यर्थ न जाने दें। इस दौरान नैतिक मतदान को लेकर कॉलेज के प्रोफेसर एवं कर्मियों के बीच अपनी बातों को रखा गया। उनसे अपील किया कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास में भागीदारी बने। किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आए ना ही किसी के दबाव में आकर वोट करें। अपने मर्जी से पूरी सूझबूझ के साथ मतदान करें। इस दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा C-vigil App, SAKSHAM App एवं Voter Helpline App की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नए मतदाता वोटर हेल्पलाइन App के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं। साथ ही किसी भी प्रकार के सुधार या सहायता के लिए भी इस App का इस्तेमाल कर सकते हैं। C-vigil App के माध्यम से आप चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। C-vigil App के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि चुनाव के दौरान किये जा रहे गड़बड़ी और धांधली आदि की शिकायत सरल तरीके से की जा सकती है, जिसमें शिकायतकर्ता की गोपनीयता भी भंग नहीं होती एवं त्वरित कार्रवाई की जाती है। सरकारी सेवक जो मतदान कार्य मे संलग्न हैं, को भी अपने मतों का उपयोग डाक मतपत्र के द्वारा अवश्य करने की अपील की गई। कार्यशाला में लोगों द्वारा मतदान एवं मतदाता आदि के बारे में कुछ प्रश्न किए गए, जिन्हें स्वीप के तहत कार्यशाला में उन्हें उनके प्रश्नों के उत्तर से अवगत कराया गया एवं संदेह को दूर किया गया। कार्यशाला के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड द्वारा जनहित में जारी मतदाता प्रतिज्ञा का शपथ भी लोगों के बीच दिलाई गई। उक्त मौके पर कॉलेज प्राचार्य, प्रोफेसर गण, कॉलेज के छात्र-छात्रा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक की

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न विधानसभा में गठित कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक कर सभी से जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करने में सहयोग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि आप सब कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स है आपके कॉलेज में आपके जितने भी दोस्त 18 साल के उपर हैं उन सभी से आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि अगर कोई 18 वर्ष से उपर है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें फॉर्म 6 के जरिये अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करने की बात कही। बैठक में डीईओ श्री रंजन ने सभी कैंपस अंबेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न जानकारी यथा ईवीएम,बीयू,सीयू,वीवीपैट,फॉर्म 6, चुनाव आयोग कैसे कार्य करता है से संबंधित विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि वोट हमे समानता का अधिकार देता है,वोट देकर मन में आत्म संतुष्टि की भावना जागृत होती है इससे हम किसी के सामने भी गर्व से कह सकते हैं कि सरकार गठन में हमारा भी मत है हमने भी मतदान किया है।आप अब अपने परिवारजनों, दोस्तों के बीच कुछ इसी प्रकार का संदेश लेकर जाये व उन्हें 13 और 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित करें।मौके पर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता रवि कुमार,प्रभारी पदाधिकारी रश्मि रंजन,उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम समेत अन्य मौजूद रहे।

बाबा भीम राव के आर्दशों पर चलने का एसपी ने दिलाया संकल्प

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पाकुड़

पुलिस केंद्र पाकुड़ में बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जंयती धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानन्द आजाद मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान एसपी ने केक काटकर बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की जंयती को मनाया। एसपी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर संविधान के रचेता थे। उसके आर्दशों पर चलकर समाज को बेहतर दिशा में ले जाने हमारा संकल्प है। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से एसपी व एसडीपीओ को उपहार स्वरूप अम्बेडकर जी का चित्र देकर सम्मनित किया गया। मौके पर परिचारी प्रवर खुशीलाल महतो, अध्यक्ष विजय प्रसाद, राजेश कुमार राम, सूर्य कुमार राय, राजेश कुमार,अखिलेश कुमार, बैधनाथ दास, संजय ठाकुर, लक्ष्मी पासवान, प्रदीप दास सहित अन्य उपस्थित थे।

बढ़ती गर्मी में सावधानी व बचाव जरूरी : उपायुक्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लातेहार

आपदा प्रबंधन विभाग ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी किया है। लातेहार जिले के साथ-साथ झारखंड के अन्य जिलों में हीट वेव की संभावना व्यक्त की गई है। जिले में लगातार बढ़ने तापमान को देखते हुए उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह के द्वारा जिलेवासियों से गर्मी व लू से बचाव के लिए जरूरी एहतियात बरतने की अपील की गई है। वर्तमान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का उपयोग गर्मी के मौसम में करते रहें, ताकि शरीर में पानी के कमी से होने वाली बिमारियों से बचाया जा सके। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं हो सकती है। इससे बचाव को लेकर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। खास कर के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। तापमान में बढ़ोतरी के कारण अत्यधिक गर्मी हो रहा है, ऐसे में बिना जरूरी काम के घरों से न निकलें। गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आम नागरिक अपने दैनिक कार्यक्रमों की सूची बनाने से पूर्व रेडियो, टीवी या अखबार के माध्यम से अपने स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि घर से बाहर निकलते समय गर्म हवाओं व लू के प्रकोप से बचा जा सके।

गर्मी के प्रकोप से बचे रहने के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है-

•क्या करें- आरामदायक कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलें तो बेहतर है कि आप हल्के रंग के ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर व गर्दन पर रखें। अगर तबीयत ठीक न लगे और चक्कर आएं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लिक्विड डाइट का ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें। जैसे की लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना , गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी इत्यादि, मौसमी फलों का जैसे खरबूज, तरबूज, आम, ककड़ी का सेवन जरूर करें। ध्यान दें कि शरीर में पानी की कमी न हो। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दा, शटर आदि का इस्तेमाल करें रात में खिड़कियां खुली रखें।

•क्या न करें- धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़े। खाना बनाते समय कमरे की खिड़की एवं दरवाजे बंद न रखें। शराब, चाय, कॉफी पीने से बचे, जो शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें। साथ ही गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए धूप से सीधे संपर्क में आने से परहेज करें।

फैक्टरी स्थापना को लेकर लगाएंगे अपनी पूरी शक्तिः बीडी राम

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने कहा की उन्हें यदि तीसरा टर्म में कार्य करने का मौका मिला तो पलामू लोकसभा क्षेत्र में जो भी अधूरे कार्य रह गए हैं और निर्माणाधीन हैं उन्हें अमलीजामा पहनाया जायेगा। उन्होंने कहा की क्षेत्र में फैक्टरी स्थापना को लेकर वे अपनी पूरी शक्ति लगाएं। यह बातें पलामू लोक सभा भाजपा के उम्मीदवार बीडी राम ने कही। उन्होंने मोदी की गारंटी-2024 के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की चुनाव घोषणा पत्र में मुफ्त राशन, निशुल्क इलाज और शून्य बिजली बिल सहित कई वादे किए गए है। बताते चलें की भाजपा ने 1973 बैच के आईपीएस अधिकारी विष्णु दयाल राम को लगातार तीसरी बार पलामू लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है. विष्णु दयाल राम 2014 और 2019 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पलामू लोकसभा क्षेत्र से सांसद बने हैं. विष्णु दयाल राम 2007 से 2010 तक झारखंड के डीजीपी थे. पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद, उन्होंने 2014 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ा। बीडी राम ने कहा की महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाना और देश की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे में तेजी से विकास लाना है. भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा. 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा की पार्टी ने अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाने और सेवा क्षेत्र में महिला एसएचजी को एकीकृत करने और महिला एसएचजी उद्यमों के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने की बात कही है. कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को सुविधाजनक बनाया जाएगा, इसके लिए औद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्रों के पास के स्थानों पर विशेष ध्यान देने के साथ कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास, क्रेच आदि जैसे बुनियादी ढांचे का विकास सुनिश्चित किया जाएगा और साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को भी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे. मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा के वरिष्ट नेता श्याम नारायण दुबे, परशुराम ओझा बिपिन बिहारी सिंह के आलावा विभाकर पांडेय, शिव मिश्रा, सोमेश सिंह शामिल थे।

भाकपा ने पलामू लोकसभा से उतारा अपना प्रत्याशी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से पलामू लोकसभा उम्मीदवार के रूप में अभय कुमार भुइयां को सिंबल मिला। पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी के उपस्थिति में रांची राज्य कार्यालय सचिव अजय सिंह द्वारा सिंबल प्रदान किया गया। रुचिर ने बताया कि 23 अप्रैल को सीपीआई के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया नामांकन करेंगे। इसे लेकर किसान मजदूर भाइयों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ गया है। जिला सचिव तिवारी ने कहा कि 23 को सभी कार्यकर्ता नामांकन के दिन शामिल होंगे।

लाखों की अवैध लॉटरी के साथ एक गिरफ्तार किया जेल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पाकुड़

जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र के चौड़ामोड़ चेकपोस्ट के समीप पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक कार से 17 लाख के अवैध लॉटरी के साथ एक को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानन्द आजाद ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। एसडीपीओ ने कहा कि चौड़ामोड़ चेकपोस्ट के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान कोटालपोखर से आ रही आल्टो कार संख्या 10बीएस/5745 की जांच की गई। जांच में 17 लाख के अवैध लॉटरी के साथ हिरणपुर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर निवासी सोनू उर्फ अभिषेक स्वर्णकार को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने कहा कि अवैध लॉटरी मामले में कई लोगों का नाम सामने आया है। पुलिस मामले को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपित को जेल भेज दिया है।

चैती दुर्गा पूजा को लेकर कुँवारी कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पाकुड़

शहर के छोटीअलीगंज स्थित चैती दुर्गा मंदिर में सप्तमी पूजा धुमधाम के साथ किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 108 कुँवारी कन्याएं शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर शहर के भगतपाड़ा, बिरसा चौक होते हुए कालीभाषण पोखर पहुंची। जहां पर पश्चिम बंगाल सैंथिया के पुरोहित नित्य गोपाल चक्रवती ने विधि विधान के साथ कलश में जल भरकर पुनः मंदिर के लिए प्रस्थान किया। मंदिर में विधि विधान के साथ कलश का स्थापना की गई। सप्तमी के दिन माँ का पट खुल गया। मंदिर में मां के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा अर्चना के उपरांत मंदिर में आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा को लेकर कमिटी की ओर से मंदिर व आसपास के क्षेत्र को लाइटिंग से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। चैती दुर्गा पूजा को लेकर मंदिर परिसर में भव्य मेला का आयोजन किया गया।

कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश

अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन से सामान्य संबंध की बात की है। यह महत्त्वपूर्ण तो है ही, बल्कि माध्यम-स्रेत एवं मतदान के लिहाज से भी अनेक संकेत देता है। इसका प्राथमिक संदर्भ तो निश्चित ही भारत और चीन संबंध हैं पर इसके जरिए अमेरिका, रूस और तमाम यूरोपीय देश एवं वैश्विक समूहों-मंचों को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है। इसके अपने सांद्रूभक महत्त्व हैं। देशज मतलब यह हो सकता है कि गलवान में 2020 की हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर हालात सामान्य बनाए जाने पर ही संबंध सुधार की पहली सख्त शर्त एक थकान में बदलने लगी है। 21वें दौर की बातचीत का कोई बड़ा आउटपुट नहीं मिला है। यह विस्तृत सीमा विवाद को सुलझाने की छह दशकों से जारी वार्ता की नियति को प्राप्त हो गई है। विपक्ष को हमलावर होने को मौका मिल रहा है। इससे सत्ता पक्ष की हानि हो सकती है। यह तर्क मान लें तो इससे विपक्ष और हमलावर हो जाएगा जो पहले ही चीन के जमीन हथियाने के मामले में मोदी पर कायर होने का आरोप लगा रहा है। ऐसी स्थिति में नरमियत दिखाना विपक्ष समेत देश एवं चीन को यह मानने का संकेत देना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी झुक गए हैं, जो सही नहीं है। जाहिर है, मोदी जैसे प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेंगे-विवाद का शांतिपूर्ण हल निकालने की स्वाभाविक सदिच्छा के बावजूद। सामान्य संबंध की कामना देश के विकास से जुड़ी होती है, और कोई भी राजनेता इसकी महत्ता से इनकार नहीं कर सकता, लेकिन यह संप्रभुता की कीमत पर नहीं होती।

मोदी जी का आत्म विश्वास,विपक्ष का आत्मघात, जनता है परास्त

पूर्णेन्दु पुष्पेश

लोकतंत्र के चुनावी मेले में, चुनावी बान्ड का खेल तो हो गया है लैकिन लोक सभा के चुनाव में खिलाड़ी कौन जीतेगा कौन हारेगा यह अभी अतीत के गर्भ है।इसके 4 जुन का इंतजार हमे व आपको करना होगा । विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत 'भारत की राजधानी में दिल्ली, दिलवालों की शहर दिल्ली इन दिनों सम्पूर्ण विश्व के लिए चर्चा व चिन्तन-मनन का केन्द्र बना हुआ। राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक मनीषियों के मंथन-मैराथन में व्यस्त है।हो भी क्यूँ नही,दुनिया के सबसे बड़े प्रजातंत्र में आम चुनाव 2024 का महापर्व आ चुका है।भारतीय राजनीति के बदलते परिपेक्ष में घटती घटना क्रम में कई बाते छन-छन कर बाहर निकल कर आ रही है। चुनावी मौसम के मेले में चुनावी बान्ड का खेल क्या है।लोकतंत्र के इस महापर्व मे राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव में हिस्सा लेने व चुनावी खर्च के लिए अपने अपने श्रोतो से चंदा लेने की पुरानी प्रथा थी।जिसको लेकर समय के साथ नियम व तौर तरीके में बदलाव किये जाते रहे है।भारतीय राजनीति में परिवर्तन का दौर आया,केन्द्र में भाजपा व एन डी ए की सरकार बनी,भाजपा व उसकी सहयोगी दलों की बनी केन्द्र सरकार पर भरोसा जताया पुनः सन् 2019 में भाजपा व एन डी ए की सरकार केन्द्र की सता पर प्रचंड बहुमत के साथआसीन हुई।इस बार कई परिवर्तन की ऐसी आँधीआई जिसमे कई संविधान संशोधन व कानून में आमूल चूल परिवर्तन किया गया।इसमें राजनीतिक दलों द्वारा चंदा लेने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया। ताकि राजनीतिक दान देने वाले- चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों के मध्य पारदर्शिता हो।लैकिन यर्थाथ की घरातल पर कुछ अलग ही देखने को मिला।जिसका लाभ राष्ट्रीय चुनावी चंदा लेने में भाजपा ने मारी बाजी, जिसने दिया चंदा उसको भरपूर धंधा मिला। मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ़्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को दिया गया था कश्मीर से लद्दाख तक की सुरंग बनाने क़ा ठेका। विपक्षी दलों के द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर आरोप लगाया। सन 2024 के लोकसभा का चुनावी वर्ष आ गया।चुनाव आयोग द्वारा लोक सभा चुनावों की घोषणा हो गई।उधर विपक्ष द्वारा चुनावी चंदे-चुनाव बाण्ड का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंची।देश की सर्वोच्य न्यायलय द्वारा देश के सबसे बैक एस बी आई से वस्तुस्थिति जाननी चाही तो भारतीय स्टेट बैक द्वारा गोल मटोल जबाब दिया गया।इस पर सर्वोच्च न्यायलय द्वारा शक्त रुख अपनाते हुए आदेश दिया कि एस बी आई चुनाव आयोग को सारी जानकारी तय सीमा के अन्दर उपलब्ध करायें ताकि चुनाव आयोग इसेअपने आधिकारिक वेबसाइट पर चुनावी वॉन्ड का ब्योरा डाले,अन्तोगत्वा ऐसा हुआ - सारी जानकारी सार्वजिक कर द दी गई।इसके बाद ये अब साबित हो चुका है कि लोकतंत्र के चुनावी मेले में चुनावी बान्ड के खेल मे भाजपा को सबसे बडा दूसरे नम्बर पर चंदा देने वाली कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ़्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड है।जिसे उसका इनाम उसे भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा भारत सरकार में सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जोजिला टनल को बनाने के रूप में मिला है।चुनावआयोग ने जैसे ही चुनावी बॉन्ड से जुड़ा डेटा शेयर किया हर कोई इसके विश्लेषण में जुट गया है।विपक्षी खेमा के कान खड़े हो गए। आपको बता दें कि चुनावी चंदा पाने वालों में बीजेपी को सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपये मिले।इसके बाद तृणमूल कांग्रेस को 1,609.50 करोड़ और तीसरे नंबर कांग्रेस को1,421.9 करोड़ रुपये मिले। भारतीय निर्वाचन आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा जारी कर दिया है।वस्तु स्थिति स्पष्ट करने के लिए पिछले घटनाक्रम पर नजर डालते है । सर्व विदित रहे कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने12 मार्च को चुनाव आयोग से इलेक्टोरल बॉन्ड संबंधी डेटा उपलब्ध कराया था। चुनाव आयोग की ओर से डेटा जारी करने के बाद हर कोई ये जानना चाहता है कि किस पार्टी को सबसे ज्यादा चुनावी चंदा मिला,वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर कौन है।इस डेटा के मुताबिक, बीजेपी सबसे ज्यादा चुनावी चंदा हासिल करने वाली पार्टी बनी है।बीजेपी को 60 अरब से ज्यादा का चंदा मिला।हालांकि,दूसरे नंबर देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस नहीं है।अब आप ये जानना चाहते होंगे कि दूसरे नंबर पर कौन सी पार्टी है।बीजेपी चुनावी बॉन्ड पाने वाली सबसे बड़ी पार्टी है।उसे12अप्रैल, 2019 से 24 जनवरी,2024 तक 6,060 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।ये भुनाए गए कुल बॉन्ड का 47.5 फीसदी है।दूसरे नंबर पर ममता बनर्जी की पार्टी ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस(TMC) रही। टीएमसी ने चुनावी चंदे के तहत1,609 करोड़ रुपये प्राप्त किए।उसके बाद कांग्रेस का नंबर रहा,जिसे1,421करोड़ रुपये मिले।इस लिस्ट में अगला नंबर भारत राष्ट्र समिति है।उन्हें 1214 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के तौर पर मिले।इसके बीजू जनता दल है,जिन्हें 775 करोड़ रुपये मिले।बीजेडी के बाद द्रविड़ मुनेत्र कड़गम(डीएमके) है,जिसे 639 करोड़ रुपये चुनावी चंदे में मिला। भारतीय निर्वाचन आयोग(ECI) की ओर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से साझा की गई डिटेल्स के बाद चुनावी बॉन्ड को लेकर यह डेटा जारी किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 15 मार्च तक भारतीय निवार्चन आयोग की वेबसाइट पर इसे सार्वजनिक करने का आदेश दिया था।एस बी आई ने अपने रिपोर्ट में बताया कि अप्रैल 2019 से फरवरी 2024 के बीच अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से 22,217 चुनावी बॉन्ड की खरीद और इस्तेमाल पर पूरा डेटा जारी किया है।इस जानकारी को दो हिस्सों में जारी किया गया है।पहले हिस्से में 336 पन्नों में उन कंपनियों के नाम हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदा है और उसकी राशि की जानकारी भी दी गई है।जबकि दूसरे हिस्से में 426 पन्नों में राजनीतिक दलों के नाम हैं और उन्होंने कब कितनी राशि के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए उसकी विस्तृत जानकारी है।यह जानकारी 12 अप्रैल,2019 से11जनवरी, 2024 के बीच की है।सर्व विदित रहे सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 12 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड की ख़रीद से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था।अदालत ने चुनाव आयोग से इस जानकारी को15मार्च की शाम पांच बजे तक अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का भी निर्देश दिया था।जिसके अनुसार बीजेपी ने इस अवधि में कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है।वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है,जिसने16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है।वहीं सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज़ है।इस कंपनी ने कुल 1368 बॉन्ड खरीदे,जिसकी क़ीमत 13.6 अरब रुपये से अधिक रही। चुनाव आयोग की ओर से जारी चुनावी बॉन्ड इनकैश करवाने वालों की लिस्ट में बीजेपी पहले और ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर है।इस मामले में तीसरे नंबर पर अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति है जिसने14 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है।इसके बाद भारत राष्ट्र समिति ने 12 अरब रुपये और बीजू जनता दल ने 7 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है।इस मामले में पाँचवें और छठे नंबर पर दक्षिण भारत की पार्टियां डीएमके और वाईएसआर कांग्रेस(युवासेना)रहीं। सूची में इन पार्टियों के बाद तेलुगु देशम पार्टी, शिवसेना(राजनीतिक दल), राष्ट्रीय जनता दल,आम आदमी पार्टी,जनता दल (सेक्युलर),सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी, जनसेना पार्टी, अध्यक्ष समाजवादी पार्टी,बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइडेट),झारखंड मुक्ति मोर्चा,' शिरोमणि अकाली दल, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम, शिवसेना, महाराष्ट्रवादी गोमन्तक पार्टी, जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी हैं। वहीं सबसे अधिक कीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों में फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज़ के बाद मेघा इंजीनियरिंग एंड इनफ़्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड दूसरे नंबर पर है। फ़्यूचर गेमिंग ने कुल 1368 बॉन्ड खरीदे जिनकी कीमत1368 करोड़ रुपये थी। वहीं मेघा इंजीनियरिंग ने 966 करोड़ रुपये के कुल 966 बॉन्ड खरीदे।इनके बाद जिन कंपनियों ने सबसे अधिक बॉन्ड खरीदे उनमें क्विकसप्लायर्स चेन प्राइवेट लिमिटेड, हल्दिया एनर्जी लिमिटेड,वेदांता लिमिटेड, एसेल माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, वेस्टर्न यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, केवेंटर फूडपार्क इन्फ़्रा लिमिटेड, मदनलाल लिमिटेड,भारती एयरटेल लिमिटेड, यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, उत्कल अलुमिना इंटरनेशनल लिमिटेड, डीएलएफ़ कमर्शियल डेवलपर्स लिमिटेड, जिंदल स्टील, आईएफ़बी एग्रो लिमिटेड, डॉ.रेड्डी लैबोरेटरीज़ आदि शामिल हैं। लोक सभा के चुनाव प्रथम चरण के शाथ कुछ राज्यों के विधान सभा के चुनाव होने में कुछ दिन शेष है।केन्द्र मे सता के सिंधासन पर आसीन भाजपा व एन डी ए गठबन्धन की सरकार मोदी जी के आत्म विश्वास पर400 पार,विपक्ष का आत्मघात व जनता है परास्त लुकाछुपी के इस खेल में जनता जर्नादन को निर्णय लेना। लोकतंत्र के चुनावी मेले में, चुनावी बान्ड का खेल तो हो गया है लैकिन लोक सभा के चुनाव में खिलाड़ी कौन जीतेगा कौन हारेगा यह अभी अतीत के गर्भ है।इसके 4 जुन का इंतजार हमे व आपको करना होगा । लोकसभा चुनाव के इस समर क्षेत्र का भले ही चुनाव आयोग द्वारा शंखनाद कर दिया है,वही भाजपा व एन डी ए व काँग्रेस व गठबन्धन व अन्य राजनीतिक दलों द्वारा अपनी अपनी दलों के उम्मींदवारों की जीत के दावे किये जा रहे हो,लेकिन असली तस्वीर आगामी 4 जुन को मतगणना के दिन ही होगा।

साहित्य/लोक साहित्य



ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता

गोपियाँ माता यशोदा के पास कान्हा की शिकायत लेकर पहुँचीं हैं और माता से कहतीं हैं कि हे मैया ! तुम्हारा लल्ला हमें बहुत नाच नचाता है। छुप छुप कर आता है और हमारा दधि माखन चुरा लेता है, कुछ खाता है कुछ भूमि पर गिरा देता है और कुछ ग्वाल बालों के बीच लुटा देता है। जब हम पनिघट पर जल भरने जाते हैं तो हमारी गगरी फोड़ देता है, हमारी बाँहें मरोड़ कर चुनरी खींच लेता है, बहुत रार मचाता है। हमें नजर मारता है, हमारी राहें रोक कर हमें बरबस अंग लगता है। इसी प्रसंग पर प्रस्तुत है मेरी ये रचनाः-

हे यशोमती मैया ललन तोहरो,
बड़ नाच हमें तो नचावत हौ ।
हे यशोमती मैया..........
छुप छुप के आकार के कान्हा,
दधि माखन मोर चुरावत हौ ।
कुछ खावत भूमि गिरावत हौ,
कुछ ग्वालन्ह बीच लुटावत हौ ।
हे यशोमती मैया ललन तोहरो.......
जब जाऊँ भरन जल पनिघट पर,
मोर गगरी फोरि गिरावत हौ ।
मोरी बैयाँ मरोरि चुनर खींचत,
कान्हा बहुतहिं रार मचावत हौ ।
हे यशोमती मैया ललन तोहरो.......
छेंकत बाट नजर मोहे मारत,
मों सों नैन लड़ावत हौ ।
अब का का कहौं तोहसे मैया,
हमें बरबस अंग लगावत हौ ।
हे यशोमती मैया ललन तोहरो.......

जनसाधारण को समर्पित है 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी'

डॉ. सौरभ मालवीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से भारतीय राजनीति में अपनी एक ऐसी पहचान स्थापित की है जिसका कोई अन्य उदाहरण दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने भाजपा को निरंतर दस वर्ष केंद्र की सत्ता में बनाए रखा। भाजपा की प्रायः सभी पुरानी घोषणाओं विशेषकर अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिक संशोधन अधिनियम, तीन तलाक, लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने आदि को पूर्ण करके यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा की कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं है। इसीलिए भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र को 'भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी ' नाम से जारी किया है। इस संकल्प पत्र की एक विशेष बात यह भी है कि इसमें भाजपा ने जनता से कोई लुभावना वादा नहीं किया है। भाजपा का संपूर्ण ध्यान जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं विकास पर है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं विकास पर विशेष बल दिया गया है। वास्तव में यह संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं निर्धन वर्ग पर केंद्रित है। इस संकल्प पत्र में जनता को मोदी की गारंटी दी गई है। गरीब परिवारों की सेवा- मोदी की गारंटी, मध्यम-वर्ग परिवारों का विश्वास, नारी शक्ति का सशक्तिकरण, युवाओं को अवसर, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता, किसानों का सम्मान, मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि, श्रमिकों का सम्मान, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्माओं का सशक्तिकरण, सबका साथ सबका विकास, विश्व बंधु भारत, सुरक्षित भारत, समृद्ध भारत, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग, विरासत भी विकास भी, सुशासन, स्वस्थ भारत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल के विकास, सभी क्षेत्रों के समग्र विकास, तकनीक एवं नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल भारत-मोदी की गारंटी सम्मिलित है। इसमें दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की वे पुरानी घोषणाओं को पूर्ण किया, जिन्हें पूर्व की सरकारों ने विवादास्पद बना रखा था। वे सरकारें इन विषयों को स्पर्श भी नहीं कर पा रही थीं। उन्हें लगता था कि ऐसा करने से उनका 'वोट बैंक' उनसे छिन जाएगा। शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस पीड़ित वृद्ध महिला का साथ देने की बजाय उसके पति के साथ खड़ी हो गई। यद्यपि उसने अपनी वृद्ध पत्नी पर अत्याचार करते हुए उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। कट्टरपंथियों के दबाव में कांग्रेस झुक गई। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में विधेयक पास करवाकर शाहबानो जैसी महिलाओं के लिए समस्याएं खड़ी कर थीं। किन्तु यह मोदी का दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से छुटकारा दिलाने के लिए कानून बनाया। उन्होंने ऐसे अनेक कड़े निर्णय लिए। वे किसी भी दबाव के आगे नहीं झुके। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि नरेन्द्र मोदी जैसा मजबूत प्रधानमंत्री ही देश को आगे लेकर जा सकता है। अभी देश में 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का प्रकरण लंबित है। इस संकल्प पत्र के सुशासन की मोदी की गारंटी के द्वितीय बिंदु में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परंपराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि यदि भाजपा को तृतीय बार केंद्र में सत्ता में आने का अवसर मिल जाता है तो वह अपने इन वादों को भी पूर्ण करेगी। भाजपा ने कहा है कि हमारा सुशासन का मूल मंत्र है। हमने पिछले दशक में अपनी नीतियों, तकनीकी के उपयोग और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से देश में सुशासन के नए आयाम कायम किए हैं। हम नागरिक और सरकार के बीच संबंध को निरंतर बेहतर बनाने के लिए संस्थागत सुधार करते रहेंगे और तकनीकी के सही उपयोग से सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। इस संकल्प पत्र में मोदी के दस वर्ष के शासनकाल में हुए कार्यों का आंकड़ों के साथ उल्लेख किया गया है। यद्यपि कोई भी सरकार अपनी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करती है, परंतु भाजपा ने दस वर्षों के कार्यों का उल्लेख किया है। भाजपा अपने चुनाव प्रचार में दस वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर ही जनता से समर्थन मांग रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में हमने समय के हर पल को जनकल्याण के लिए समर्पित करने का प्रयास किया है। पिछले एक दशक में देश आमूलचूल बदलावों का साक्षी बना है। एक तरफ देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ा है तो वहीं देशवासियों के मन में भी एक सकारात्मक बदलाव हुआ है। बड़े लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने की धारणा मजबूत हुई है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दस साल में हम 'फ्रेजाइल-5' अर्थव्यवस्था से 'टॉप-5 अर्थव्यवस्था' बन चुके हैं। देश के अर्थतंत्र में हुए इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ उन देशवासियों को मिला है, जो वाकई जरूरतमंद हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ समाज के गरीब, वंचित और मध्यम वर्ग को मिला है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास केवल हमारा नारा ही नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। दशकों से बुनियादी जरूरतों की पूर्ति से वंचित रहे इन 25 करोड़ लोगों का जीवन स्तर बहुत बेहतर हुआ है। यह गरीबों के खिलाफ हमारी लड़ाई की जीत है। आज ऐसे लोगों तक न सिर्फ आवास, गैस कनेक्शन, शौचालय की सुविधाएं पहुंच रही हैं, बल्कि उससे कहीं आगे नए दौर के ऑप्टिक फाइबर कनेक्शन, डिजिटल समाधान और ड्रोन तकनीक इत्यादि भी इनके अपने हाथों में है। देश में पिछले 10 साल में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों का लाभ हमारी महिला, किसान, मछुआरा समाज, रेहड़ी-पटरी वेंडर्स, छोटे कारोबारियों तथा एससी, एसटी और ओबीसी को मिला है। तकनीक के माध्यम से ये वर्ग लाभान्वित भी हो रहे हैं और सशक्त भी। जनधन-आधार-मोबाईल ट्रिनिटी के कारण इनका लाभांश सीधे इन्हें बिना किसी बिचौलिए के मिलना संभव हुआ है। उन्होंने युवाओं का उल्लेख करते हुए कहा है कि देश के विकास में हमारी युवाशक्ति की भूमिका बहुत बड़ी है। भारत के युवा ने न सिर्फ बड़े सपने देखने की हिम्मत की है, बल्कि अन्तरिक्ष, खेल और स्टार्ट-अप जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बड़े सपने साकार करने के लिए भी उत्कृष्ट कार्य किया है। पिछले दस वर्षों में चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो या उद्यमिता हो, हमारे युवाओं के लिए करोड़ों नए अवसर पैदा हुए हैं। वर्ष 2014 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी थी, उसी समय भाजपा ने 2047 को अपना लक्ष्य बना लिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 2014 में हमें आपका आशीर्वाद और मिला समर्थन मिला तो हम इन बड़े बदलावों को कर पाए। 2019 में पहली बार से बड़ा जनादेश मिला तो विकास की गति और तेजी से आगे बढ़ी। बड़े-बड़े निर्णय लिए गये। आपका आशीर्वाद लेकर अगले पांच साल हम 24 घंटे 2047 के लिए संघर्ष करेंगे, ये मोदी की गारंटी है। वास्तव में भाजपा का यह संकल्प पत्र जन साधारण से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसमें कही गई बातें लोगों को प्रभावित अवश्य करेंगी।

मेष राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा। आज घर के बड़े बुजुर्गों के मान-सम्मान का विशेष ध्यान रखें। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान होगा। मां कात्यायनी को फूल अर्पित करें, शुभ समाचार सुनने को मिलेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और मनोबल के सहारे आप कोई नई उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी किसी नए काम को शुरू करने का उचित समय है। अपनी कार्य कुशलता को बढाने के लिए आप नई तकनीकों का सहारा लेंगे। माँ दुर्गा को लौंग अर्पित करें, सेहत अच्छी रहेगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर हल भी निकाल लेंगे। आज संतान की ओर से कोई शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवारजनों के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम बनेगा। आज मानसिक सुकून बनाए रखने के लिए योगा, मेडिटेशन आदि का सहारा ले। मां दुर्गा को हलवा का भोग लगाएं, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क राशिः आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। अनुभवी लोगों से मेल-मिलाप और नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं। आज कोई भी परेशानी आने पर शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक होगा। वर्तमान परिस्थितियों में समय के अनुसार खुद में भी बदलाव लाने की जरूरत है।

सिंह राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह के गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर अवश्य विचार कर ले। आज किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार से किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आज अधिकतर समय मार्केटिंग और बाहरी गतिविधियों को पूरा करने में ही बीत सकता है।

कन्या राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी और किसी काम में उचित सफलता मिलने से उत्साह और अधिक बढ़ेगा। युवाओं और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की उत्तम संभावनाएं हैं। समय अनुसार कोई भी निर्णय ले। आज जल्दबाजी और आवेश की वजह से किसी कार्य में समय लग सकता हैं। लवमेट आज किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाएंगे।

तुला राशिः आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज कुछ समय आत्म मनन और चिंतन में लगाए। ज्यादा मेहनत की वजह से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, उचित भोजन का ध्यान रखें। आज व्यायाम करें इससें आपके अंदर सकरात्मक ऊर्जा बढ़ेगी। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें और फिजूलखर्चे पर भी नियंत्रण रखें। आज अपनी पूरी ऊर्जा योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगाएं। लेकिन अपनी योजनाएं सार्वजनिक ना करें। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें। आज उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समय बीतेगा। इससे आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज घर की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सबको अनुशासित रखना अति आवश्यक है। आज अपने व्यवसाय की गतिविधियों में भी बदलाव करेंगे।

मकर राशिः आज आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व कृपा प्राप्त होगी और उनके मार्गदर्शन में आप कोई खास निर्णय लेने में आसानी महसूस करेंगे। आज नकारात्मक प्रवृत्ति के मित्रों की किसी भी सलाह पर विश्वास ना करके अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। आज व्यर्थ के खर्चों पर काबू रखना आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी।

कुंभ राशिः आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं खालीपन का एहसास रहेगा। आज सिर्फ सुनी सुनाई और आलोचनात्मक बातों पर ध्यान ना दें और अपनी भावनाओं व क्रोध पर नियंत्रण रखें।

मीन राशिः आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें और उनकी समस्याओं को सुने और सुलझाएं, इससे उनकी आत्म निर्भरता बढ़ेगी। आज व्यवसाय में इस प्रतिस्पर्धा के दौर में बहुत मेहनत और सजग रहने की जरूरत है। आज बाहरी लोगों का अपने कार्यस्थल पर हस्तक्षेप ना होने दें। आज कोई भी निर्णय लेने में समय ना लगाएं। व्यापार में धन लाभ की प्राप्ति होगी।

सूडोकू नवताल- 7037

मध्यम

4	6		3		8	9		7
	1		9		6		5	4
						8		
	4		5				8	
2		5		4		6		1
	3				1		7	
		3						
5	9		7		2		6	
7		6	4		3		9	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -7036 का हल

5	7	2	3	8	4	1	9	6
8	6	1	9	2	5	7	3	4
3	9	4	1	6	7	5	8	2
2	5	7	4	1	3	8	6	9
4	8	6	5	9	2	3	7	1
1	3	9	6	7	8	4	2	5
6	2	3	7	4	1	9	5	8
9	4	5	8	3	6	2	1	7
7	1	8	2	5	9	6	4	3

शब्द सामर्थ्य -028

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं : 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे: 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

1		2	■	■	■	3		
	■		■	4	5		■	■
6	7		8	■		■	■	9
■	10			■	11	12	13	
■	14		■	15				
16		■	■		■	■		■
17			18		■	19		■
	■	■		■	20	■	■	21
22				■	23			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 027 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।

संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह** – बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।

फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com

❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ० यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

संक्षिप्त समाचार

फुलवारी शरीफ में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, हत्या की नीयत से लहरा रहा था कट्टा, पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा

पटना। पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में हत्या की नीयत से हथियार लहरा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। देसी कट्टा और तीन कारतूस बरामद हुआ है।

आरोपी की पहचान कुरकुरी गांव निवासी राकेश कुमार के तौर पर हुई है। फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि राकेश कुमार हथियार के बल पर किसी को हत्या की धमकी दे रहा है। जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही वो भागने लगा, लेकिन खदेड़कर उसे पकड़ लिया। इसके अलावा कुरकुरी गांव से ही शराब तस्करी और बेचने के मामले में तीन युवकों की गिरफ्तारी हुई है। जिसकी पहचान सूरज मांझी, सुखदेव मांझी और मक्कू मांझी के तौर पर है। तीनों पर देसी शराब तैयार कर पास के गांवों में सप्लाई करने का आरोप है।

गंगा में स्नान करने गए तीन युवक डूबे, 2 को लोगों ने बचाया, तीसरे की तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम

पटना। पटना के नदी थाना इलाके अर्घ्य देने पहुंचा एक किशोर नदी में डूब गया, जबकि अन्य दो को लोगों ने बचा लिया।घटना नदी थाना की जटुली गांव की है। दीदारगंज

थाना क्षेत्र के सोनामा गांव निवासी बल्लू (15) पुत्र कल्लू सिंह की चाची और दादी समेत परिवार के 10 से अधिक लोगों ने छठ किया था। सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पूरा परिवार नदी थाना के जेठुली घाट पर आया था। सुबह लगभग सात बजे बल्लू समेत दो अन्य गंगा में नहाने के लिए उतरे। अचानक वह गहरे पानी में समा गया। दो को पानी से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन बल्लू का कुछ पता नहीं चल पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों और एसडीआरएफ को बुलाया। सुबह से खोजबीन की जा रही है लेकिन बल्लू का कुछ भी पता नहीं चल सका है। घाट पर मौजूद परिजनों की चीख पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। उसके पिता बेसुध हो गए। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की तरफ से कोई बैरिकेंडिंग नही की गई थी।

दानापुर में कबाड़ी दुकान में लगी आग, करीब 2 लाख की संपत्ति जलकर राख, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

पटना। दानापुर में नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री मोड़ के पास कबाड़ी गोदाम में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों में आग चारों तरफ फैल गई। गोदाम से धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग की सूचना दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना

में करीब 2 लाख का नुकसान हुआ है। कबाड़ी दुकान के मालिक ने विजय कुमार राय ने बताया की पास के लोहा फैक्ट्री में बेल्डिंग का काम चल रहा था। उसी के चिंगारी से गोदाम में रखे नारियल के छिलके में पहले आग लगी। फिर चारों ओर फैल गई। इस संबंध में अग्निशमन अधिकारी वी.एस यादव ने बताया की कंट्रोल रूम से अगलगी की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही मौके पर तुरंत टीम पहुंची और आग पर काबू पाया।

पटना में ब्यूटी पार्लर में लगी भीषण आग, लाखों रुपए का सामान जलकर राख, फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों ने पाया काबू

पटना। पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में एक ब्यूटी पार्लर में अचानक आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने

पार्लर को अपनी चपेट में ले लिया। आगजानी की घटना में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना अरूणा मार्केट की है। आग लगते ही आसपास के दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्थानीय थाना और फायर ब्रिगेड की टीम को मामले की सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ी मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल ब्यूटी पार्लर के मालिक कुछ भी बोलने से इनकार कर रहे हैं। गर्दनीबाग थाना प्रभारी ने बताया कि नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। आवेदन मिलने के बाद ही स्पष्ट हो जाएगा। आग कैसे लगी, इसकी छानबीन की जा रही है।

CBSE स्कूलों में लंच ब्रेक के अलावा मिलेगा स्नैक्स ब्रेक

पटना। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के स्कूलों में NCERT का अब एक नया कार्यक्रम लागू होने जा रहा है। नई शिक्षा नीति के तहत सीबीएसई स्कूलों में क्लास 3 के लिए फाउंडेशन प्रोग्राम और क्लास 6 के लिए ब्रिज कोर्स जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही नए शैक्षणिक सत्र में लंच ब्रेक के साथ ही स्नैक्स ब्रेक भी दिया जाएगा। 45 मिनट के लंच ब्रेक के अलावा दो से तीन पीरियड के बाद 15 मिनट का स्नैक्स ब्रेक भी मिलेगा। एनसीईआरटी द्वारा जारी ब्रिज कोर्स को लेकर सीबीएसई ने कुछ लिंक जारी किए हैं, जहां से अभिभावक, शिक्षक और छात्र पाठ्यपुस्तकों की पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं।

इसके अलावा बोर्ड ने 10 विषयों के लिंक को स्कूलों को भेजा है। इस ब्रिज कोर्स प्रोग्राम के तहत नए सिलेबस को न सिर्फ छात्रों को तैयार किया जाएगा बल्कि शिक्षकों को भी ट्रेनिंग दी जाएगी।इस प्रोग्राम के लिए विशेष कोर्स मैटेरियल भी जारी किए गए हैं। नए पाठ्यक्रम को बच्चों को कैसे पढ़ाया जाएगा, इसे लेकर हर विषय के लिए घंटे और पीरियड तय किए गए हैं। हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित, व्यावसायिक शिक्षा, कला शिक्षा, शारीरिक शिक्षा एवं कल्याण विषयों की नई पाठ्य पुस्तकें मिलेंगी।

झाड़ियों से संदिग्ध हालत में शव बरामद, कपड़े से हुई पहचान, मृतक के बेटे ने कहा- पिता को भूलने की बीमारी थी

पटना। पटना के दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के खगौल शिवाला मार्ग पर कोठिया ग्रिड के पास सड़क किनारे झाड़ी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव की हालत से लगता है वो काफी पुराना है। झाड़ी से उठती दुर्गंध पर लोगों ने देखा की एक शव झाड़ियों में पड़ा है। शव की जानकारी मिलते आसपास के लोगो में सनसनी फ़ैल गई। वहीं स्थानीय लोगो ने झाड़ी में शव होने की सूचना शाहपुर पुलिस को दी। जिसके बाद शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। शव की शिनाख्त में पुलिस जुट गई। मृतक के शरीर पर पहने कपड़े के आधार पर शव की पहचान फुलवारी थाना क्षेत्र के अनीसाबाद बल्लमीचक निवासी 65 वर्षीय सकलदीप राय के रूप में हुई। सूचना पाकर मृतक के परिजन दानापुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक का पुत्र सुशांत कुमार ने बताया कि मेरे पिताजी सात अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे के करीब घर से दाढ़ी बनाने के नाम पर निकले थे। लेकिन देर रात तक घर नही लौटे। परिजनों ने उनको खोजने के हर मुमकिन कोशिश की लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका। जिसके बाद उनकी गुमशुदगी का मामला फुलवारी थाना में दर्ज हुई थी। मेरे पिताजी को भूलने की बीमारी थी। इस संबंध ने शाहपुर थानाध्यक्ष मनीष आनंद ने बताया कि कोठिया ग्रिड के पास सड़क किनारे झाड़ी से अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्धावस्था में बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा।

एबीवीपी नेताओं और पुलिस के बीच तनातनी

केके पाठक का आवास घेरने पहुंचे थे, कहा- शिक्षा विभाग का बदला जाए एसीएस

एजेंसी, पटना।

छात्र संगठन एबीवीपी आज शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के आवास का घेराव करने पहुंचे। लेकिन पहले से तैनात पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान पुलिस और छात्र नेताओं के बीच तू-तू मैं-मैं भी हुई। जानकारी के मुताबिक 4 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। एबीवीपी ने बिहार सरकार को तीन दिनों का अल्टीमेटम दिया था। उनका कहना है कि विगत कई महीनों से प्रदेश में शिक्षा विभाग की मनमानी से विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता खतरे में नजर आ रही है। शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के लगातार तानाशाही और अड़ियल रवैये के चलते आज प्रदेश भर में अराजक सी स्थिति बन गई है। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के नाते महामहिम राज्यपाल ही केवल दिशानिर्देश देने का अधिकार रखते हैं। यूजीसी भी कई निर्णयों में यह स्पष्ट कर चुकी है कि सरकार विश्वविद्यालयों में वित्तीय सहायता देने के नाम पर उसकी स्वायत्तता को खत्म नहीं कर सकती। महामहिम प्रदेश के संवैधानिक प्रमुख होते हैं।

लेकिन उनके आदेश को भी शिक्षा विभाग के बेलगाम अधिकारी नहीं मान रहे हैं। ऐसे में पूरे प्रदेश की गरिमा देश भर में हास्यास्पद बन गई है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के द्वारा विश्वविद्यालयों के खातों पर रोक लगाना मानसिक विकृति को दर्शाता है।

राज्यपाल ने भी केके पाठक को बुलाया है: राज भवन ने के के पाठक को आज सुबह 10 बजे तलब किया है। राजपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र आर्लेकर ने उन्हें बुलाया है। पिछले सप्ताह की बैठक में भी उन्हें बुलाया गया था। लेकिन,वह शामिल नहीं हो सके थे। अब देखना होगा आज की बैठक में वह जा पाते हैं या नहीं।

ये हैं तीन मांगे

1. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के खातों के संचालन पर लगे रोक को तुरंत हटाया जाय। जिससे विश्वविद्यालय सुचारू रूप से कामकाज कर सके।
2. सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का बकाया वेतन एवं पेंशन (माह फरवरी से वेतन नहीं मिला है) तुरंत जारी किया जाये।
3. प्रदेश के विश्वविद्यालयों में हजारों अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे हैं जिन्हें 11 महीने से मानदेय नहीं मिला है। जिसे शिक्षा विभाग विश्वविद्यालय पर टाल रहा है। इससे शिक्षकों के लिए वित्तीय संकट के साथ साथ मानवीय संकट भी उत्पन्न हो रहा है। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया जाये कि अतिथि शिक्षकों का बकाया मानदेय तुरंत जारी करे।

पटना के पारस अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई

एजेंसी, पटना।

पटना के पारस अस्पताल के खिलाफ हेल्थ ऑफ मिनिस्ट्री ने इलाज में लापरवाही की शिकायत पर कार्रवाई की है। अस्पताल को केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना(CGHS) के पैनल से छह माह के लिए बाहर कर दिया गया है।

अगले आदेश का इंतजार किया जा रहा है- इंद्रजीत: पारस अस्पताल के जीएम इंद्रजीत ने बताया कि एक पत्र जारी किया गया है। जिसमें छह माह या अगले आदेश तक केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों के इलाज पर रोक लगाई गई है। इस योजना के तहत केंद्रीय कर्मचारी पेंशन भोगी और उनके परिवार के सदस्य जो कोई भी अस्पताल में भर्ती हैं, उन्हें 7 दिन के अंदर डिस्चार्ज करने का आदेश दिया गया है। 7 दिन के बाद सरकारी योजनाओं के तहत जारी किए गए बिल जांच के घेरे में चला जाएगा। उसके आधार पर इलाज को बंद कर दिया गया है। आगे अगले आदेश का इंतजार किया जा रहा है।

डॉक्टर पर फर्जी डिग्री लेकर इलाज करने का आरोप: बता दें, पारस अस्पताल अक्सर किसी ना किसी कारण सुर्खियों में बना रहता है। पिछले साल अस्पताल के डॉक्टर पर फर्जी डिग्री लेकर इलाज करने का मामला सामने आया था। आरोपी डॉक्टर 3 सालों तक इमरजेंसी में मरीजों का इलाज कर रहा था।

हंगामे के बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया था

ऐसा ही एक मामला 21 अक्टूबर 21 का है। गांधी मैदान स्थित बैंक रोड निवासी सारंग झा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एडमिट होने के बाद सांस लेने में तकलीफ होने लगी। उस वक्त जूनियर डॉक्टर और नर्स मौजूद थे। परिजनों के हंगामा करने के बाद उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया।

पूर्व मंत्री की पीठ जल गई थी: इसी तरह एक और मामला 21 अप्रैल 2019 का है। इलाज के दौरान आरजेडी के सीनियर नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक की पठ जल गई थी। इस संबंध में श्याम रजक के भतीजे ने शास्त्री नगर थाने में केस दर्ज कराया था।

ट्रक की चपेट में आने से मां की मौत, बेटा घायल

एजेंसी, पटना।

पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के चौराहा के नजदीक सोमवार को एक तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार मां बेटे को कुचल डाला। घायल अवस्था में मां को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जबकि बेटा बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए। लोगों ने मसौढ़ी पटना मार्ग को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा की मांग कर रहे थे। पटना सिटी के दीदारगंज निवासी अरविंद कुमार अपनी मां मीना देवी को लेकर धनरूआ से माधोपुर जा रहे थे। जैसे ही अरविंद कुमार अपनी बाइक से गौरीचक थाना के कुछ ही दूरी पर गौरीचक चौराहा पहुंचे हैं। पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अरविंद कुमार और उनकी मां बीच सड़क पर बुरी तरह घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से पास के नर्सिंग होम में मीना देवी को भर्ती कराया जाता है, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बीच पुलिस ने घायल अरविंद कुमार को इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोग इस घटना के विरोध में मसौढ़ी पटना मार्ग को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोग मृतक के परिजनों को मुआवजा की मांग कर रहे थे। गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि घटना के बाद मौके से फरार हुए ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

युवा वोटरों को किया गया जागरूक, अभियान की आइकॉन नीतू नवगीत ने दिलाई शपथ

बोलीं- लोकतंत्र में वोट ही ताकत और हिम्मत है

एजेंसी, पटना।

पटना में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार वोटरों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला मतदाता जागरूकता अभियान की आइकॉन डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने मखनिया कुआं में युवाओं को जागरूक किया। उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही शपथ भी दिलाई।

युवाओं को दिलाई गई शपथ: कार्यक्रम में मौजूद युवाओं ने शपथ लिया, 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र,

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा और अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।'

हर वोट महत्वपूर्ण होता है: इस मौके पर नीतू नवगीत ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मतदाता ही लोकतंत्र में भाग्य विधाता होते हैं। पटना साहिब और पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र में एक जून को वोटिंग होनी है। जिसमें सभी को भाग लेना है। पहली बार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने वाले युवा उत्साह के साथ मतदान करें। वोटिंग अपने आप में महान काम है। हमें अपने देश को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना है। हर वोट महत्वपूर्ण होता है। लोकतंत्र में वोट ही ताकत और हिम्मत है।

अर्घ्य दे लौट रही दो महिलाओं को ट्रक ने कुचला, एक की मौके पर मौत, घर लौटने के दौरान हुआ हादसा

एजेंसी, पटना।

छठ पर्व का अर्घ्य देकर लौट रही स्कूटी सवार दो महिला को पटना के अनिसाबाद गोलंबर के नजदीक सोमवार को एक ट्रक ने कुचल डाला। इस हादसे में एक महिला की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि एक बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर घंटे अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची गर्दनीबाग थाने की पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। ट्रक का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस घटनास्थल के आसपास

के सीसीटीवी कैमरा को खंगालने में जुट गई है। मृतक महिला की पहचान कदम कुआं के माया वर्मा के रूप में हुई है, जो अपनी भतीजी मयूरी सिन्हा के साथ अनीसाबाद मानिकचंद तालाब में छठ पर्व मनाने गई थी।

कदम कुआं निवासी माया वर्मा 54 वर्ष अपनी भतीजी मयूरी सिन्हा 30 वर्ष के साथ सोमवार की सुबह छठ पूजा के अवसर पर मानिकचंद तालाब पहुंची थी। पूजा समापन के बाद दोनों स्कूटी से वापस अपने घर लौट रही थी। इसी क्रम में बेउर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में माया वर्मा ट्रक के अंदर चली गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि स्कूटी चला रही मयूरी सिन्हा बुरी तरह घायल हो गई। घटना की पुष्टि करते हुए गर्दनीबाग थाना प्रभारी मोहम्मद कलाम ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला जा रहा है।

पटना से गायब नाबालिग बक्सर से बरामद, बहला फुसला कर ले गए थे

एजेंसी, पटना।

पटना से 13 अप्रैल को एक नाबालिग बच्ची गायब हुई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को बक्सर स्टेशन से बरामद कर लिया। बच्ची को बहला फुसला कर आसपास के रहने वाले एक नाबालिग लड़की और एक नाबालिग लड़के को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस तीनों को लेकर पटना आ गई है। पुलिस अपहृत बच्ची को उसके माता पिता को सौंप दिया साथ ही दोनों अपहरणकर्ता नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है। शास्त्री नगर थाना क्षेत्र डीएसपी साकेत कुमार ने बताया कि शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के समनपुरा इलाके से 13 अप्रैल की रात नाबालिग बच्ची अचानक गायब हो गई थी। जिसकी लिखित शिकायत परिजनों द्वारा

शास्त्री नगर थाने में दर्ज कराया गया। मामले की जानकारी मिलते हैं शास्त्री नगर थाने की पुलिस में 5 सदस्य टीम का गठन किया गया और टीम नाबालिग की खोज में निकल गई। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक और मानवीय सूचना के आधार पर लापता बच्ची को ढूंढने लगी। पुलिस को सूचना मिली की बच्ची को लेकर बक्सर गए हैं। पुलिस बक्सर के लिए रवाना हो गई। पुलिस ने अपहरणकर्ता के मोबाइल लोकेशन को भी लगातार ट्रैक करती रही।

बिहार में तीन दिनों में 4 डिग्री तक बढ़ेगा तापमान

एजेंसी, पटना।

पटना सहित प्रदेश के सभी जिलों में मौसम आज शुष्क बना रहेगा। अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार विशेष रूप से मधुबनी, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल और अररिया में बारिश होने की संभावना है। विभाग की माने तो मंगलवार से गुरुवार के बीच अधिकतम तापमान में 2 से 4 में डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। सबसे गर्म जिला 40.9 डिग्री सेल्सियस के साथ शेखपुरा रहा।

पटना का अधिकतम और न्यूनतम तापमान बढ़ा: रविवार को पटना के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली। पटना के अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान

इन 5 जिलों में बारिश के आसार , 40.9 डिग्री के साथ शेखपुरा रहा सबसे गर्म

में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। पटना का अधिकतम तापमान 37.9 और न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान में वृद्धि होने के कारण लोगों को अधिक गर्मी का एहसास भी होने लगा है।

पटना में कारोबारी से 2 लाख की लूट, बाइक सवार अपराधियों ने रुपयों से भरा बैग छीना

एजेंसी, पटना।

पटना के खुसरूपुर में दिनदहाड़े कारोबारी से 2 लाख रुपए की लूट हुई है। लूट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बाइक सवार दो बदमाशों ने लूटपाट की। कारोबारी ने विरोध करने पर पिस्टल के बट से सिर और चेहरे पर मारकर भाग जाते हैं। वीडियो में दिख रहा है कि सड़क किनारे पैदल कारोबारी हाथ में बैग लिए जा रहा है। इसी दौरान सामने से बाइक सवार दो बदमाश कारोबारी के पास पहुंचा तो बाइक पर पीछे बैठा बदमाश हाथ में रखे बैग छीन लिया। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होता है तो कारोबारी बदमाश को पकड़ने की कोशिश

करता है, लेकिन उसके साथ मारपीट कर भाग जाता है। बताया जा रहा है कि हुसैनपुर निवासी चाय पत्ती कारोबारी कलेक्शन करने के बाद 2 लाख रुपए लेकर बैंक जमा करने जा रहे थे। इस दौरान बाइक सवार 2 अपराधी जबरन उनसे बैग छीनने लगा। विरोध करने पर देसी कट्टा से सिर पर मारकर घायल कर दिया और रुपए से भरा बैग छीन लिया। घायल कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया है।

गिरफ्तारी के लिए की जा रही छापेमारी: घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। फतुहा एसडीपीओ-2 पंकज कुमार भी अस्पताल पहुंचे। पीड़ित से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली। दिनदहाड़े लूट की घटना से स्थानीय व्यापारी आक्रोशित हैं। कुछ माह पहले खुसरूपुर थाना क्षेत्र में एसपीजी जवान के घर में भी हथियारबंद अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। व्यापारियों ने सीनियर पुलिस अफसरों से दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

संक्षिप्त समाचार

एसी रिपेयरिंग की दुकान में लगी आग, कंप्रेसर फटने से दो फायरकर्मी सहित तीन लोग घायल

आगरा , एजेंसी। ताजनगरी आगरा के राजपुर चुंगी (सदर) स्थित देव पैलेस मार्केट में सोमवार की सुबह एसी रिपेयरिंग की दुकान में आग लग गई। पलभर में दुकान आग का गोला बन गई। सूचना पर तीन दमकलें पहुंचीं। आग बुझाते समय एसी का कंप्रेसर फटने से दो फायरकर्मी झुलस गए और एक राहगीर कंप्रेसर का टुकड़ा लगने से घायल हो गया। अफरातफरी मच गई। एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है।

राजपुर चुंगी स्थित देव पैलेस के भूतल, पहली और दूसरी मंजिल पर दुकानें बनी हैं। जंगजीत नगर निवासी योगेंद्र शर्मा की भूतल पर एसी रिपेयरिंग की दुकान है। रविवार सुबह 7 बजे लोगों ने दुकान से लपटें निकलती देखीं। कुछ देर बाद धमाके होने लगे। इससे दहशत फैल गई। इसकी जानकारी योगेंद्र शर्मा को दी। इस पर दुकानदार और अन्य लोग आ गए। आग बुझाने के प्रयास करने लगे। मगर, कोई फायदा नहीं हुआ।

सूचना पर थाना सदर पुलिस और दमकलें पहुंच गईं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के प्रयास में लगे थे। तभी एक एसी का कंप्रेसर फट गया। फायरमैन सुंदरलाल और गजेंद्र कुमार झुलस गए। एक राहगीर प्रेम नगर निवासी रमेश चंद्र (60) सिर में कंप्रेसर का टुकड़ा लगने से घायल हो गया। घायल दमकल कर्मी और राहगीर को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया।

आग से पूरी दुकान जल गई। उसमें एसी रिपेयरिंग के सामान से लेकर पार्ट्स तक रखे थे। इसके अलावा कंप्रेसर और सिलिंडर भी थे, वह भी जल गए। दुकान मालिक ने लाखों के नुकसान की बात कही। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना था कि आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। जांच की जा रही है।

पड़ताल: राजा की मंडी स्टेशन पर व्यवस्थाएं ठीक नहीं, रिटायरिंग रूम... शौचालय पर ताला

आगरा , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के आगरा में राजा की मंडी रेलवे स्टेशन पर रविवार को व्यवस्थाएं ठीक नहीं दिखीं। साफ-सफाई तो खराब है ही, रिटायरिंग रूम और शौचालय पर ताला लगा दिखा। प्रतीक्षालय में भी बेहतर व्यवस्था नहीं होने से यात्री परेशान दिखे। राजा की मंडी रेलवे स्टेशन से रोजाना 80 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। यात्रियों ने बताया कि यहां प्रतीक्षालय में लंबे समय से शौचालय बंद है। स्टेशन पर बने दिव्यांगों के शौचालय पर भी ताला लगा है। रिटायरिंग रूम में नए कूलर लगे हैं लेकिन ताले लगे हैं। पूछताछ काउंटर पर भी किसी के बैठा न होने से यात्री जानकारी के लिए परेशान दिखे।

इस संबंध में पूछने पर रेलवे वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतीक्षालय के शौचालय का निर्माण हो रहा है। रिटायरिंग रूम बुक होने पर खोले जाते हैं। दिव्यांग शौचालय पर ताला और पूछताछ काउंटर क्यों बंद था, इसका पता कराते हैं।

फर्नीचर कारोबारी के खाते से 2.18 लाख निकाले

साहिबाबाद , एजेंसी। टीला मोड़ थानाक्षेत्र की कृष्णा विहार कुटी में फर्नीचर कारोबारी के खातों से शातिर ने दो लाख 18 हजार की ट्रांजेक्शन कर ठगी कर ली। उन्होंने पुलिस को ठगी का मुकदमा कराया है। शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार ने बताया कि 11 अप्रैल को 2.18 लाख रुपये उनके खाते से डेबिट होने के मैसेज आए थे। रकम निकलने पर उनके पास फोन पर बैंक से कोई संदेश या कॉल नहीं आई। उन्होंने किसी लिंक पर क्लिक भी नहीं किया। शातिरों ने ओटीपी भेजे बिना ही खाते से नकदी निकाल ली। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बैंक प्रबंधन से कारोबारी के खाते की जानकारी मांगी है। जानकारी मिलने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

केशव का कांग्रेस पर हमला: इस बीमारी से मुक्ति पा लीजिए

10 साल जो देखा वह ट्रेलर, असली तस्वीर चार जून के बाद

महराजगंज , एजेंसी। 10 साल जो देखा है, वह अभी ट्रेलर है। असली तस्वीर चार जून के बाद दिखेगी। एक परिवार से राष्ट्र की राजनीति नहीं होती है। वक्त आ गया है, अब सपा बसपा से मुक्ति पा लीजिए। अब कांग्रेस रुपी बीमारी से मुक्ति पा लीजिए। पहले मतदान की शपथ लेकर जाएं, मतदान के बाद ही जलपान करिएगा। 500 साल के बाद रामलला का मंदिर बना कर दिया है। पीएम की सीट के बाद सबसे ज्यादा मत से महाराजगंज की सीट आनी चाहिए। विरोधियों के पास भी संकल्प लेकर जाएं और पूछे की मोदी को पीएम बनने से रोक सकते हैं क्या? ये बातें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहीं।

100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया वालंटियर्स को शहर के एक निजी होटल में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश का चुनाव है। एक चाय बेचने वाले को देश चलाने के लिए जनता ने दिया है। 100 में से 75 प्रतिशत वोट हमारा है और बंटवारा मत में भी आधा हमारा है। एक जून को महराजगंज में रिकार्ड 11 लाख मतों से जिताना है।

जो देश का पैसा लूटते हैं, उन्हें भेजा जेल

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं। जो देश का पैसा लूटते हैं, उनको जेल भेज दिया गया। 52 करोड़ से अधिक जनधन के खाते खोल कर सीधा लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा है, विरोधी इसी से तिलमिला गए हैं। 34 लाख करोड़ रुपया लाभार्थियों के खाते में गया है। उन्होंने कहा कि मैं तो कांग्रेस को कहता हूं की भ्रष्टाचार की अम्मा हैं। ईडी के छापे लुटेरों के घर पड़ना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर सारे विरोधियां टूट पड़ेंगे। सोशल मीडिया एक प्लेटफार्म है। जिसमें विरोधी भी आकर घुस जाते हैं, सचेत रहने की जरूरत है। चुनाव के बाद देश 100 साल आगे जाएगा।

405 फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 4 जून 405 फिर एक बार प्रचंड बहुमत की मोदी सरकार। आपने पिछली बार 2014 में भी जिताया। 2019 में भी दिखाया, लेकिन 2024 में बड़ी विजय दिलानी है। सब लोग तैयार रहें। इस समय सपा, बसपा, कांग्रेस का कोई नाम लेना नहीं चाहता है। कांग्रेस मुक्त तो भारत देश हो रहा है। यहां तो एक्सीडेंट से खाता खुल गया था, उत्तर प्रदेश में दो विधायक बन गए, लेकिन आप सबके सामने खुला मैदान है।

सुनील बंसल ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित, बोले- भाजपा के सेनापति और राजदूत हैं बूथ अध्यक्ष

लखनऊ , एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि बूथ स्तर पर काम करने वाले हमारे तीन करोड़ से ज्यादा कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी के सेनापति और राजदूत हैं। पहले के समय में भी सेनापति और राजदूत का कार्य अपनी राज्य की सीमाओं का विस्तार करना अपने क्षेत्र को मजबूत किले के रूप में रखना होता था। इसी भूमिका में आपको कार्य करना है कि जिन लोगों ने पिछली बार वोट नहीं दिया, उनके वोट डलवाएं। सुनील बंसल रविवार को गोमती नगर विस्तार स्थित एक स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष देखें कि पिछले चुनाव में किस मोहल्ले और किस गली में हमको वोट नहीं मिले, उन सभी क्षेत्रों में जाकर लोगों को पार्टी की उपलब्धियां बताएं। लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ इतने से संतुष्ट नहीं होना है। अभी हम 60 फीसदी तक ही पहुंच सके हैं, अभी भी 40 फीसदी लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करना है। यदि भारत माता की जय करनी है तो देश के 140 करोड़ लोगों को जोड़कर एक साथ भारत माता की जय करनी होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का संगठन देश में अहम भूमिका में हैं। नमो एप, विकसित भारत एम्बेसडर जैसे हर अभियान में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने पिछले 10 सालों में लखनऊ में 68000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए हैं। समारोह में वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को विकसित भारत एम्बेसडर में साप्ताहिक रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण, संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, प्रवक्ता प्रवीण गर्ग सहित विधानसभा क्षेत्रों के संयोजक सहसंयोजक, प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

दुनिया का नेतृत्व करने वाली टीम: सुनील बंसल ने कहा कि हमारा उद्देश्य विश्व में भारत का नाम हो और हर व्यक्ति का मान सम्मान बढ़े। हमारे पास देश में मोदी, राजनाथ और प्रदेश में योगी जैसा नेतृत्व है। पूरी दुनिया को नेतृत्व प्रदान करने वाली एवं चुनाव प्रबंधन और 18 करोड़ कार्यकर्ताओं की बड़ी टीम भी है। उन्होंने कहा कि पिछली बार से ज्यादा बूथों पर चुनाव जीतना और ज्यादा मतों से भी चुनाव जीत दर्ज कराना है। लखनऊ में पांच लाख के अंतर से चुनाव जीतने के लिए लक्ष्य तय करना होगा। प्रधानमंत्री ने 370 मत बढ़ाने का हर बूथ पर लक्ष्य दिया है, जिसको हमें पूरा करना है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ लोकसभा में कुल 1893 बूथ, 89 वार्ड, 334 शक्ति केंद्र हैं। 21 मंडलों में 1508 ए श्रेणी के बूथ, बी श्रेणी के 161, सी के 224 बूथ हैं। सभी बूथ अध्यक्ष गठित हो चुके और अपनी बूथ संख्या, विधानसभावार सुनिश्चित सीट पर उपस्थित हैं।

कदम-कदम पर समस्याएं, अस्पताल... न ढंग के स्कूल; जूझ रही 50 हजार आबादी

आगरा , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के आगरा में छावनी क्षेत्र की 50 हजार से ज्यादा आबादी को भी लोकसभा चुनाव से बड़ी उम्मीदें हैं। यहां जनता अनिश्चय की स्थिति में है। परिषद के चुनाव नहीं होने के कारण नुमाइंदगी करने वाला कोई नहीं है। कहीं नाला चोक है तो कहीं सड़कें जर्जर हैं। स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। पार्क बदहाल हैं। नागरिक सुविधाओं का अभाव है। टैक्स का बोझ है।

देशभर की छावनी में बदलाव की कवायद के बीच आगरा छावनी की जनता पशोपेश में है। नगर निगम में विलय का रास्ता बनेगा या छावनी का अस्तित्व बना रहेगा। छावनी में सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में झूले लगवाए गए मगर पार्किंग और प्रवेश शुल्क लगाने से लोग कम ही रुख करते हैं। अन्य पार्कों का भी यही हाल है।

सीवरेज सिस्टम नहीं होने के कारण गंदा पानी पार्क के टैंक में जमा होता है। वाटर एटीएम खराब पड़े हैं। आम जनता के लिए बनवाए गए शौचालय टूटे पड़े हैं। टक्कर रोड से नगर आयुक्त आवास की ओर जाने वाली सड़क जर्जर है। सुल्तानपुरा की सड़क का भी बुरा हाल है।

छावनी के चुनाव हों, अधिकार बढ़ें: छावनी परिषद के अधिकार बढ़ाए जाने चाहिए। निगम की तरह शक्तियां बढ़ेंगी तो नागरिकों की समस्याएं भी कम होंगी। या फिर छावनी को दयालबाग की तरह एक नगर पंचायत का दर्जा दिया जाए, ताकि छावनी की विधिधताओं को सहेजा जा सके।

यह हैं रोड़े

भवन निर्माण कराने के लिए अनुमति नहीं मिलती है। ऐसे में लोग गिरासू मकानों में रहते हैं।

मरम्मत के लिए भी छावनी कार्यालय के चक्कर लगाने होते हैं।

बंटवारा (म्युटेशन) छावनी का सबसे बड़ा रोड़ा है। तमाम तरह की तकनीकी दिक्कतों के कारण म्युटेशन की फाइलें लटकी रहती हैं।

व्यावसायिक गतिविधियां संचालित नहीं कर सकते हैं। 8 साल से नेतृत्व विहीन छावनी: छावनी परिषद में चुनाव को करीब आठ साल गुजर चुके हैं। इसमें आठ वार्डों में 50 हजार से ज्यादा की आबादी है। इनमें 20 हजार से ज्यादा वोटर हैं। इनमें सैन्य एरिया के वोटर शामिल नहीं है। आठ परिषद के सभासदों में से एक छावनी उपाध्यक्ष चुना जाता है। लेकिन चुनाव नहीं होने पर बैरीड बोर्ड के गठन का नियम है। इस बोर्ड में ब्रिगेडियर, सीईओ के अलावा एक जनता का प्रतिनिधि शामिल होता है। लेकिन इस बोर्ड का गठन भी नहीं हुआ है।

छावनी की आय कम, खर्च ज्यादा: छावनी परिषद हमेशा कर्ज में डूबी रहती है। आय के साधनों में गृह, जलकर, दुकानों का किराया, सरकारी कार्यालयों से किराया, एंट्री टैक्स आदि है, जबकि कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और अन्य खर्च ज्यादा हैं। यही कारण है कि जनता पर टैक्स का बोझ कई गुना है।

अस्पताल व स्कूलों का हाल ठीक नहीं: छावनी में करोड़ों की लागत से अस्पताल का पुनर्निर्माण करवाया गया मगर अब इसका बुरा हाल है। एक चिकित्सक के भरोसे अस्पताल चल रहा है। करोड़ों के खर्च के बाद भी अस्पताल में इलाज नहीं मिल पा रहा है। स्टाफ की कमी है। निजी फर्म को ठेका दिया था, लेकिन वह गबन करके चली गई।

पहले इंग्लैंड, जेल से छूटे तो आस्ट्रेलिया के लोगों से ठगी- 3 लाख डाटा चोरी कर बना रहे थे शिकार

गोरखपुर, एजेंसी। कैंट थाना क्षेत्र के बेतियाहाता इलाके में कॉल सेंटर खोलकर जालसाजी करने वाला गैंग बीते वर्ष 18 अगस्त को पकड़ा गया था। पुलिस ने आठ सदस्यों को जेल भेजवाया था। गैंग के सदस्य जेल से छूटकर एक बार फिर रांची में कॉल सेंटर खोलकर ऑनलाइन जालसाजी करते हुए पकड़े गए हैं।

पुलिस का कहना है कि गोरखपुर से यह गैंग इंग्लैंड वासियों को निशाना बनाता था, जबकि इस बार आस्ट्रेलिया वासियों के साथ ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। आस्ट्रेलिया के तीन लाख से अधिक लोगों के व्यक्तिगत डेटा का दुरुपयोग ठगी के लिए कर रहे थे।

रांची पुलिस ने 19 मार्च को कॉल सेंटर पर छापा मारकर दो आरोपियों गोड्डा जिला के लालमटिया, चितरकोठी के इकरामुल अंसारी और रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के द्वारिकापुरम निवासी रविकांत को गिरफ्तार किया है। इस गैंग का एक साथी रांची (झारखंड) सदर के पीएचडी चौक बरियातु निवासी कादिर अली अंसारी पुलिस के पहुंचने से पहले फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि इकरामुल और कादिर बेतियाहाता कॉल सेंटर से भी पकड़े गए थे। रांची पुलिस ने दोनों के आपराधिक इतिहास के साथ ही कादिर को पकड़ने के लिए गोरखपुर साइबर

अपराध थाने की पुलिस से मदद मांगी है।

रांची से गोरखपुर आए थे जालसाज: सीआईडी झारखंड ने रांची के अपर बाजार स्थित किशोरगंज चौक में बीएम हाइट्स के तृतीय तल पर एक कार्यालय पर चल रहे कॉल सेंटर पर छापा मारकर आरोपियों को पकड़ा। पता चला कि रांची में 2021-22 में एक गिरोह कॉल सेंटर चलाता था। उसके बाद ये कॉल सेंटर को गोरखपुर में शिफ्ट कर दिए थे। गोरखपुर में पकड़े जाने के बाद एक बार फिर रांची में कॉल सेंटर खोले थे।

गोरखपुर जेल से 10 दिन में छूटे थे जालसाज: पुलिस ने 18 अगस्त को जालसाजों के गैंग को पकड़कर जेल भेजवाया था। यहां 10 दिन के अंदर ही एक-एक करके सभी आठ आरोपी रिहा हो गए थे।

कारोबार में भरा फर्राटा: कानपुर में सबसे तेजी से बढ़ीं नई इकाइयां, 72 फीसदी रही वृद्धि दर

कानपुर , एजेंसी। कभी अपनी सूती मिलों के दम पर दुनिया भर में धमक जमाने वाले कानपुर ने एक बार फिर फर्राटा भरना शुरू कर दिया है। बीते वित्तीय वर्ष में शहर ने नई कारोबारी इकाइयों के खुलने के मामले में प्रदेश में सबसे तेज 72 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल की है। यह वृद्धि दर नोएडा, लखनऊ और गाजियाबाद से भी ज्यादा है। हालांकि कुल इकाइयों की संख्या में ये तीनो शहर अभी कानपुर से आगे हैं। लेकिन इकाइयां खुलने की ताजा रफ्तार से उम्मीद बंधी है कि एक बार फिर कानपुर अपना पुराना गौरव हासिल कर सकेगा।

शहर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्पादन, सेवा और ट्रेडिंग की 41227 नई इकाइयां खुली हैं। इसके साथ ही शहर में कुल पंजीकृत इकाइयों की संख्या 98138 हो चुकी है। कुल पंजीकृत इकाइयों के लिहाज से कानपुर उत्तर प्रदेश में चौथे नंबर पर आ गया है। मार्च 2023 में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में आगरा चौथे नंबर पर था। वहीं, पहले स्थान पर लखनऊ, दूसरे पर गाजियाबाद और तीसरे स्थान पर नोएडा (गौतमबुद्धनगर) है।

कानपुर के बाद सर्वाधिक वृद्धि दर आगरा की 62 प्रतिशत से ज्यादा रही। वृद्धि दर के लिहाज से इसके बाद लखनऊ, गाजियाबाद और नोएडा आते हैं। कानपुर ने यह वृद्धि दर छोटी और मझोली इकाइयों की बदौलत हासिल की है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक इस साल होजरी और रेडीमेड की इकाइयां बड़ी संख्या में खुली हैं। इनकी संख्या 2116 है जबकि चर्म उद्योग से जुड़ी 1400 नई इकाइओं ने आकार लिया है। शहर की कुल 98138 इकाइयों में उत्पादन की 32200 और सेवा क्षेत्र की 66803 इकाइयां हैं। वहीं इस साल उत्पादन की 12645, सेवा क्षेत्र की 11973 और ट्रेडिंग की 16609 इकाइयां पंजीकृत हुई हैं। उत्पादन में भी होजरी की 1197, रेडीमेड की 919, चमड़े की 1400, सैडलरी-हारनेस की 172, सिविल इंजीनियरिंग की 369, फूड प्रोसेसिंग की 502, बेकरी प्रोसेसिंग की 495, 620 फ्लोर मिल, ट्रेडिंग में हार्डवेयर की 403 और फैब्रिकेशन की 369 इकाइयां हैं। सेवा क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर की 258, 70 साइबर कैफे, कैटरिंग की 260 इकाइयों का पंजीकरण हुआ है। प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग बीमा योजना शुरू की है। एक जिला एक उत्पाद योजना में चमड़ा, होजरी और रेडीमेड उद्योग को शामिल किया गया। इसमें कम ब्याज पर उद्योगों को लोन मिल जा रहा है। पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन, सब्सिडी दी जा रही है। प्रदेश सरकार नई एमएसएमई नीति लाई है। अब एमएसएमई को भुगतान की भी नई व्यवस्था की गई है।

यूपी में गर्मी जनित और संक्रामक रोगों की निगरानी बढ़ी, लू के मरीजों की देखभाल के भी निर्देश

लखनऊ , एजेंसी। उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। ऐसे में लू के साथ ही अन्य संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गर्मी जनित बीमारियों के साथ ही संक्रामक रोगों के प्रति निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) को भी निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच करते रहने के लिए कहा गया है। हालांकि अप्रैल माह में एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में मरीज मिलने की कोई घटना नहीं हुई है।

प्रदेश के सभी अस्पतालों में गर्मी की वजह से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। कमरों को ठंडा रखने के लिए एसी और कूलर की व्यवस्था की गई है। लू के मरीजों को भर्ती करने के लिए सभी अस्पतालों में वार्ड तैयार किए गए हैं। इस मौसम में विभिन्न तरह के खाद्य पदार्थों के जरिये संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं अधीक्षकों को नए सिरे से

निर्देश जारी किए हैं। इसमें निर्देशित किया है कि लू के मरीजों की यह भी जांच की जाए कि वे किन परिस्थितियों में उल्टी दस्त के शिकार हुए हैं। एक ही स्थान पर पांच अथवा अधिक मरीज मिलने पर टीम बनाकर जांच की जाए ताकि बीमारी की वजह स्पष्ट हो सके। एक ही स्थान पर करीब पांच मरीज मिलते हैं तो वहां स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम अथवा नगर पंचायत, ग्राम पंचायत की टीम लगाई जाए। ऐसे मामलों की हर दिन की रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के भी निर्देश दिए हैं।

संचारी रोग अभियान के दौरान विशेष जागरूकता: प्रदेश में 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में प्रमुख सचिव ने अभियान के दौरान गर्मी जनित और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है।

इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभागों की टीमें भी जुड़ी हैं। विभिन्न विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर लोगों को बीमारी के बारे में जानकारी दी जाएगी। गर्मी के मौसम में विभिन्न स्थानों पर खुले में जूस, फल एवं खाद्य पदार्थ की बिक्री होती है। इसके संक्रमित होने की आशंका रहती है। ऐसे में एफएसडीए की टीम निरंतर निगरानी करेगी। एफएसडीए के उपआयुक्त हरिशंकर सिंह ने सभी खाद्य निरीक्षकों को हर रोज जांच करने और उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विक्रेताओं से अपील की है कि गुणवत्तायुक्त खाद्य तेल का प्रयोग करें। एक ही तेल को बार-बार गरम करके उससे खाद्य पदार्थ तैयार न करें।

बिल्डर सचिन दत्ता समेत 13 पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

साहिबाबाद , एजेंसी। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को फ्लैट बेचने की एवज में करीब 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी में बिल्डर बाबा सचिन दत्ता समेत 13 पर मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लाजपत नगर के अनुव्रत सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया कि करीब 13 साल पहले उन्होंने बिल्डर बाबा सचिन दत्ता से फ्लैट के लिए संपर्क किया था। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित प्रोजेक्ट में 27 लाख रुपये के फ्लैट का सौदा किया। सौदा तय होने पर उन्होंने 7.55 लाख रुपये नकद दे दिए थे। बाद में बिल्डर बाबा ने बैंककर्मियों से साठगांठ कर 19 लाख रुपये का लोन पास कराया, जिसकी किस्त वह चुका रहे हैं। समय खत्म होने के बावजूद उन्हें फ्लैट मिला और न ही पैसे वापस मिल रहे हैं। अब तकादा करने पर उन्हें मारने की धमकी मिलती है। आरोप है कि उनके फ्लैट पर कई बार लोन पास कराकर बेचा जा चुका है। इस मामले में कोर्ट ने साहिबाबाद पुलिस को बालाजी हाईटेक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, बिल्डर बाबा उर्फ सचिन दत्ता, राजेंद्र दत्ता, सुरुचि दत्ता, राजेश भार्गव, नीरज कुमार, बीएल मीणा, वसुंधरा में पीएनबी के लीगल मैनेजर और कर्मचारी, टेक्निकल मैनेजर, मैनेजर संजय जैन, हरीश पाल बब्बर, पीयूष प्रकाश और प्रशांत कुमार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए।

संक्षिप्त समाचार

ली सीन लूंग छोड़ेंगे प्रधानमंत्री का पद, लॉरेंस वोंग को बनाया जाएगा अगला पीएम

सिंगापुर। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वो फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की गई। एक फेसबुक पोस्ट में 72 वर्षीय ली ने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन किसी भी देश के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। बयान में कहा गया, "मैं 15 मई 2024 को प्रधानमंत्री के रूप में इस्तीफा दूंगा और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधामंत्री के रूप में शपथ लेंगे।" ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा, "लॉरेंस और 4जी टीम कोरोना महामारी के दौरान कड़ी मेहनत की है।

दुनिया के सबसे उम्रदराज जुड़े हुए ट्विन्स का निधन, डॉक्टरों ने कहा था- 30 साल ही जीवित रहेंगे

पेन्सिलवेनिया। अमेरिका के रहने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज जुड़े हुए ट्विन्स लोरी और जॉर्ज का 62 साल की उम्र में निधन हो गया है। अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया के लीबेंसपर्गर फ्यूनरल होम ने बताया कि दोनों ने 7 अप्रैल की रात को पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के अस्पताल में आखिरी सांस ली। हालांकि, इनकी मौत की वजह अभी सामने नहीं आई है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड (GWR) ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए लोरी और जॉर्ज की मौत की पुष्टि की। GWR ने लिखा, 'हमें उनके निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। जॉर्ज एक सफल गायक और लोरी एक बोलिंग चैंपियन थीं।''

करियर के बीच परेशानी को आने नहीं दिया: जॉर्ज और लोरी का जन्म 18 सितंबर 1961 को हुआ था। दोनों के स्कल(खोपड़ी) और ब्लड सेल्स आंशिक रूप से जुड़ी हुई थी। दोनों दिमाग का 30% हिस्सा साझा करते थे। हालांकि, इन सभी चीजों के बावजूद लोरी और जॉर्ज के जेंडर और करियर दोनों अलग-अलग थे। जॉर्ज और लोरी भले ही एक दूसरे से जुड़े हुए थे, लेकिन दोनों ने अपने करियर के बीच इस परेशानी को आने नहीं दिया। 2007 में अपने 50 वें जन्मदिन पर एक इंटरव्यू में लोरी ने कहा था, "हमारे जन्म के वक्त डॉक्टर्स ने आशंका जताई थी कि हम 30 साल की उम्र तक ही जीवित रह पाएंगे। लेकिन हमने उन्हें गलत साबित कर दिया।" जॉर्ज को स्पाइना बिफिडा नाम की बीमारी थी और वो लोरी से 4 इंच छोटे थे। दोनों ने एक पब्लिक हाई स्कूल से पढ़ाई की थी और साथ में ही कॉलेज पूरा किया था। ऐसे तो लोरी बोलिंग प्लेयर थीं, लेकिन उन्होंने 90 के दशक में कई सालों तक अस्पताल में लॉन्ड्री का काम भी किया। इसके लिए दोनों को कई बार अपने-अपने शेड्यूल को बदलना पड़ता था। 2007 में जॉर्ज और लोरी अलग-अलग जेंडर वाले दुनिया के पहले जुड़े हुए ट्विन्स भी बने।

लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की हत्या, अज्ञात लोगों ने गोली मारी

लाहौर। लाहौर के डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गई है। न्यूज एजेंसी PTI की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमीर को लाहौर में कुछ लोगों ने गोली मार दी थी। इसके बाद उसकी मौत हो गई। माना जाता है कि अमीर सरफराज और उसके साथी ने ही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के इशारे पर साल 2013 में लाहौर जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। दिसंबर 2018 में पाकिस्तान की एक कोर्ट ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए सरबजीत की हत्या के 2 आरोपियों को रिहा कर दिया था। उनमें अमीर सरफराज और मुद्दसर शामिल थे। किसी ने इन दोनों के खिलाफ गवाही नहीं दी थी। दरअसल, पंजाब का सरबजीत 1990 में गलती से बॉर्डर क्रॉस कर पाकिस्तान चला गया था। पाकिस्तानी फौज ने उसे भारत का जासूस कहकर बंधक बना लिया था। पाकिस्तान में सरबजीत के हत्यारे की मौत की खबर उस वक्त आई है, जब हाल ही में पाकिस्तान ने भारत पर टारगेट किलिंग के आरोप लगाए हैं। पाकिस्तान ने कहा था कि भारत गैर कानूनी तरीके से पाकिस्तान में उसके नागरिकों को मार रहा है। पाकिस्तान ने ये आरोप ब्रिटिश मीडिया हाउस द गार्डियन की उस रिपोर्ट का हवाला देते हुए लगाए थे जिसमें कहा गया था कि "भारत के इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या करवा रहे हैं।"

क्या थी सरबजीत की कहानी: सरबजीत सिंह पंजाब के तरनतारन के भिखीविंड गांव में रहने वाले किसान थे। लाहौर और फैसलाबाद में हुए बम धमाके का आरोपी बनाकर सरबजीत सिंह को पाकिस्तान की जेल में बंद कर दिया गया। 1991 में हुए बम धमाकों के आरोप में सरबजीत सिंह को फांसी की सजा सुनाई गई थी। 23 साल पाकिस्तान की जेल में रहने के बाद 2013 में जेल में कई पाकिस्तानियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा। इसके बाद उन्होंने लाहौर के जिन्ना अस्पताल में दम तोड़ दिया था। सरबजीत पर जेल में हमला भारत में आतंकी अफजल गुरु को फांसी देने के कुछ समय बाद हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैदियों ने ईटों से उनके सिर पर वार किए थे। मौत के बाद उनके शव को भारत भेज दिया गया था।

ओमान में भीषण बाढ़ का कहर, अब तक 13 की गई जान, लापता लोगों की तलाश जारी

मस्कट। Oman Flood: मीडिल ईस्ट के शहर ओमान में इस समय कुदरत का कहर बरपा हुआ है। सोमवार को हुई भारी बारिश के कारण 13 लोगों की मौत हो गई। यूएई स्थित खलीज टाइम्स के अनुसार, ओमान में नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस प्राधिकरण ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया जो उत्तरी अल शरकियाह गवर्नरेट में लापता हो गया था। वहीं, एक बच्चे सहित तीन अन्य लोगों की तलाश अभी भी जारी हैं। इससे पहले रविवार को अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 12 लोगों की जान चली गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें 9 छात्र, दो निवासी और एक प्रवासी शामिल हैं। मूसलाधार बारिश के कारण ओमान के कई हिस्सों में भीषण बाढ़ आ गई है।

सड़कों पर बह रहा बाढ़ का पानी: रॉयल ओमान पुलिस, ओमान की रॉयल आर्मी, नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण और एम्बुलेंस की टीमों ने छात्रों को स्कूलों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि ओमान की सड़कों पर बाढ़ का पानी बह गया है। लोग अपने घरों में ही छुप कर रह रहे है। खलीज टाइम्स ने बताया कि ओमान पुलिस विमानन टीम ने 21 लोगों को एक ग्रामीण खेत से कुरियात गवर्नरेट के अल लास्मो क्षेत्र में स्थानांतरित करने के लिए एक मिशन को अंजाम दिया।

UAE में भी बदला मौसम: आपातकालीन प्रबंधन के लिए ओमान की राष्ट्रीय समिति ने भी बारिश से प्रभावित होने की संभावना वाले सभी राज्यपालों को सतर्क कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ओमान के अलावा, संयुक्त अरब अमीरात में भी अस्थिर मौसम की स्थिति देखी जा सकती है, जिसमें कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि, बिजली और गड़गड़ाहट की संभावना भी शामिल है।

EC अफसरों ने राहुल के हेलिकॉप्टर की जांच की

तमिलनाडु के नीलगिरि में फ्लाइंग स्क्वॉड पहुंची

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।

इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की जांच की। तमिलनाडु के नीलगिरि में फ्लाइंग स्क्वॉड के अधिकारियों ने यह छानबीन की। इस छानबीन के बारे में और डिटेल अभी सामने नहीं आई है। राहुल ने यहां नीलगिरि कॉलेज में आर्ट्स और साइंस के स्टूडेंट्स और चाय बागान के वर्कर्स से मुलाकात की। तमिलनाडु के बाद राहुल गांधी केरल के वायनाड पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो किया। रोड शो के दौरान उन्होंने कहा कि वायनाड के लोग हर बार मुझे जो प्यार और अपनापन देते हैं, उसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं। वायनाड का हर एक शख्स मेरा परिवार है।

रोड शो के दौरान राहुल की प्रमुख बातें: राहुल ने कहा कि कई बार एक परिवार में भाई-बहनों के बीच कई मामलों में राय अलग होती है, लेकिन इसका ये मतलब नहीं होता है कि वे एक-दूसरे से प्यार नहीं करते, एक-दूसरे का सम्मान या परवाह नहीं करते। राजनीति का पहला कदम है एक-दूसरे का सम्मान करना। भाजपा और पीएम कहते हैं कि एक देश, एक भाषा, एक नेता होना

चाहिए। वे हमारे देश को समझते ही नहीं हैं। भाषा कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे आप ऊपर से थोप सकते हैं। ये तो हर इंसान के दिल से निकलती है। ये आपको आपकी सभ्यता से जोड़ती है। ऐसा ही हमारे इतिहास, संस्कृति और धर्म के साथ भी है। भारत गुलदस्ते जैसा है और गुलदस्ते के हर फूल का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि ये गुलदस्ते की खूबसूरती बढ़ाता है। ये आइडिया कि भारत में एक ही नेता होना चाहिए, ये देश के युवा का अपमान है। सिर्फ एक नेता क्यों हो? भाजपा और हमारे बीच यही सबसे बड़ा फर्क है। हम जानना चाहते हैं कि लोगों के दिलों में क्या है, हम लोगों की मान्यताओं, संस्कृति, भाषा और धर्म का सम्मान करते हैं, जबकि

छानबीन के बाद केरल रवाना हुए राहुल

वे लोग सब पर अपना विचार थोपना चाहते हैं। हमने अंग्रेजों से आजादी इसलिए नहीं पाई थी कि RSS की विचारधारा के गुलाम हो जाएं। इंसान और जानवर के बीच का संघर्ष वायनाड के लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। रात के समय ट्रैफिक पर लगाई गई रोक से भी लोग काफी परेशान हैं। हम इन परेशानियों को सुलझाने की कोशिश करेंगे। इसे लेकर हमने राज्य और केंद्र सरकार को कई पत्र लिखे हैं। हम आगे भी उन पर प्रेशर बनाते रहेंगे।

एक हफ्ता केरल में राहुल गांधी, आज वायनाड में जनसभा: वायनाड में जनसभा के बाद राहुल गांधी सोमवार शाम उत्तर कोझिकोड में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) की रैली को संबोधित करेंगे। 16 अप्रैल को राहुल फिर वायनाड पहुंचेंगे, फिर 18 अप्रैल को कन्नूर, पलक्कड़ और कोट्टायम में बैठकों में हिस्सा लेंगे। राहुल 22 अप्रैल को त्रिशूर, तिरुवनंतपुरम और अलाप्पुझा जिलों में रैलियों को संबोधित करेंगे।

पाकिस्तान में सिख व्यक्ति की पगड़ी उतार नंगा कर पीटा

एजेंसी, अमृतसर।

पाकिस्तान में बैसाखी का त्योहार मनाते हुए सिख व्यक्ति को नंगा कर जमकर पीटा गया। यही नहीं, पाकिस्तान के कट्टरपंथी संगठन तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान (TLP) ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। जिसे अब सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। यह वीडियो भाजपा के नेता मनजिंदर सिरसा ने सोशल मीडिया (X) पर पोस्ट कर भारत सरकार से कार्रवाई की मांग की है। सिरसा ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- '' पाकिस्तान से एक बर्बरता वाला वीडियो सामने आया। जिसमें एक सिख व्यक्ति को नंगा किया गया। पैर बांधे गए। पगड़ी उतारी गई। फिर लाठी- डंडों से पीटा गया। वीडियो में तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान (TLP) का लोगो लगा है। मुझे बताया गया कि TLP कट्टरपंथियों ने निर्दोष सिख को सिर्फ इसलिए पीटा कि वह बैसाखी मना रहा था।'' SGPC सचिव प्रताप सिंह ने कहा कि ये निंदनीय घटना है। वीडियो के आधार पर SGPC पाकिस्तान सरकार को लिखेगी। पाकिस्तान में सिखों व अल्पसंख्यकों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाना सही नहीं है। मनजिंदर सिरसा ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज

BJP नेता बोले- कट्टरपंथी संगठन TLP जिम्मेदार, भारत सरकार कार्रवाई करे

शरीफ को सोशल मीडिया पर टैग करते हुए लिखा- यह दुखद है कि पाकिस्तान सरकार और प्रधानमंत्री शाहबाज हर बार अल्पसंख्यक सिखों और हिंदुओं पर कट्टरपंथियों की ज्यादतियों को लेकर चुप रहते हैं। सिरसा ने भारतीय विदेश मंत्रालय के फॉरेन सेक्रेटरी विनय क्वात्रा को सोशल मीडिया पर टैग करते हुए मांग की कि वे इस मामले को पाकिस्तान सरकार के साथ उठाएं। BBC और विकिपीडिया के अनुसार तहरीक-ए-लब्बैक संगठन पाकिस्तान में एक कट्टर-दक्षिणपंथी इस्लामी चरमपंथी राजनीतिक दल है। इसकी स्थापना तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान की स्थापना अमीर मौलाना खादिम हुसैन रिजवी ने 1 अगस्त 2015 को की थी।

चंडीगढ़ में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, सिर्फ 2 मिनट का फ्यूल बचा था

एजेंसी, चंडीगढ़।

अयोध्या से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E2702 दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण वहां लैंड नहीं कर पाई। इसके बाद जब इसे चंडीगढ़ डाइवर्ट किया वहां। वहां जब फ्लाइट को लैंड कराया गया तो तब फ्लाइट में केवल 2 मिनट का फ्यूल बचा था। घटना 13 अप्रैल की है। यह शिकायत अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दिल्ली पुलिस के DCP क्राइम सतीश कुमार ने की है। वह भी इस फ्लाइट में यात्रा कर रहे थे। हालांकि, चंडीगढ़ एयरपोर्ट के CEO राकेश सहाय ने ऐसी किसी घटना के होने से मना कर दिया है। इस मामले में इंडिगो ने सफाई जारी की है। इसमें कहा गया कि विमान के कैप्टन ने SOP का पूरी तरह पालन किया। ये बिल्कुल सुरक्षित प्रक्रिया है। विमान को वैकल्पिक एयरपोर्ट

(चंडीगढ़) ले जाने के लिए विमान में हर समय पर्याप्त फ्यूल था। हमारे यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

दोपहर 3:25 पर भरी थी उड़ान: दिल्ली पुलिस में DSP क्राइम सतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर बताया कि इंडिगो की फ्लाइट नं 6E2702 ने 13 अप्रैल दोपहर 3:25 बजे अयोध्या से उड़ान भरी और 4:30 बजे इसे दिल्ली पहुंचना था। लेकिन, लैंडिंग से करीब 15 मिनट पहले पायलट ने घोषणा की कि दिल्ली में मौसम खराब है।

पंजाब CM ने तिहाड़ में केजरीवाल से मुलाकात की, बाहर आकर बोले-

उन्हें ऐसे ट्रीट कर रहे जैसे वे आतंकवादी हों

एजेंसी, चंडीगढ़।

पंजाब CM भगवंत मान ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में तिहाड़ जेल में बंद आप सुप्रीमो और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जेल में मुलाकात की। उनके साथ राज्यसभा सांसद संदीप पाठक भी थे। यह मुलाकात करीब आधे घंटे तक चली। मुलाकात से पहले ही तिहाड़ में पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम कर लिए थे। मुलाकात के बाद मान ने मीडिया से बोले- अरविंद केजरीवाल को ऐसे ट्रीट किया जा रहा था कि मानो वे देश के बहुत बड़े आतंकवादी हों। उन्हें क्रिमिनल जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

पार्टी बनने के बाद पहली बार बने ऐसे हालात: AAP 2012 अस्तित्व में आई थी। इसके बाद पार्टी अब तीसरी बार लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही है। लेकिन, यह पहला मौका है जब आप संयोजक

आधे घंटे चली मीटिंग

केजरीवाल जेल में हैं। इस बार AAP विपक्षी दलों के I.N.D.I.A. गठबंधन का भी हिस्सा है। वहीं, पार्टी कुल 23 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। भले ही अन्य सीटों पर यह दल कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहा है, लेकिन पंजाब में AAP और कांग्रेस एक दूसरे को चुनौती देते नजर आएंगे। ऐसे में चुनाव में किन मुद्दों को लेकर जाना है, अन्य दलों के साथ किस तरह प्रचार करना है, इन सब बातों को लेकर बात हुई, क्योंकि, इस समय भगवंत मान ही पार्टी के स्टार प्रचारक हैं।

21 रिटायर्ड जजों ने CJI को लिखी चिट्ठी, कहा- कुछ लोग अपने फायदे के लिए ज्यूडीशियरी पर दबाव बना रहे

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के 21 रिटायर्ड जजों ने CJI डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि कुछ लोग सोचे-समझे ढंग से दबाव बनाकर, गलत सूचनाएं और सार्वजनिक रूप से अपमानित करके न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशें कर रहे हैं। ये लोग ओछे राजनीतिक हित और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम कर रहे हैं। चिट्ठी लिखने वाले 21 जजों में से 4 सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज हैं। जबकि बाकी 17 राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस या अन्य जज हैं। 14 अप्रैल को CJI को भेजे गए ओपन लेटर में जजों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया है, जिसके कारण उन्हें इसे लिखना पड़ा।

जजों ने लिखा- हम कानून के संरक्षक, हमारी ही ईमानदारी पर सवाल उठ रहे: सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस (रिटायर्ड) दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह समेत रिटायर्ड जजों ने आरोप लगाया है कि आलोचक

न्यायपालिका को इससे बचाएं

अदालतों और जजों की ईमानदारी पर सवाल उठाने के साथ ज्यूडीशियल सिस्टम पर असर डालने के लिए धोखा देने वाले तरीके अपना रहे हैं। जजों ने कहा- "इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती देते हैं, जिन्हें बनाए रखने के लिए कानून के संरक्षक के रूप में जजों ने शपथ ली है।"

जज ने लिखा- हमें चिंता जनता का भरोसा न उठे: लेटर में जजों ने ज्यूडीशियरी से जनता का भरोसा उठने की आशंका जताई है। उन्होंने लिखा- हम विशेष रूप से गलत जानकारी से ज्यूडीशियरी के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने वाले टैक्टिक्स को लेकर चिंतित हैं, जो न केवल अनैतिक है, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी है। किसी के विचारों से मेल खाने वाले अदालती फैसलों की चुनिंदा तौर पर तारीफ और जो फैसले विचारों से मेल नहीं खाते, उनकी तीखी आलोचना करने का चलन ज्यूडिशियल रिव्यू और कानून को कमजोर करता है। CJI चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखने वाले 600 से ज्यादा वकीलों ने लिखा था कि एक विशेष समूह न्यायपालिका पर दबाव डालने की कोशिश कर रहा है। यह ग्रुप न्यायिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है और अपने घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडे के तहत उथले आरोप लगाकर अदालतों को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से, रजिस्ट्रेशन शुरू

19 अगस्त तक चलेगी यात्रा

एजेंसी, नई दिल्ली।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने वाली है। इस बार यह यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी। 2023 में 1 जुलाई से यात्रा शुरू हुई थी। इस बार यात्रा 52 दिन की रहेगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल यानी आज से शुरू हो गए हैं। सरकारी आदेश के मुताबिक 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय नागरिक अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं। यात्रा के लिए जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है।

रजिस्ट्रेशन कैसे होगा: 15 अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं। मोबाइल एप्लिकेशन से रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं तो श्री अमरनाथजी यात्रा ऐप डाउनलोड करना होगा। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, यस बैंक और जम्मू-कश्मीर बैंक से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

13 से 70 साल की उम्र वाले जा सकते हैं, मेडिकल सर्टिफिकेट जरूरी

मौसम विभाग का अनुमान- मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा

एजेंसी, नई दिल्ली।

राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 25 राज्यों में अच्छी बारिश होगी, ओडिशा में कम बरसात

भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने सोमवार को बताया कि इस बार जून से सितंबर तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। मौसम विभाग (IMD) 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है। यह फसलों के लिए अच्छा संकेत है। IMD ने बताया कि 2024 में 106% यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है। 4 महीने के मानसून सीजन के लिए लॉन्ग पीरियड एवरेज (LPA) 868.6 मिलीमीटर यानी 86.86 सेंटीमीटर होता है। यानी मानसून सीजन में कुल इतनी बारिश होनी चाहिए। इससे पहले 9 मार्च को प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने सामान्य मानसून का अनुमान जारी किया था। यानी जून से सितंबर तक 4 महीने में 96 से 104% के बीच बारिश हो सकती है। भारत में आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते इसकी वापसी होती है।

25 राज्यों में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान: केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र , गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प.बंगाल, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पुडुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षदीप, दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव। 6 राज्यों में सामान्य से कम बारिश का अनुमान: ओडिशा, असम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा।

मालदीव के संसदीय चुनाव में भी भारत का जिक्र

मुइज्जू ने चुनावी कैंपेन में बताया- भारतीय सैनिकों का दूसरा बैच भी देश से निकला

एजेंसी, मालदीव।

मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव के बाद अब वहां संसदीय चुनाव में भी भारत का जिक्र हो रहा है। मालदीव में 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव हैं। इस दौरान एक चुनावी कैंपेन में मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों का जिक्र किया।उन्होंने लोगों को भारतीय सैनिकों के मालदीव से निकाले जाने के बारे में जानकारी दी। 12 अप्रैल को एक चुनावी बैठक के दौरान मुइज्जू ने बताया कि मालदीव से 9 अप्रैल को भारतीय सैनिकों को दूसरा बैच भी निकल चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सेना का ये बैच वहां डोर्नियर विमान का संचालन करता था। मालदीव में मुइज्जू सरकार की इंडिया आउट मुहीम के तहत वहां से भारतीय सैनिकों को निकाला जा रहा है। मुइज्जू ने मालदीव से

भारतीय सैनिक के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समय सीमा तय की थी। इसके तहत 25 भारतीय सैनिकों के पहले समूह ने 11 मार्च को ही मालदीव छोड़ दिया था। फरवरी में नई दिल्ली में हुए मालदीव और भारत के बीच समझौते में ये तय हुआ था कि सैन्य विमानों के संचालन की देखरेख के लिए मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों की जगह भारत की टेक्निकल स्टाफ टीम लेगी। इसके बाद 29 मई को 26 टेक्निकल स्टाफ का पहला बैच मालदीव पहुंच गया था। मालदीव में करीब 88 भारतीय सैनिक हैं। ये दो हेलिकॉप्टर और एक एयरक्राफ्ट का ऑपरेशन संभालते हैं। आमतौर पर इनका इस्तेमाल रेस्क्यू या सरकारी कामों में किया जाता है। मालदीव में इंडियन हेलिकॉप्टर और एयरक्राफ्ट मानवीय सहायता और मेडिकल इमरजेंसी में वहां के लोगों की मदद करते रहें। इन ऑपरेशन को संभालने के लिए ही टेक्निकल स्टाफ भेजा गया है।

मोहम्मद मुइज्जू ने की थी विवाद की शुरुआत

भारत और मालदीव में विवाद की शुरुआत 15 नवंबर 2023 को हुई, जब मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति की शपथ ली थी। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में इंडिया आउट मुहीम चलाई थी। विवाद तब ज्यादा बड़ गया, जब 4 जनवरी को PM मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप की खुबसूरती का जिक्र किया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं। इसी पर मालदीव सरकार के 3 मंत्रियों माल्शा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्लाह महजूम माजिद ने PM मोदी और भारत के खिलाफ टिप्पणी की थी। साथ ही भारत की टूरिज्म सेक्टर में फेसेलिटीज को लेकर भी कमेंट्स किए थे। इसके बाद 7 जनवरी को इन्हें सस्पेंड कर दिया गया था।

संक्षिप्त समाचार

हार्दिक की कप्तानी पर इरफान ने उठाए सवाल

कहा- उन्हें गेंदबाज पर भरोसा नहीं...

मुंबई पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मौजूदा कमेंटेटर इरफान पठान ने स्ब्ब 1ह्य ष्टस्च मैच के बाद हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने गेंदबाज आकाश मधवाल पर भरोसा नहीं है। बता दें, चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 206 रन बोर्ड पर लगाए थे, सीएसके को 200 के पार पहुंचाने में महेंद्र सिंह धोनी का अहम रोल रहा था जिन्होंने अंतिम 4 गेंदों पर 20 रन बटोरे थे। धोनी ने आखिर ओवर में हार्दिक पांड्या के खिलाफ यह रन बटोरे थे। इरफान पठान ने हार्दिक पांड्या के इसी ओवर को लेकर सवाल उठाए हैं। इरफान पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हार्दिक शुरू से ही एक कप्तान के रूप में अच्छे नहीं रहे हैं। सीएसके के खिलाफ मैच में आकाश मधवाल को आखिरी ओवर फेंकना था और वह बॉलिंग मार्क तक पहुंच गए थे।

पलक ने शूटिंग में जीता 20वां ओलिंपिक कोटा

- ISSF फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता ब्रॉन्ज मेडल

नईदिल्ली, एजेंसी। पलक ने रविवार को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में ढ्ढरूस्स्न फाइनल ओलिंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के साथ ही भारत के लिए 20वां पेरिस 2024 ओलिंपिक कोटा हासिल किया। 18 साल की पलक ने 217.6 का स्कोर किया। वहीं आर्मेनिया की एल्मिरा करापेटियन ने 240.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जबकि थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा ने 240.5 के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय शूटर सान्याम 176.7 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

गोल्ड जीतने वाली शूटर ने पहले ही हासिल कर लिया था ओलिंपिक कोटा

फाइनल में पलक की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वहीं थाईलैंड की कामोनलाक साएंचा और हंगरी की मेजर वेरोनिका ने ओलिंपिक कोटा के लिए हो रही प्रतियोगिता में शुरुआत में ही अच्छी बढ़त बना ली। हालांकि, दबाव के बाद भी पलक ने वापसी करते हुए एलिमिनेशन स्टेज के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। वेरोनिका को पांचवें राउंड में हार का सामना करना पड़ा और उन्हें चौथे स्थान से संतुष्ट होना पड़ा।

12 साल बाद

रोहित ने लगाया शतक

फिर भी चेहरे पर उदासी, जश्न तक नहीं मना सके हिटमैन

आईपीएल में रोहित शर्मा के बल्ले से 12 साल बाद शतकीय पारी आई, लेकिन इसके बावजूद टीम को जीत नहीं मिल पाई। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में रोहित के शतक बाद भी मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना पाई।

मुंबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 29वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के धाकड़ खिलाड़ी रोहित शर्मा ने नाबाद 105 रनों की पारी खेली। आईपीएल में रोहित शर्मा के बल्ले से 12 साल बाद शतकीय पारी आई, लेकिन इसके बावजूद टीम को जीत नहीं मिल पाई। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 206 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में रोहित के शतक बाद भी मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना पाई। रोहित शर्मा आईपीएल के इतिहास में पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए जिन्होंने नाबाद शतक तो लगाया, लेकिन उनकी टीम मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई। रोहित अपनी शतकीय पारी में 63 गेंद में 105 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 11 चौके और 5 छक्के भी लगाए। रोहित के अलावा सीएसके के खिलाफ और कोई भी खिलाड़ी कमाल नहीं दिखा सके।

सीएसके के लिए पाथिराना ने गेंदबाजी में किया कमाल

सीएसके खिलाफ मैच में जब मुंबई की टीम 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थी तो रोहित शर्मा ने ईशान किशन के साथ मिलकर टीम को दमदार शुरुआत दिलाई, लेकिन ईशान किशन के आउट होने के साथ ही मुंबई की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई। खास तौर से तेज गेंदबाज मथिसा पाथीराना के खिलाफ तो मुंबई के बल्लेबाजों की हालत बहुत ही खराब हो गई। मैच में पाथिराना ने दमदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में सिर्फ 28 रन देकर चार विकेट हासिल किए। पाथिराना सीएसके के लिए आईपीएएल में चार विकेट झटकने वाले सबसे यंगेस्ट प्लेयर भी बने। पाथिराना ने यह कारनामा 21 साल 118 दिन की उम्र में किया।

17वें सीजन में मुंबई को मिली चौथी हार

हार्दिक पंड्या की कप्तानी में 17वें सीजन में खेल रही मुंबई इंडियंस को चौथी हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती तीन मैचों में मिली हार के बाद मुंबई ने दिल्ली और आरसीबी के खिलाफ जीत हासिल कर दमदार वापसी की थी, लेकिन एल क्लासिको मुकाबले में उसे एक बार फिर से हार का मुंह देखना पड़ा।

रोहित के शतक पर भारी पड़े माही के 20 रन...

माही के 3 छक्कों से थर्रा गया वानखेड़े

मुंबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर ली 2024 सीजन में रविवार (14 अप्रैल) चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच धांसू मैच खेला गया. इस मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी के 20 रनों से रोहित शर्मा का नाबाद शतक हार गया.

मैच में धोनी ने मैदान में उतरते ही तूफानी अंदाज में 3 करारे छक्के जड़े, जिससे पूरा वानखेड़े स्टेडियम थर्रा गया. धोनी ने 4 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए और यही रन मैच में जीत-हार का अंतर साबित हुए. चेन्नई ने 20 रनों से ही मुंबई को करारी शिकस्त दी. रोहित 63 गेंदों पर खेली नाबाद 105 रनों की शतकीय पारी

यह जीत इसलिए भी खास रही, क्योंकि मुकाबले में मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 63 गेंदों पर 105 रनों की शतकीय पारी खेलकर नाबाद रहे थे, लेकिन वो टीम को मैच नहीं जिता सके. रोहित दूसरे छोर पर खड़े होकर अपनी टीम को हारते हुए देखते रहे. दरअसल, यह कहानी शुरू होती है चेन्नई की पारी से. मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई टीम ने 19.2 ओवर में 186 रन बना दिए थे.

पारी की सिर्फ 4 गेंद बची थीं और धोनी नए बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर आए थे. यह आखिरी ओवर मुंबई टीम के कप्तान और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या कर रहे थे. धोनी के लगातार 3 छक्कों से थर्रा गया वानखेड़े स्टेडियम

धोनी ने मैदान में आते ही लगातार 3 छक्के जमा दिए और स्कोर 200 के पार पहुंचाया. फिर आखिरी बॉल पर धोनी ने 2 रन लिए. इस तरह माही ने अपनी पारी में 4 गेंदों पर 20 रन बनाए. यही मैच का असली जीत का अंतर साबित हुए, क्योंकि मुंबई ने भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन बना दिए थे. यदि धोनी के यह 20 रन नहीं आते तो मैच का नतीजा कुछ और हो सकता था, क्योंकि रोहित शतक लगाकार नाबाद ही मैदान से लौटे हैं.

मगर धोनी ने जब यह 3 छक्के लगाए, तब पूरा वानखेड़े स्टेडियम झूम उठा. फैन्स चाहे चेन्नई के हों या मुंबई के... लगभग सभी ने माही के तीन छक्कों का जमकर जश्न मनाया. धोनी के बाद पथिराना का जलवा... 4 विकेट लेकर मैच पलटा

मैच में चेन्नई ने 207 रनों का टारगेट सेट किया, जिसके जवाब में मुंबई की टीम 6 विकेट गंवाकर 186 रन ही बना सकी. 105 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले हिटमैन एक छोर पर खड़े रहे, लेकिन दूसरी ओर से कोई भी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सका. दूसरी ओर चेन्नई टीम के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने 4 विकेट लेकर पूरी बाजी ही पलट दी. पथिराना ने ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और रोमारियो शेफर्ड को अपना शिकार बनाया.

गायकवाड़ और शिवम ने जड़ी ताबड़तोड़ फिफ्टी

मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी. उन्होंने 8 रनों पर पहला विकेट गंवा दिया. ओपनिंग आए अजिंक्य रहाणे 5 रन बनाकर कैच आउट हुए. मगर उसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पारी को संभाला और 33 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. इसके बाद शिवम दुबे ने 28 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी. गायकवाड़ ने मैच में 40 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली. जबकि शिवम दुबे ने 38 गेंदों पर नाबाद 66 रन जड़ दिए. इसके बदौलत चेन्नई टीम ने 4 विकेट गंवाकर 206 रन बनाए. दूसरी ओर मुंबई टीम का कोई भी गेंदबाज कमाल नहीं दिखा सका. हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट लिए. जबकि तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी और स्पिनर श्रेयस गोपाल ने 1-1 विकेट अपने नाम किया.

व्यापार

अडानी के शेयर की बदौलत एलआईसी की चांदी, 61 हजार करोड़ से ज्यादा का हुआ मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह की कंपनियों में किए गए अपने निवेश वैल्यू में 59 प्रतिशत का लाभ दर्ज किया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से समूह के शेयरों के प्रभावित होने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अडानी समूह की सात कंपनियों में एलआईसी का कुल निवेश 31 मार्च, 2023 को 38,471 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 61,210 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 22,378 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले साल, हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अडानी के शेयरों में हेराफेरी के आरोपों के बाद बीमा कंपनी को भी समूह में निवेश करने के अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अडानी ने रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया था। राजनीतिक दबाव का सामना करते हुए, एलआईसी ने रणनीतिक रूप से समूह की दो प्रमुख कंपनियों - अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड और अडानी एंटरप्राइजेज - में अपना निवेश कम कर दिया था। इन दो कंपनियों के शेयरों में क्रमशः 83 प्रतिशत और 68.4 प्रतिशत की तेजी हुई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, निवेश घटाने के बावजूद एलआईसी को वित्त वर्ष 2023-24 में अडानी समूह में किए गए निवेश पर 59 प्रतिशत का लाभ हुआ।

बाजार में हाहाकार, लेकिन इस शेयर में तूफानी तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में हाहाकार है, लेकिन एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। एस्टर डीएम के शेयर सोमवार को 13 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 558.30 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने सोमवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयर शुक्रवार को 487.95 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में यह तेजी स्पेशल डिविडेंड के ऐलान की वजह से आई है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने निवेशकों को हर शेयर पर 118 रुपये का स्पेशल डिविडेंड देने का ऐलान किया है। 23 अप्रैल है स्पेशल डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने 118 रुपये स्पेशल डिविडेंड देने के लिए 23 अप्रैल 2024 की रिकॉर्ड डेट फिक्स की है। स्पेशल डिविडेंड अनाउंसमेंट की तारीख से 30 दिन के भीतर कंपनी इसका भुगतान निवेशकों को करेगी। एस्टर डीएम ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि कंपनी के बोर्ड ने जीसीसी बिजनेस की सेल और एफिनिटी होल्डिंग्स की तरफ से जारी रिडीमबल प्रेफरेंस शेयरों को भुनाने से मिली रकम के कारण प्रत्येक शेयर 118 रुपये का स्पेशल डिविडेंड मंजूर किया है। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयरों में पिछले एक साल में 120 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 17 अप्रैल 2023 को 250.10 रुपये पर थे। एस्टर डीएम हेल्थकेयर के शेयर 15 अप्रैल 2024 को 558.30 रुपये पर पहुंच गए हैं।

वहीं, पिछले 6 महीने में एस्टर डीएम के शेयरों में 65 पर्सेंट से अधिक का उछाल देखने को मिला है। इस अवधि में कंपनी के शेयर 336.20 रुपये से बढ़कर 558 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 558.30 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 238.90 रुपये है। कंपनी के शेयरों में पिछले एक महीने में 27 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।

पिता ने 500 रुपये कर्ज लेकर खोली थी मिठाई की दुकान, बेटे ने बना दी देश की सबसे बड़ी प्राइवेट यूनिवर्सिटी

नई दिल्ली, एजेंसी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी यह देश की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटीज में से एक है। इसमें देश-विदेश के करीब 35,000 बच्चे पढ़ते हैं। जालंधर में इस यूनिवर्सिटी का कैंपस 600 एकड़ में फैला है। त्रष्ट से मान्यता प्राप्त इस यूनिवर्सिटी में डिप्लोमा और ग्रेजुएशन से लेकर डॉक्टरेट तक 200 से ज्यादा कोर्स संचालित होते हैं। जब अशोक कुमार मित्तल ने इस यूनिवर्सिटी की शुरुआत की थी तो कुछ लोगों ने उनका मजाक उड़ाते हुए कहा था कि लड्डू बेचने वाले अब डिग्री बांटेंगे। आज इस विश्वविद्यालय की अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ब्राजील, चीन, स्पेन और पोलैंड की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज के साथ पार्टनरशिप है। इसे बेस्ट प्राइवेट यूनिवर्सिटी का अवॉर्ड भी मिल चुका है। अशोक कुमार मित्तल पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्य सभा के सदस्य भी हैं।

अशोक कुमार मित्तल के के पिता बलदेव राज मित्तल ने साल 1961 में अपने एक दोस्त से 500 रुपये कर्ज लेकर जालंधर में लवली स्वीट्स नाम से मिठाई की एक दुकान खोली। उस समय पंजाब में मोटी बूंदी वाली लड्डू का प्रचलन था। बलदेव राज ने मोतीचूर के लड्डू बनाए और यह हिट हो गया। अशोक मित्तल के मुताबिक उनकी दुकान की पहचान यह थी कि वहां साफ-सुथरी और ढकी हुई मिठाइयां मिलती थी। उनकी दुकान की लोकप्रियता बढ़ने लगी और साल 1969 आते-आते उन्होंने शहर में तीन दुकानें खोल

लीं। आज जालंधर और उसके आसपास के इलाकों में मित्तल परिवार के दस से ज्यादा स्वीट स्टोर हैं। साथ ही परिवार ने बेकरी का काम भी शुरू किया है।

मित्तल की शुरुआत

अशोक मित्तल ने अमृतसर की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी से लॉ में ग्रेजुएशन करने के बाद ने अपने फैमिली बिजनस को जॉइन किया। पिता से बिजनस के गुर सीखे। सबसे बड़ी सीख यही थी कि डर के आगे जीत है। यानी किसी भी बिजनस में उतरो तो उसमें डूब जाओ। अशोक मित्तल ने जब साल 1991 में बजाज स्कूटर की डीलरशिप के लिए अप्लाई किया तो बजाज ने उनकी एप्लिकेशन खारिज कर दी थी। बजाज का कहना था कि उनकी हालत इतनी भी खराब नहीं हुई है कि लड्डू बेचने वालों को अपनी डीलरशिप दें। लेकिन जब बजाज वाले जालंधर आए और उन्हें मित्तल की कारोबारी क्षमता का पता चला तो उन्होंने डीलरशिप दे दी।

इसके बाद परिवार को 1996 में मारुति की डीलरशिप भी मिली। आज जालंधर और उसके आसपास लवली ऑटो के 25 से ज्यादा स्टोर हैं। इसके बाद आई लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी का नंबर। बिजनस चल निकलने के बाद परिवार ने समाज की बेहतरी का लक्ष्य लेकर इस यूनिवर्सिटी की स्थापना की। उस समय पंजाब में कोई प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी नहीं थी। साल 1999 में उन्होंने अपना संस्थान खोला और इसे नाम दिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज। इसे पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी से रजिस्टर्ड कराया गया।

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी

मित्तल ने 2003 में यूनिवर्सिटी का दर्जा पाने के लिए पंजाब सरकार के पास अप्लाई किया और 2005 में इसे यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल गया। इसे नाम दिया गया लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी। यूनिवर्सिटी ने 2006 में पहला सेशन शुरू हुआ। अभी इसमें दुनिया के 50 से अधिक देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। इसमें कुल करीब 35 हजार छात्र हैं। यूनिवर्सिटी का कैंपस 600 एकड़ के इलाके में फैला है और इसमें 3,500 से ज्यादा एकेडमिक स्टाफ है।

एपल से छिनी बादशाहत, सेमसंग बनी मोबाइल शिपमेंट में दुनिया की नंबर वन

नई दिल्ली, एजेंसी। दिग्गज टेक कंपनी एपल से दुनिया नंबर वन मोबइल कंपनी होने का ताज छिन गया है। 2024 की पहली तिमाही में एपल के स्मार्टफोन शिपमेंट में 10 प्रतिशत की गिरावट हुई है। रिसर्च फर्म आईडीसी की रिपोर्ट में जानकारी दी गई। आईडीसी की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच वैश्विक स्तर पर मोबाइल का शिपमेंट 7.8 प्रतिशत बढ़कर 28.9 करोड़ हो गया है। वहीं, कोरियाई कंपनी सैमसंग का मार्केट शेयर इसमें 20.8 प्रतिशत का रहा है, जो कि एपल से ज्यादा है।

आईफोन की बिक्री में गिरावट आई

एपल के आईफोन की बिक्री में दिसंबर तिमाही के जोरदार प्रदर्शन के बाद गिरावट देखने को मिली है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सैमसंग को पछाड़ कर एपल दुनिया की नंबर वन मोबाइल कंपनी बन गई थी लेकिन बीती तिमाही में कंपनी 17.3 प्रतिशत के मार्केट शेयर के बाद दोबारा से दूसरे नंबर पर आ गई है।

तीसरे नंबर पर चीनी कंपनी

चीनी मोबाइल ब्रांड शाओमी 2024 की पहली तिमाही में 14.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर कायम है। वहीं, अन्य चीनी ब्रांड हुआवेई जैसे चीनी ब्रांडों के मार्केट शेयर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है सैमसंग की ओर से साल की शुरुआत में अपना नवीनतम फ्लैगशिप स्मार्टफोन लाइनअप - गैलेक्सी एस 24 सीरीज को लॉन्च किया था। इस अवधि के दौरान 60 मिलियन से अधिक फोन शिप किए हैं। डस बीच एप्पल ने 50.1 मिलियन आईफोन की शिपिंग की, जो पिछले साल की समान अवधि की 55.4 मिलियन यूनिट से कम है।

शादी या किसी भी पारंपरिक त्योहारों की बात हो या जाना हो किसी पार्टी में, मेहँदी के बिना मेकअप पूरा नहीं होता। सोलह श्रृंगार में प्रतिष्ठित मेहँदी की रंगत भी समय के साथ काफी बदली है। अब तो मेहँदी लगाने से लेकर उसे तैयार करने के तरीके में खासा बदलाव आ गया है। बदलाव की इस दौड़ में ग्लिटर और टैटू भी मेहँदी की लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

मेहँदी है रचने वाली



हाथों में गहरी लाली

मेहँदी परंपरा से अधिक अब फैशन बन गई है और जरूरत, रचाने के लिए मेहँदी उपलब्ध समय, समारोह के प्रकार के हिसाब से अलग- अलग रूपों में लगाई जाने लगी है। मेहँदी के क्षेत्र में हुए सारे परिवर्तन आज की महिलाओं ने न सिर्फ अपना लिए हैं बल्कि अब ये सब फैशन के अंग हो गए हैं।

ग्लिटर मेहँदी का ग्लो

फैशनेबल मेहँदी के रूप में ग्लिटर मशहूर है। यूँ ग्लिटर मेहँदी में मेहँदी का कोई उपयोग नहीं होता। यह शुद्धरूप से केमिकल से बनी होती है, पर तुरन्त लग जाने और ग्लो करने के साथ ही यह हर कलर में उपलब्ध होती है। इसलिए मैचिंग के दीवाने इसका खूब उपयोग करते हैं। जिस कलर की ड्रेस पहनी हो उसी कलर की मेहँदी भी लगानी हो तो ग्लिटर मेहँदी सबसे अधिक उपयुक्त होती है। अब इसके साथ स्टोन का भी चलन है। ग्लिटर के साथ ही मैचिंग स्टोन या कंट्रास्ट स्टोन लगाकर मेहँदी को आकर्षक बनाया जाता है।

टैटू मेहँदी, झटपट मेहँदी

यूँ टैटू मेहँदी से काफी अलग है पर इसने मेहँदी का स्थान ले लिया है। इसे झटपट मेहँदी भी कहते हैं। मेहँदी के रूप में प्रयुक्त टैटू मेहँदी वाली डिजाइन में मिलने लगे हैं। बस पाँच मिनट में तैयार इस मेहँदी का प्रयोग हाथों से अधिक पेट, कमर, गले और बाजू में किया जाता है। टैटू पारंपरिक और अरेबियन दोनों प्रकार के डिजाइनों में उपलब्ध होते हैं। पेड़ से पत्ते तोड़कर सिल पर पीसने और हाथों में रचाने का सिलसिला तो पुराना हो ही चुका है अब तो पैक मेहँदी पाउडर की जगह तैयार कोन भी मिलने लगी हैं। बस कोन खरीदें और लगाना शुरू करें।

पारंपरिक का जलवा

वैसे तो फैशन के हिसाब से मेहँदी की डिजाइनों में काफी बदलाव आया है। जब बात त्योहारों और शादियों की हो तो पारंपरिक डिजाइन ही पसंद किए जाते हैं। शादियों में दुल्हन अभी भी पारंपरिक मेहँदी ही प्रयोग में लाती हैं। पारंपरिक मेहँदी भरावट वाली होती है और इससे हाथ या पैर पूरे भरे-भरे दिखते हैं।

रचने के बाद भरावट वाला हिस्सा अधिक सुन्दर दिखता है। इस डिजाइन में आजकल सजावट के लिए ऊपर से ग्लिटर या स्टोन का भी उपयोग होता है, पर बेस-मेहँदी डिजाइन में पारंपरिक डिजाइनें होती हैं।

राजस्थानी का राज

राजस्थानी शैली की मेहँदी एक प्रकार से पारंपरिक मेहँदी डिजाइनों का ही एक भाग है। इसके कुछ प्रतीक काफी लोकप्रिय हैं जो कि अन्य डिजाइनों के साथ भी मर्ज करके रचाए जाते हैं। इन प्रतीकों में मोर सबसे अधिक प्रचलित है। इसके अलावा नगाड़े, ढोल, दुल्हन, दूल्हा, तुरही, कलश आदि प्रतीकों के कारण राजस्थानी मेहँदी लोगों की पसंद में शामिल है।

अरेबियन का आकर्षण

कॉलेज गोइंग गर्ल्स और टीनएजर्स के बीच लोकप्रिय इस डिजाइन ने फैशन को बदलने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई है। एक ओर जहाँ पारंपरिक और राजस्थानी डिजाइनें शादी और पारंपरिक समारोहों के लिए आरक्षित सी हैं वहीं अरेबियन डिजाइन युवाओं की पहली पसंद में शामिल है। इस डिजाइन की खासियत यह है कि इसे भरे-भरे रूप में और पूरे हाथ में एक सा नहीं लगाया जाता। बल्कि डिजाइन को आकर्षक मोड़ देकर एक पतली लकीर के रूप में डिजाइन बनाई जाती है।

चलो घर सजाएं

- शकर के डिब्बे को चीटियों व मक्खियों से बचाने के लिए उसके पास एक पुड़िया में कपूर रख दें।
- हीटर ,केटली ,टोस्टर आदि विद्युत उपकरणों पर काम करते समय ध्यान रखें कि आपके हाथ सूखे हों और पैर में रबर की चप्पल पहने हों।लक ड़ी के तख्ते पर खड़े होकर काम करने से भी करंट से बचा जा सकता है।
- खाना बनाते समय दाल -चावल को धोकर कुछ देर पहले से ही भिगो दें ऐसा करने से वह जल्दी व अच्छी तरह पक जाएँगे इससे गैस की भी बचत होती है।
- कच्ची सब्जियाँ यदि मुरझाई व बासी लग रही हों तो इन्हें नींबू के रस मिले पानी में एक घंटे के लिए डाल दें वे फिर ताजी लगने लगेगी।
- महँगी क्रॉकरी अगर एक जगह से दूसरे शहर ले जानी हो तो उसे भिगोकर बिना पोंछे ही अखबार में लपेट लें।इ ससे कागज क्रॉकरी पर चिपक जाएगा और ले जाते समय सुरक्षित रहेगी।
- कोई भी भरवां सब्जी बनाते समय मसाले में थोड़ा सा भुना मूंगफली का चूर्ण डाल देने से सब्जी का स्वाद बढ़ जाएगा।
- पिसे हुए मसालों को अधिक दिन तक सुरक्षित रखने के लिए उसमें साबुत नमक की डलियाँ डाल दीजिए।
- तकिए में रुई भरवाते समय उसमें दो-तीन टिकिया कपूर डाल दें गर्मियों में यह तकिया ठंडकर का अहसास कराएगा।



कोई भी युवती जब दुल्हन बनती है तो स्वयं को एक खूबसूरत से लहँगे में ही देखना चाहती है।इसके लिए उसकी तलाश होती है सबसे सुंदर व अनूठे लहँगे की लेकिन वे काफी मँहगे भी होते हैं। इन्हें खरीदना हर किसी के बस की बात नहीं ऐसे में कई बार मन मसोस कर रह जाना पड़ता था लेकिन अब उनकी यह परेशानी हल कर दी है किराए पर मिलने वाले लँहगों ने।

किराए के लहँगों से दुल्हन का श्रृंगार

इन दिनों मार्केट में एक से बढ़कर एक लहँगे और इनसे मैच करती ज्वेलरी किराए पर उपलब्ध है जिन्हें पहनकर दुल्हनें किसी अप्सरा से कम नहीं लगती और उन्हें ज्यादा राशि भी खर्च नहीं करनी पड़ती।आम तौर पर मध्यमवर्गीय परिवारों में शादी के अन्य खर्चे ही इतने अधिक होते हैं और इतनी भारी ड्रेस व ज्वेलरी बार -बार पहनने में नहीं आती है इसलिए किराए पर लहँगा मिल जाने से एक बड़ी रकम इसमें खर्च होने से बच जाती है।

बढ़ा है किराए पर लेने का चलन

महँगे कपड़े व ज्वेलरी किराए पर लेने का चलन इन दिनों बहुत बढ़ गया है क्योंकि टी.वी.सीरियलों में दिखाए जाने वाले दुल्हनों के महँगे ड्रेस पहनना तो हर कोई चाहता है लेकिन खरीदना हर एक के बजट में नहीं हैं ऐसे में किराए पर इन्हें लेकर आसानी से यह इच्छा पूरी की जा सकती है। यही नहीं दुल्हन की बहनें ,भाभियाँ व अन्य रिश्तेदार भी किराए पर ड्रेस लेकर शादी के समारोह में आकर्षण का केंद्र बन सकती हैं।

हर वर्ग व बजट का ध्यान

मार्केट में हर वर्ग की पसंद व बजट के अनुसार किराए पर लहँगे व ज्वेलरी उपलब्ध है। लाइट व हैवी वर्क वाले 5हजार से लेकर 30हजार कीमत तक के लहँगे हैं जिन्हें 500से लेकर 4हजार रुपए तक में एक दिन के लिए किराए पर दिया जाता है। वहीं ज्वेलरी 200से 500रूपए में दी जाती हैं। इनमें कुंदन ,रानी हार ,पोलकी व स्टोन वाली ज्वेलरी अधिक पसंद की जा रही है। इन दिनों ए लाइन व फिश कट में ग्रीन, महरून,मल्टी कलर व रानी कलर के लहँगों की डिमांड ज्यादा है इन्हें 2से 4 हजार रुपए में किराए पर लिया जा सकता है। कुंदन,जरी,दबका,स्टोन व एटींक वर्क से सजे दस से 40हजार तक की कीमत वाले ये लहँगे कलकत्ता व फरूखाबाद से मँगवाए जाते हैं। वहीं इन दिनों पोलकी,जोधा अकबर व स्टोन वाली ज्वेलरी की माँग ज्यादा है। शादी तय होते ही युवतियाँ इनकी बुकिंग करा देती हैं। गौरतलब है कि करीब दो दशक पहले पार्लर में महंगी ड्रेस किराए से देने का चलन तेजी से बढ़ा था। अब तो मेट्रो सिटी में दुल्हन की मांग और पसंद के अनुसार डिजाइनर लहंगे और आभूषण भी तैयार करवाए जाने लगे हैं। इतना जरूर है कि इस विशेष इंतजाम के लिए कुछ ज्यादा खर्च करना पड़ता है।

कमल हासन की ठग लाइफ में दुलकर सलमान की जगह अभिनेता सिम्बु के नाम पर अटकलें

विक्रम की सफलता के बाद फैंस को कमल हासन की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। अभिनेता के पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनमें वे अदाकारी का जादू दिखाते नजर आने वाले हैं। इंडियन 2 और कल्कि 2898 एडी के अलावा उनके पास ठग लाइफ नाम की भी फिल्म है। हाल ही में इस फिल्म का एक पोस्टर जारी किया गया था, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई थी। फिल्म के निर्देशन की कमान मणिरत्नम के हाथों में है, जिसकी वजह से दर्शकों को उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। तीन दशकों के बाद इस फिल्म के जरिए कमल हासन और मणिरत्नम एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी, लेकिन तब से किसी न किसी वजह से फिल्म की शूटिंग में रुकावट आ रही है।

फिलहाल, कमल हासन की राजनीतिक प्रतिबद्धताओं की वजह से प्रोडक्शन के काम में देरी हो रही है। इसी वजह से दुलकर सलमान और जयम रवि पहले ही फिल्म से खुद को अलग कर चुके हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बड़े बजट की फिल्म में दुलकर सलमान की जगह लेने के लिए अभिनेता सिम्बु पूरी तरह से तैयार हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने लुक टेस्ट पूरा कर लिया है और बहुत जल्द वे सेट पर अन्य कलाकारों के साथ फिल्म की शूटिंग के लिए शामिल होने वाले हैं। इसको लेकर जल्द ही निर्माताओं की ओर से एक आधिकारिक एलान भी किया जा सकता है। ठग लाइफ का निर्माण राज कमल इंटरनेशनल फिल्म्स और मद्रास टॉकीज के बैनर तले कमल हासन, मणिरत्नम, आर. महेंद्रन और शिव अनंत कर रहे हैं। उदयनिधि स्टालिन इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता हैं। फिल्म में एआर रहमान का संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। ठग लाइफ में तृषा कृष्णन जोजू जॉर्ज और गौतम कार्तिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

प्राची देसाई कैसे चुनती हैं किरदार

करियर की शुरुआत में मना किए कई मुश्किल रोल

बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई और मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दर्शकों का इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, दोनों सितारे इन दिनों फिल्म के प्रचार में जुटे हुए हैं। इस फिल्म का प्रीमियर 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म की रिलीज से पहले प्राची और मनोज ने अमर उजाला के खास कार्यक्रम शुक्ल पक्ष में बातचीत की। इस दौरान प्राची ने अपने किरदार के चुनाव को लेकर बात की।

प्राची देसाई ने साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट में इंस्पेक्टर संजना का किरदार निभाया है। फिल्म में मनोज और प्राची का कोई लव एंगल नहीं दिखाया गया है। उन्होंने फिल्म में मजबूत महिला का किरदार निभाया है। प्राची ने इसपर बात करते हुए बताया कि बचपन से मैंने अपनी मां और दादी को देखा है, वो एक टीचर थीं, शायद उसी का एक रिफ्लेक्शन है, जो मैं ये किरदार चुन पा रही हूं। मुझे लगता है कि किरदार अगर थोड़ा अलग हो, तो मुझे अट्रैक्ट करता है, यही संजना के रोल के साथ हुआ।

ऑडियन्स बनाए रखने के लिए पंचलाइन कितनी जरूरी

फिल्म के पहले पार्ट में प्राची के कई जबर्दस्त सीन हैं। इस दौरान उनकी कुछ पंचलाइन भी हैं। सस्पेंस थ्रिलर फिल्म के बीच में लाइट मोमेंट लाने होते हैं। इन डायलॉग को बोलने में काफी प्रॉब्लम होती है। इसपर अभिनेत्री ने कहा कि एक्सपीरियंस कहता है, हमने बड़े होते हुए जो फिल्में देखीं, उनकी कुछ-कुछ लाइनें हमेशा याद रहती हैं, जैसे अंदाज अपना-अपना हो या बहुत सी ऐसी फिल्में हैं। दिल चाहता है की कितनी सारी लाइनें हैं। वो मेरी एक फेवरेट फिल्म थी, तो ऑडियन्स को कनेक्ट करने के लिए ये बहुत जरूरी होती हैं। मेरे लिए जो इस फिल्म के किरदार हैं, वो मुझे आज भी याद हैं। उसका क्रेडिट उतना ही राइटर्स को जाता है। उन्हीं की वजह से ऑडियन्स के साथ कनेक्शन बन जाता है और वो कभी-कभी बस एक लाइन से होता है।

कैसी होती है इंस्पेक्टर की रियल लाइफ

साइलेंस में हम इन्वेस्टिगेशन कर रहे थे। मगर एक सीन में उन्होंने हमें पर्सनल स्पेस में देखा कि ये हमेशा पुलिस स्टेशन में अटेंशन में थोड़े ही नहीं खड़े होते हैं, तो इनकी लाइफ में क्या होता है और इनका इक्वेशन क्या होता है। तो इन्वेस्टिगेशन कितना ही गंभीर हो, लेकिन रियल लाइफ में ही ऐसा ही होता है, जो इंसान मजाकिया है, जैसे साहिल हैं, वो रियल लाइफ में भी ऐसे ही हैं, जैसे सीन में हैं। वो कई बार मनोज सर को हंसा देते थे।

करियर की शुरुआत में मना किए चुनौतीपूर्ण किरदार

टीवी शो कसम से की बानी के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वालीं प्राची देसाई ने अपने करियर में कई अलग-अलग किरदार निभाए हैं। उन्होंने बताया, करियर के बहुत शुरुआत में शायद कुछ रोल थे, जो मैं आईडेंटिफाई नहीं कर पाई थी कि कितना अच्छा होता, अगर ये रोल किया होता। मगर वो मैच्योरिटी और एक्सपीरियंस की भी बात है, तो तब ऐसा हुआ था। उसके बाद जैसे समझ आई तो कोशिश बस यही था कि खुद को इंटरेस्टिड कैसे रहें और ऑडियन्स को भी इंटरेस्टिड कैसे रखें। क्योंकि उस दौर में बात यही थी कि अगर आपको एक रोल में किसी ने पसंद किया था, तो वहीं ऑफर्स आपको आते थे।

जान्हवी कपूर की उलझ की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा!

अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने साउथ डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। इसके साथ ही वे राम चरण के साथ आरसी 16 की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेत्री की नई बॉलीवुड फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आ चुका है। जान्हवी बॉलीवुड फिल्म उलझ में आईएफएस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग 11 सितंबर, 2023 को खत्म हो चुकी है। बहुप्रतीक्षित राजनीतिक थ्रिलर उलझ के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। वहीं अब फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जंगली पिक्चर्स के बैनर तले उलझ के निर्माता 5 जुलाई, 2024 को फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म के निर्माण से जुड़े एक अंदरूनी सूत्र ने का दावा है कि पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के करीब है। जंगली पिक्चर्स की टीम 5 जुलाई, 2024 को अपनी राजनीतिक थ्रिलर लाने का लक्ष्य बना रही है और आधिकारिक घोषणा नजदीक है। फिल्म की टीम भी इसकी रिलीज के लिए काफी उत्सुक है, क्योंकि वे भारतीय सिनेमा के दर्शकों के लिए एक नई शैली पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उलझ के अलावा जान्हवी कपूर की अगले तीन महीनों में एक और फिल्म रिलीज होगी, वह है शरण शर्मा द्वारा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही। रिपोर्ट्स के अनुसार, मिस्टर एंड मिसेज माही की तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। वहीं, सुधांशु सरिया के निर्देशन में बनी उलझ के कलाकारों की बात करें तो फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, आदिल हुसैन, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए जान्हवी ने कहा था कि मैंने इस अनुभव के माध्यम से बहुत कुछ सीखा है, मैं हर दिन उठती हूं और फिल्म में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को, हर चीज के लिए अपना दिल और आत्मा देते हुए देखकर बहुत प्रेरित महसूस करती हूं।

फिल्म चिट्टा के आलोचकों पर सिद्धार्थ का कटाक्ष

साउथ सिनेमा के चर्चित सितारे सिद्धार्थ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अभिनेता ने अपनी 2023 की फिल्म चिट्टा के बारे में बात करते हुए रणबीर कपूर की एनिमल पर कटाक्ष किया है। हालांकि, उन्होंने फिल्म का नाम नहीं लिया लेकिन उन्होंने इसके तमिल संस्करण मिरुगम का इस्तेमाल किया। अभिनेता ने इसके जरिए उन लोगों की आलोचना की जिन्हें उनकी फिल्म चिट्टा परेशान करने वाली लगी। अनजान लोगों के लिए, फिल्म चिट्टा ने बाल शोषण पर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। सिद्धार्थ, जो गंभीर मुद्दों पर अपनी निर्भीक और ईमानदार राय के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने रणबीर कपूर की एनिमल और उन लोगों पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया, जिन्हें चिट्टा परेशान करने वाली लगी। एक कार्यक्रम में अभिनेता ने कहा, किसी भी महिला ने मुझसे या अरुण (चिट्टा के निर्देशक) से कभी संपर्क नहीं किया और हमें नहीं बताया कि वे फिल्म नहीं देख सकते या यह परेशान करने वाली है। सिद्धार्थ ने अपनी बात में आगे जोड़ा, हालांकि, कई पुरुषों ने हमारे सामने यह स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि वे इस तरह की फिल्में नहीं देखेंगे। लेकिन, वे मिरुगम (अंग्रेजी में अर्थ एनिमल) नामक फिल्म देख सकते हैं, लेकिन मेरी फिल्म उनके लिए बहुत परेशान करने वाली थी। यह अशांति नहीं, शर्म और अपराधबोध है। यह ठीक है, यह जल्द ही बदल जाएगा। सितंबर 2023 में, चिट्टा की रिलीज के लगभग एक सप्ताह बाद चिन्ना नामक तेलुगु संस्करण रिलीज होने के लिए तैयार था। एक सम्मेलन में सिद्धार्थ ने कहा कि तमिलनाडु और केरल के शीर्ष वितरकों, रेड जाइंट मूवीज और श्री गोकुलम सिनेमाज ने इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म बताया।

बॉलीवुड में विश्वसनीयता को फिर से परिभाषित कर रहे हैं राजकुमार राव

ऐसे उद्योग में जहां प्रतिभा अक्सर ग्लैमर के आगे पीछे रह जाती है, अभिनेता राजकुमार राव विश्वसनीयता के प्रतीक बनकर उभरे हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में एक बहुमुखी अभिनेता होने का मतलब फिर से परिभाषित किया है। अपने नाम के साथ समीक्षकों द्वारा प्रशंसित प्रदर्शनों की एक सीरीज के साथ राव ने, विभिन्न शैलियों और पात्रों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, अपने लिए एक जगह बनाई है। काई पो चे! में उनकी ब्रेकआउट भूमिका से लेकर शाहिद, न्यूटन और ट्रैप्ड जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के दम पर, राव ने लगातार ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसे न केवल आलोचकों ने सराहा है, बल्कि दर्शकों ने भी पसंद किया है, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे विश्वसनीय और दमदार कलाकार बन गए हैं।

सोहा अली खान ने मेरे मकान को घर बनाया है

बॉलीवुड एक्टर और डायरेक्टर कुणाल खेमू अपनी मूवी मडगांव एक्सप्रेस को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने खास बातचीत में पत्नी, परिवार और कामकाज के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें सोहा अली खान सपोर्ट करती रहती हैं। कलयुग से हीरो बनने वाले कुणाल ने ट्रैफिक सिग्नल, गोलमाल 3, गो गोवा गॉन, कलंक, कंजूस मक्खीचूस जैसी कई फिल्मों में काम किया है। मगर इन दिनों वे चर्चा में अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू मडगांव एक्सप्रेस से।

आपकी पत्नी सोहा भी फिल्म इंडस्ट्री से हैं, तो उनका कितना सपोर्ट रहा और आपकी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर उनकी क्या प्रतिक्रिया रही?

आम तौर पर वे हमेशा बहुत सपोर्टिव रहती हैं। इस बार भी बहुत प्यार और सहयोग मिला, मगर कई बार आपको ऐसा भी लगता है कि घरवाले आपका दिल रखने के लिए तारीफ कर रहे हैं। इस बार जब-जब मैंने इस फिल्म की स्क्रीनिंग की, वो बाकायदा पूरी फिल्म देखती थीं। मैं उनसे कहता भी था कि पूरी फिल्म देखने की जरूरत नहीं है, मगर उन्होंने जेन्युनिन्ली फिल्म के मजे लिए। उन्हें फिल्म पसंद आई। उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें रिपीट वैल्यू में भी मजा आ रहा है। मेरे घरवाले भी फिल्म को दो-तीन बार देख चुके हैं, तो इस बार फिल्म को लेकर ऑडियंस और फैमिली की प्रतिक्रिया एक जैसी है।

सोहा आपको किस तरह से परिपूर्ण करती हैं?

मैं यही कहूंगा कि जिंदगी अगर मकान है, तो उसे घर सोहा ने बनाया है। मुझे लगता है, यही आपके प्यार की पार्टनरशिप होती है। जब आप सिंगल होते हैं, आपकी जिंदगी अलग होती है, मगर जब आप शादी करते हैं, तो वो यूनिट तभी काम करती हैं, जब आप एक-दूसरे से फिजिकली, मेंटली और इमोशनली सुकून पाते हैं और सोहा इन सभी पहलुओं पर खरी उतरती हैं। वो मेरे समझदार होने की वजह भी हैं।

अभिनय के बाद आप मडगांव एक्सप्रेस में लेखक-निर्देशक के रूप में आए हैं। फिल्म करते हुए आपकी सोच क्या थी?

मैंने जब ये फिल्म लिखी, तो किसी ने मुझे कहा नहीं था। मैंने अपने मन से लिखी थी। मैंने स्क्रिप्ट लिख कर सोहा और एकाध दोस्त को ही सुनाई थी। बाकी किसी को पता भी नहीं था। बस मेरे पास समय था और मैं कहानी लिखता चला गया। मुझे इसे लिखने में मजा आ रहा था। हंसी आ रही थी। मगर इसे लिखने के बाद कई सालों तक मैंने किसी को बताया नहीं, क्योंकि मुझे शर्म आ रही थी कि पता नहीं लोग क्या सोचेंगे। अंततः निर्माताओं तक ये बात पहुंची और उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे फिल्म डायरेक्ट करनी चाहिए। तब मुझे लगा कि मुझे ये मौका झपट लेना चाहिए, क्योंकि मुझसे किसी को कोई उम्मीद नहीं है और मैं नहीं जानता कि फिल्म कितना मनोरंजन कर पाएगी? मुझे लगा बल्ला हाथ लगा है और मुझे बैटिंग करनी चाहिए। मैंने रिलीज से पहले ही कहा था कि ताली मिले, तो वो भी मेरी और गाली मिले तो वो भी सिर आंखों पर। अब मुझे खुशी है कि लोगों को फिल्म पसंद आई और मुझे ताली मिली।

अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू के लिए बड़े स्टार्स के बजाय प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी जैसे कलाकारों की कास्टिंग आपके लिए रिस्की नहीं था?

रिस्की तो सब कुछ था। मेरा स्क्रिप्ट लिखना, डायरेक्टर बनना। मगर हम जिन बड़े स्टार्स की बात करते हैं, तो वे किसी फिल्म से ही बड़े स्टार्स बने हैं। वो पैदाइशी स्टार्स तो नहीं थे। नए टैलेंट्स को मौका नहीं देंगे, तो स्टार्स कैसे बनेंगे? फिर मेरे लिए जरूरी था कि मैं ऐसे कलाकारों को लूं, जो इन किरदारों के साथ जस्टिफाई कर सकें, जो टैलेंटेड हैं और अपनी फ्रेश एनर्जी के साथ आए हैं। आज स्टार्स की परिभाषा भी बदलती जाती है। कई तरह के स्टार्स हैं, सुपर स्टार, मेगा स्टार, ब्लॉकबस्टर स्टार आदि, जो मेरी समझ से परे है। मैं तो यही कामना करता हूं कि इन कलाकारों को प्यार मिले और आगे चलकर ये उस तथाकथित स्टार की परिभाषा में फिट बैठ सकें। वरना मेरे लिए तो ये तीनों ही स्टार हैं।

फिल्म सोशल मीडिया के प्रेशर की बात भी करती है, आप सोशल मीडिया के बारे में क्या सोचते हैं?

सोशल मीडिया एक ड्रग की तरह है। आप इसे दवा की तरह भी देख सकते हैं और नशे की तरह भी। मैं ये नहीं कहता कि आपको सोशल मीडिया से दूर चले जाना चाहिए। बस आपको ध्यान रखना है कि आपको इसकी लत न लगे। आपको इसकी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी, क्योंकि अगर आप लॉग आउट नहीं होते, तो वो एक एडिक्शन है, जिसकी दलदल में आप फंसते चले जाते हैं। हम तो फिर भी खुशकिस्मत हैं कि हमने सोशल मीडिया के पहले का दौर भी देखा है, मगर आज की जनरेशन तो इसी में पैदा हुई है, तो हमें उन्हें बताना होगा कि उनका सेल्फ एस्टीम इस ऐप या सोशल मीडिया का मोहताज नहीं है। इस ड्रग को कैसे हैंडल करना पड़ेगा, ये समझने वाली बात है, क्योंकि ये कहीं नहीं जाने वाला, तो सोशल मीडिया को सोशल भेड़िया बनने से रोकना होगा।